जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Indian Music Experience Museum Music First Hand...

Indian Music Experience Museum; the word 'experience' has a special meaning.

Battery-free Pacemakers

Breakfast Recipes For Brain Health

For long-term healthy cognitive functioning of Brain



*वैज्ञानिकों ने अंततः "एलियन गोल्ड फिश" नाम के विचित्र समुद्री जीव के रहस्य से पर्दा उठा दिया है। कई दशकों से वैज्ञानिक इसे लेकर अचंभित हैं, जिसके ना तो रीढ़ की हड्डी है ना ही गुदा, ना आँखें और ना ही शैल। टायफ्लोसस वैलसी नामक यह जीव जब से दिखाई दिया है तब से वैज्ञानिक उद्विकास व्यवस्था में इसके संबंधी ढूंढ रहे हैं। बायॉलजी लैटर्स में छपे एक नए शोध के अनुसार, रॉयल ओन्टारियो म्यूज़ियम के क्यूरेटर जीन-बर्नार्ड कैरॉन को इस जीव की आंतों में दांतों जैसी एक संरचना मिली है, जिससे लगता है कि यह जीव मॉलस्क (शैल वाले जीव, जैसे घोंघा, सीप आदि) वर्ग का हो सकता है। आधुनिक मॉलस्क जीवों की आंतों में भी ऐसी ही दांत युक्त संरचना मिलती है जिसे "रैडुला" कहते हैं और जिसका इस्तेमाल ये जीव खाने के लिए करते हैं। कैरॉन और उनके सहयोगी मॉरिस को इस जीव के स्पैसिमैन्स का अध्ययन करते समय उक्त संरचना नज़र आई, जो करीब 4 मिलीमीटर लंबी है तथा जिसमें 20 तिकोने दांतों की दो पंक्तियाँ हैं। पूर्व में इस संरचना को टिशू मसल समझ लिया गया था क्योंकि यह जीव की आंतों में थी। शोधकर्ताओं ने कहा, हो सकता है कि, एलियन गोल्ड फिश अपनी दांत युक्त जीभ बाहर निकाल कर शिकार पकड़ती है, गिरगिट की तरह। टायफ्लोसस वैल्सी तकरीबन 330 मिलियन वर्ष पुराना जीव है। इसके अवशेष मोन्टाना में 1960 के दशक में मिले और 1973 में इन्हें वर्णित किया गया। पूर्व में शोधकर्ताओं ने, कुछ एलियन गोल्ड फिश जीवाश्मों में नन्हें-नन्हें दांतों की पहचान की थी। इसकी वजह से उन्हें लगा कि यह कोनेडॉन्ट नाम की विलुप्त ईल जैसी कोई मछली है। पर बारीकी से देखने पर यह थ्योरी गलत साबित हुई क्योंकि पता चला कि टायफ्लोसस वैलसी ने जो अंतिम भोजन किया था, ये उसके अवशेष थे। अब इस जीव के "रैडुला" से एक नया व निर्णायक सुराग मिला है। अमेरिकन म्यूज़ियम ऑफ नैचुरल हिस्ट्री के क्रिस्ट्रोफर वालैन का कहना है, "जैसे वर्टिब्रेट्स (कशेरूकी) जीवों के रीढ़ की हड्डी होती है वैसे ही मॉलस्क वर्ग के सभी जीवों में रैडुला होता है।" लेकिन युनिवर्सिटी ऑफ लैस्टर के मार्क पर्नेल ने कहा कि, यह जीव मॉलस्क वर्ग का है या नहीं, यह तय करने के लिए और रिसर्च की जरूरत है।*

# राहुल गांधी का राजनीतिक व्यक्तित्व भी प्रखर हो रहा है, "भारत जोड़ो यात्रा" से

## यह भी सच है कि, मुख्यधारा के मीडिया संस्थानों द्वारा यात्रा की अनदेखी के बावजूद यात्रा को अच्छा जन समर्थन मिल रहा है

- साधारण जनता से उनके बातचीत करने के सरल तरीके से उनके लिये सद्भावना बढ़ी है। तथा, शरद पवार व आदित्य ठाकरे के यात्रा में भाग लेने की खबरों से नई ताज़गी आयी है यात्रा में।
- इन नेताओं के जुड़ने से यह मैसेज भी गया है कि, महाराष्ट्र अगाड़ी गठबंधन के घटक, महाराष्ट्र की राजनीति में साथ ही रहेंगे।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। कन्या कुमारी से गत 7 सितम्बर को शुरू हुई पूर्व, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने तीन दिन पूर्व नांदेड़ से महाराष्ट्र में प्रवेश किया। कल इसमें नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) प्रमुख शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे भाग लेंगे।

इन दोनों नेताओं की उपस्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि लोकसभा के 48 सांसद निर्वाचित करने वाले महाराष्ट्र की उथल-पुथल भरी राजनीति के गाढ़े वक्त में महाविकास अगाड़ी के सहयोगी दल एकजुट रहेंगे।

यह सच है कि कांग्रेस बार-बार यह कहते हुए नहीं थक रही है कि भारत जोड़ो यात्रा एक राजनीतिक उद्यम नहीं है, बल्कि यह देश को एकजुट करने का एक मिशन है क्योंकि देश आर.एस.एस. समर्थन वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार द्वारा धर्म के आधार पर नष्ट किए जाने की चुनौती का सामना कर रहा है। वास्तविकता यह है कि कश्मीर में अगले वर्ष समाप्त होने जा रही 3 हजार 570 किमी. लम्बी यह यात्रा निःसन्देह देश के राजनीतिक पारिदृश्य में बदलाव करेगी। ये बदलाव देश के किस हिस्से में किस हद तक होंगे, ये वे प्रश्न हैं जिनके उत्तर वर्ष 2024 में तभी मिल पांएगे, जब आम चुनावों के परिणामों की घोषणा होगी।

केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के हिस्सों में पहले ही गुजर चुकी यह यात्रा महाराष्ट्र में अगले 12 दिन तक रहेगी। आगामी 20 नवम्बर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करने से पूर्व यात्रा महाराष्ट्र के पांच जिलों के 15 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और 6 लोकप्रिय क्षेत्रों में से होकर गुजरेगी।

कांग्रेस ने अपने एक पूर्व बयान में दावा किया था कि किसी भारतीय राजनेता द्वारा पैदल की जाने वाली यह भारत के इतिहास की सबसे लम्बी यात्रा है।

राष्ट्रीय मीडिया द्वारा इसकी अनदेखी किए जाने के बावजूद इसे मिला जनता और सोशल मीडिया का भारी समर्थन यह संकेत देता है कि इसे देश के सामान्य जन का समर्थन मिल रहा है। इसके परिणाम स्वरूप विभिन्न राजनीतिक पार्टियां और देशभर के सामाजिक संगठन इसमें शामिल हो रहे हैं और इसका समर्थन दिन-प्रति-दिन बढ़ रहा है।

राहुल गांधी जो कि लोगों के साथ बातचीत कर रहे हैं, और जनता के साथ घुलमिल रहे हैं, लगता है कि यात्रा के साथ ही उनका व्यक्तित्व भी प्रखर हो रहा है, क्योंकि जो लोग यात्रा में भाग लेने के लिए आ रहे हैं या उन्हें देखने के लिए आ रहे हैं, उनके साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव हो रहा है। यह आज तब स्पष्ट हो गया, जब उन्होंने अपने माइक्रोफोन को ऑफ और ऑन किया। वह यह हकीकत को बताना चाहते थे कि जब विपक्ष के नेता भाजपा सरकार को पसन्द ना आने वाले किसी विषय पर बोलते हैं, तब संसद में कथित रूप से क्या होता है।

उन्होंने कहा "देखिए, वे लोग क्या करते हैं। नोटबंदी (2016) के बारे में हमने जब कभी भी बोला, इस तरह से माइक ऑफ! हो जाता है।" इस दौरान एक पल को उनकी आवाज बंद हो गई।

फिर उन्होंने मुस्कराते हुये माइक को फिर से स्विच ऑन किया तथा हिन्दी में बोले: "यहाँ, नियन्त्रण मेरे हाथ में है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कौन से मुद्दे कामयाब होंगे हिमाचल में, स्थानीय या राष्ट्रीय?

## भाजपा राष्ट्रीय स्तर की अपनी सफलताएं, जैसे राम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 को वापस लेना, तथा यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा दोहरा रही है

- पर, कांग्रेस स्थानीय मुद्दे, जैसे बढ़ती बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, पुलिस व अध्यापकों की नियुक्ति में हुए भ्रष्टाचार पर जोर दे रही है।
- अधिकतर मीडिया ग्रुप्स द्वारा किये गये सर्वे 45 से 46 प्रतिशत वोट भाजपा को तथा, 41 से 42 प्रतिशत मत कांग्रेस को मिलने की बात कर रहे हैं।
- पर, सभी सर्वे केजरीवाल की पार्टी को नगण्य, लगभग दो प्रतिशत वोट शेयर मिलने का हिसाब बता रहे हैं।
- भाजपा प्र.मंत्री मोदी, महिलाओं का भारी समर्थन मिलने के प्रति आशान्वित हैं, जिससे हिमाचल की एक बार भाजपा, दूसरी बार कांग्रेस के जीतने की परम्परा टूटेगी इस बार।

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। चुनाव-विशेषज्ञों का कहना है कि शनिवार को 68 सदस्यीय हिमाचल विधान सभा के लिये होने वाले मतदान में, भाजपा का "टॉप डाउन" तरीका कांग्रेस के "ग्राउन्ड्स अप" तरीके को मात दे देगा। अपने प्रचार में, भाजपा प्रत्यक्ष एंव परोक्ष रूप में "डबल इंजन" सरकार के लाभ बताती रही है तथा अनुच्छेद 370 को समाप्त करना, राममन्दिर निर्माण तथा समान नागरिक संहिता लागू करने करने का वादा जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी उपलब्धियों को गिनाती रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस विभिन्न स्थानीय मुद्दों को उठाती रही है, जैसे-बढ़ती बेरोजगारी, दिन दूरी-रात चौगुनी बढ़ती जा रही महँगाई, पुलिस तथा शिक्षक भर्ती, तथा कोरोना महामारी की चरम स्थिति में राज्य सरकार द्वारा की गई पी.पी.ई.किट्स की खरीद में कथित रूप से हुई अनियमितताओं की पृष्ठभूमि में भ्रष्टाचार के आरोप। कांग्रेस नेता यह वादा भी कर रहे हैं कि अगर मतदान के बाद कांग्रेस सत्ता में आती है तो पुरानी पेंशन स्कीम फिर से लागू कर दी जायेगी।

जहाँ तक जनमत सर्वेक्षणों पोलों का सम्बन्ध है, "बदलाव में विश्वास रखने वाला हिमाचल" पुरानी परम्परा को नकारने तथा 37-45 सीटों या तकरीबन 45 प्रतिशत वोटों के साथ भाजपा को फिर से सत्ता में लाने के लिये पूरी तरह तैयार बताया जा रहा है। "रिपब्लिक टी.वी.-पी. मार्क" सर्वे की भविष्यवाणी है कि कांग्रेस 22-28 सीटें या 41 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करेगी तथा इस प्रकार, उसके 2017 के प्रदर्शन कुछ वृद्धि होगी।

अन्य पोल- सर्वेक्षणों की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# प्रियंका की अग्नि परीक्षा हिमाचल के चुनाव

**-डा. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। हिमाचल प्रदेश में आज प्रचार समाप्त हो गया। 9 दिसम्बर को आने वाले हिमाचल विधान

- हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव प्रियंका के लिए अग्नि परीक्षा इसलिए माने जाएंगे क्योंकि इस बार ना तो सोनिया गांधी ने प्रचार में भाग लिया ना ही राहुल गांधी ने। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि, प्रियंका ने स्थानीय समस्याओं को बहुत अच्छी तरह उठाया है।

सभा को चुनावों के परिणाम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के लिये एक अग्नी परीक्षा माने जायेंगे क्योंकि उन्होंने यहाँ पार्टी के प्रचार-अभियान

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# क्या राजस्थान में मु.मंत्री की सरकार पर पकड़ ढीली होती जा रही है?

## एक-एक करके पुराने वफादार साथ छोड़ते जा रहे हैं? पहले खाचरियावास प्रशासन के खिलाफ बोले, अब हरीश चौधरी ने मु.मंत्री की खिलाफत करने वालों में अपना नाम जोड़ा

- कांग्रेस विधायकों व मंत्रियों में यह भावना जोर पकड़ती जा रही है कि, गहलोत के नेतृत्व में उनका भविष्य अंधकारमय है।
- स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, और अब वरिष्ठ नेता, एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं, तथा शाब्दिक व वर्चुअल मुक्केबाजी कर रहे हैं।
- परन्तु, गहलोत का ध्यान पूर्णतया अपनी कुर्सी बचाने पर ही केन्द्रित है।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथों से खिसक रही है।

उनके प्रति निष्ठा रखने वाले लोग की अब उनके खिलाफ हो गये हैं। इस समय चल रही हवा में प्रताप खाचरियावास के बाद, अब हरीश चौधरी भी शामिल हो गये हैं, जो अशोक गहलोत के प्रति जबरदस्त निष्ठावान थे।

हरीश चौधरी ने एक ट्वीट में ओ.बी.सी. मुद्दों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधे निशाना साधा है उनका कहना है कि वे इस मुद्दे के लिये अन्त तक संघर्ष करेंगे।

चौधरी ने ट्वीट किया है: "ओ.बी.सी. आरक्षण विसंगति के मामले को कल केबिनेट बैठक में रखने के बावजूद, एक विचारधारा विशेष के द्वारा इसका विरोध चौंकाने वाला हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी, मैं स्तब्ध हूँ, आखिर क्या चाहते हैं आप? मैं ओ.बी.सी. वर्ग को विश्वास दिलाता हूँ कि इस मामले को लेकर जो लड़ाई लड़नी पड़ेगी, लड़ूँगा।"

गहलोत सरकार के मन्त्री निजी तौर पर मुख्यमंत्री से प्रश्न कर रहे है तथा यह मान रहे हैं कि वे (गहलोत) राज्य के मामले पर अपनी पकड़ खोते जा रहे हैं तथा अब अधिकांश कांग्रेसजनों का मानना है कि उनके नेतृत्व के तहत,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दुष्कर्मी राष्ट्रीय खिलाड़ी को सजा

जयपुर, 10 नवंबर (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले ताइक्वांडों के राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित ढेला को बीस साल की कैद की सजा

- पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले नैशनल ताइक्वांडो खिलाड़ी मोहित ढेला को 20 साल की सजा सुनाई और कहा कि, नाबालिग की मर्ज़ी मायने नहीं रखती है।

सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भारतीय मूल के अमरीकी नागरिकों को उत्साहवर्धक सफलता मिली अमेरिका के चुनाव में

## पांच भारतीय मूल के व्यक्ति, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल व अमि बेड़ा अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्स के सदस्य बने

- इण्डियन अमेरिकन्स ने कई राज्य की विधानसभाओं के चुनाव भी जीते।
- हालांकि, इण्डो-अमेरिकी, अमेरिका की जनसंख्या का लगभग एक प्रतिशत हिस्सा ही हैं, पर, वे अमेरिका के सबसे अमीर अल्पसंख्यक हैं, जिनकी औसत आय एक लाख डॉलर है, जो कि, अमेरिका के आम नागरिक की औसत आय से दुगनी है। तथा, इण्डो अमेरिकी, मुक्त हस्त से दोनों पार्टियों, डैमोक्रेटिक पार्टी व रिपब्लिकन पार्टी, को आर्थिक सहयोग देते हैं।
- चाहे, अपने भारी आर्थिक सहयोग व फण्डिंग के कारण, या कांटे की टक्कर वाली सीटों पर अपनी संगठित वोटिंग के कारण चुनाव का नतीजा बदलने की क्षमता के कारण, पर, यह सच है कि, इण्डो अमेरिकियों की इस चुनाव में भारी उत्साहवर्धक सफलता, अब मजबूर कर देगी अमेरिका के राजनीतिज्ञों को इस समूह को और गंभीरता से सुनने के लिए।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 नवम्बर। अमेरिका के कारोबार और अर्थव्यवस्था में अपना योगदान हो या राजनीतिक प्रचार मुहिमों के लिए भारी फंडिंग अथवा कड़े चुनावी मुकाबले में मतदाताओं का रूझान बदलने की क्षमता हो, भारतीय मूल के लोग अमेरिका में छाए हुए हैं। हाल ही के घटनाक्रमों से स्पष्ट होता जा रहा है कि राजनीतिक वर्ग अब उनकी आवाज को बेहतर तरीके से सुनेगा।

अमेरिका के सर्वाधिक ध्रुवीकृत माने गए मध्यावधि चुनावों में सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिव पार्टी के इण्डियन अमेरिकन पांच रिकॉर्ड सीनेटर जीते हैं। इनमें राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और अमि बेड़ा शामिल हैं जो अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रैजेन्टेटिव्स के लिए चुने गऐ हैं, जबकि कई अन्य राज्य विधानसभाओं में निर्वाचित हुए हैं।

कारोबारी से राजनेता बनने एवं डैमोक्रेटिक पार्टी के इण्डियन-अमेरिकन प्रत्याशी थानेदार, मिशिगन से कांग्रेस का चुनाव जीतने वाले प्रथम इण्डियन अमेरिकन बने हैं। उन्होंने रिपब्लिकन प्रत्याशी मार्टेल विविंग्स को मात दिकाई। थानेदार (67 वर्ष) वर्तमान में मिशिगन हाउस के थर्ड डिस्ट्रिक्ट निर्वाचित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारतीय- अमेरिकन उम्मेदवारों ने राज्य विधानसभाओं के लिए भी जीत दर्ज की। मैरीलैण्ड में अरूणा मिलर लैफ्टिनैंट गवर्नर की चुनावी रेस जीतने वाली प्रथम इण्डियन, अमेरिकन राजनेता बन गई है। मैरीलैण्ड हाउस की पूर्व प्रतिनिधि एवं 58 वर्षीया मिलर लैफ्टिनैंट गवर्नर पद के लिए डैमोक्रेट उम्मीदवार थीं, उनके सामने वेस मूक थे, जो हार गए, लेकिन इण्डियन-अमेरिकन संदीप श्रीवास्तव टैक्सास की थर्ड कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में कीथ थर्ड कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में कीथ सेल्फ के सामने चुनाव हार गए। कीथ कॉलिन काउन्टी के पूर्व जज हैं।

मध्यावधि चुनाव देश के आगे की दिशा पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे और साथ ही उस व्यक्ति और पार्टी के भाग्य

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पाली के पूर्व चेयरमैन के भाई बैंक डिफॉल्टर

पाली, 10 नवम्बर (नि.सं.)। पाली शहर के आदर्शनगर में स्थित पूर्व सभापति के भाई का मकान को सीज करने के लिए बैंक स्टॉफ के साथ पुलिस पहुंची। लेकिन कोर्ट का स्टे होने के चलते इन्हें वापस लौटना पड़ा।

- पाली के पूर्व चेयरमैन केवलचंद गुलेच्छा के भाई ने नोटिस के बाद भी बैंक का 4.50 करोड़ रू. का बकाया नहीं चुकाया है। बैंक ने उनका मकान सीज करने का आदेश जारी किया लेकिन कोर्ट स्टे के कारण ऐसा नहीं हो सका।

पाली नगर परिषद के पूर्व सभापति केवलचंद गुलेच्छा के भाई रमेश गुलेच्छा का गुरुवार को मकान सीज किया गया। साढ़े 4 करोड़ रुपए बकाया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

चेहरा मस्तिष्क का प्रतिबिम्ब है और आँखें बिना कहे दिल के राज़ खोल देती हैं। –सैंट जेरोम

# क्या कॉप-27 यानी संयुक्त राष्ट्र का जलवायु शिखर सम्मेलन विश्व के लिये आशा बनेगा?

मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में 6 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ होकर 18 नवम्बर, 2022 तक संयुक्त राष्ट्र का जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप-27 चलेगा।

इस वर्ष जिस प्रकार से घटनाक्रम रहा, उसने यह साबित कर दिया कि 'जलवायु परिवर्तन' हो रहा है, यह सत्य है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। बाढ़ ने पाकिस्तान और नाइजीरिया के बड़े भाग को तबाह कर दिया। अफ्रीका और पश्चिमी अमेरिका में सूखा पहले ही था वह और खराब हो गया। चक्रवातों ने केरिवियन इलाके का सत्यानाश ही कर दिया। उत्तराखण्ड (हिमालय के क्षेत्र) में बादल फटने की घटनाओं ने लोगों ने देखा वैसा सर्वनाश पहले कभी नहीं देखा गया। देश में बाढ़ों ने हाहाकार मचा दिया। कई महाद्वीपों में हीटवेव ने जनजीवन खत्म कर दिया। इंग्लैण्ड और यूरोप में लोग गर्मी से तड़प उठे। अमेरिका में गर्मी से जंगलों में आग लग गई, बारिश की जगह बाढ़ ने ले लिया। लोग दाने-दाने को मोहताज रहे। 4 करोड़ लोग भुखमरी की हालत में आ गये। समुद्र की सतह ऊंची हो रही है। पहाड़ पिघल रहे हैं। जंगलों की बर्बादी हो रही है। हजारों प्रजातियां नष्ट हो गई हैं।

ऐसी स्थिति देखी गई है कि शायद प्रलय ही आने वाला है, जिसका वर्णन महाकवि जयशंकर प्रसाद ने 'कामायनी' में इस प्रकार किया है:-

**''हिमगिरि के उत्तुंग शिखर पर, बैठ शिला की शीतल छाँह,**
**क पुरूष, भीगे नयनों से देख रहा था प्रलय प्रवाह।**
**ऊपर हिम था, नीचे जल, एक तरल था एक सघन,**
**एक तत्त्व की ही प्रधानता-कहो उसे जड़ या चेतन।''**

उपरोक्त घटनाओं के कारण विश्व के लीडर्स कॉप-27 में भाग लेने आ रहे हैं, इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडन आ रहे हैं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक व अन्य आ चुके हैं। भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव भी शामिल हो चुके हैं। दुनियां भर के नेता जलवायु परिवर्तन और उसके समाधान के हेतु चर्चा करेंगे। ऐसा समझा जा रहा है कि बैठक में फोकस क्लाईमेट फाइनेन्स पर होगा। बैठक से पहले ही यूएन महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने यह घोषणा कर दी कि बैठक का मुख्य मुद्दा होगा, गरीबी व अमीरी के बीच का अन्तर कम करना। उनका कहना है कि विकसित देशों को क्लाईमेट चेंज पर डेवलपिंग कन्ट्रीज के साथ ऐतिहासिक समझौता करना चाहिए अन्यथा दुनियाँ की बर्बादी होगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, जलवायु परिवर्तन से युद्ध की अपेक्षा अधिक लोग प्रभावित हैं और साथ ही आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली के लिये 25 हजार करोड यानी 3.1 बिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट की घोषणा की।

विकसित देश प्रत्येक वर्ष 100 बिलियन डॉलर का फण्ड गरीब देशों को देंगे। भारत के प्रतिनिधि भूपेन्द्र यादव, पर्यावरण मंत्री ने भी स्पष्ट किया कि उनका प्रयत्न होगा कि विकसित देश, विकासशील देशों को फाइनेन्स व टेक्नोलोजी का ट्रान्सफर करे; किन्तु यह सम्भव नहीं दिखाई देता।

कॉप-27 में यह चर्चा होगी कि विकसित देश यदि उत्सर्जन में कमी नहीं करेंगे तो भंयकर मौसमी आपदाओं से बचना कठिन होगा। कॉप-27 के एजेण्डा में यह भी विषय है कि अमीर देश गरीब देशों का मुआवजा दें। विकसित व पिछडे.देशों को साथ साथ आना होगा।

कॉप-27 में लगभग 190 देश भाग लेंगे। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने इस अवसर पर कहा कि वे राष्ट्रों को ग्रीन हाउस उत्सर्जन को 45 प्रतिशत कम करने के लक्ष्य से पीछे हटने का विरोध करेंगे जिससे 19वीं सदी के अंत के स्तर से 1.5 डिग्री से ज्यादा बढ़ने न पाये। यह कयास किया जा रहा है कि कहीं चीन-अमेरिका के तनाव के फलस्वरूप शिखर सम्मेलन असफल नहीं हो जावे।

माराकस (मोरक्को) में कॉप-22 की भूमिका ऐतिहासिक है, क्योंकि इस शिखर सम्मेलन में क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान एक एग्रीमेन्ट के द्वारा लेने का संकल्प 146 देशों ने अपनी अपनी घोषणा कर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने का लिया है। यही 5 नवम्बर 2016 का पेरिस एग्रीमेन्ट है। एग्रीमेन्ट के साथी देश इसको गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। जबकि सतत् समावेशी और समान आर्थिक विकास, सतत विकास और गरीबी और भूखमरी के उन्मूलन के लिये राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन और न्याय संगत व्यवस्था आवश्यक है।

> **इस वर्ष जिस प्रकार से घटनाक्रम रहा, उसने यह साबित कर दिया कि 'जलवायु परिवर्तन' हो रहा है, यह सत्य है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। बाढ़ ने पाकिस्तान और नाइजीरिया के बड़े भाग को तबाह कर दिया। अफ्रीका और पश्चिमी अमेरिका में सूखा पहले ही था वह और खराब हो गया। चक्रवातों ने केरिवियन इलाके का सत्यानाश ही कर दिया।**

यूएनओ के भवन की दीवारों पर लिखा है कि-'याद रहे गरीबी जहाँ भी है वह अमीरी के लिये एक चुनौती है'। यही कारण है कि कॉप-27 में यह एजेन्डा रखा गया है कि इस शिखर सम्मेलन में 'क्लाईमेट कम्पन सेशन' एजेन्डा पर बहस हो। यह एक मान्य सिद्धान्त है कि जो व्यक्ति अन्य व्यक्ति को अपने कार्यों से नुकसान पहुंचाता है, उसका कर्त्तव्य है दूसरे की क्षतिपूर्ति करे। यह भी मान्य कथन है कि जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेन्ज) के दोषी विकसित देश हैं और जलावयु परिवर्तन के कारण उन देशों के कर्मों की सजा गरीब देश उठा रहे हैं। अत: गरीब देश मुआवजे की प्राप्ति के अधिकारी हैं और अमीर देश इस मुआवजे की अदायगी के लिये उत्तरदायी हैं किन्तु कॉप-27 में ये अमीर देश इस पर चर्चा करने को ही तैयार नहीं हैं।

गत 10 वर्षों से अमीर देश नुकसान व क्षति (लॉस एण्ड डेमेज) के प्रश्न पर शिखर सम्मेलन में चर्चा तक करने से कतरा रहे थे; किन्तु कॉप-27 के प्रारम्भ ही में अमीर देशों (विकसित देशों) ने लॉस एण्ड डेमेज के प्रश्न पर चर्चा के एजेण्डा को सहमति दे दी किन्तु इस बात की गारन्टी नहीं दी कि मुआवजा दिया जावेगा अथवा उत्तरदायित्व को स्वीकारा जावेगा। कॉप-27 के अध्यक्ष समेह शौकरी ने कहा, ''इस एजेन्डे को शामिल करना जलवायु प्रेरित आपदाओं के पीडितों के लिये एक जुटता और सहानुभूति की भावना को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि इसके लिये कार्यकर्त्ता और नागरिक समाज संगठनों के आभारी हैं, जिन्होंने लगातार नुकसान और क्षति के लिये धन पर चर्चा करने के लिये समय की माँग की। अमीर देशों ने अभी तक 100 अरब डालर प्रतिवर्ष देने का अपना वायदा भी पूरा नहीं किया है तथा अधिकांश क्लाइमेट फन्डिंग कर्ज पर आधारित है।

कॉप-27 ऐसे समय हो रही है जब चीन-अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। 120 से अधिक विश्व नेता शिखर सम्मेलन में शामिल हुये हैं, यों सबकी निगाहें चीन के राष्ट्रपति शी-जिनपिंग पर होगी, नतीजा क्या होगा यह भी संदेह के घेरे में है। अत: कॉप-27 की सफलता पर संदेह करना उचित होगा। आशा की किरण दिखाई नहीं देती।

इस प्रकार ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिखर सम्मेलन का मुख्य एजेन्डा नुकसान और क्षति पर होगा तथा उन देशों के लोगों ने जिन्हें बाढ़, तूफान आदि के कारण नुकसान हुआ उनकी क्षतिपूर्ति करनी चाहिये। यह भी एजेन्डा में होना चाहिये, फाइनेन्स की व्यवस्था कैसे करनी होगी? भारत के प्रतिनिधि पर्यावरण मंत्री श्री यादव ने स्पष्ट कहा कि भारत और उसके देश के नागरिक पूरा प्रयत्न करेंगे कि पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से 2022 से 2027 तक देश को बचा सकें। उनकी धीमी आवाज में सुर मिलाने वाले नगण्य हैं।

यह शिखर सम्मेलन 16 नवम्बर 2022 तक चलेगा, गरीब व विकासशील देशों के प्रतिनिधि व एनजीओ इसमें भाग लेंगे, किन्तु न तो पेरिस एग्रीमेन्ट की ही पालना देश कर रहे हैं और न नुकसान व क्षतिपूर्ति के हेतु फाइनेन्स की वांछित व्यवस्था ही है। भारत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने का प्रयत्न कर रहा है। सभी देश यह समझ चुके हैं कि तापमान जो 1.5 डिग्री से0 आगे बढ़ रहा है उसे 2 डिग्री से. से अधिक नहीं बढ़ने दिया जावे यों प्रयास यही हो कि वह 1.5 डिग्री से. पर स्थिर रहे अथवा 2 डिग्री से. से आगे नहीं बढ़े, अन्यथा प्रलय संभव है।

जलवाय परिवर्तन या यों मानें कार्बन उत्सर्जन के कारण प्रकृति मानव के विरूद्ध हो रही है, इस प्रकार यह प्रकरण मानव के जीने के अधिकार से संबंध रहता है। संविधान ने अनुच्छेद 21 में जीने के अधिकार को मूल अधिकार माना है और अन्तर्राष्ट्रीय संधियों में भी इसे मानव अधिकार माना गया है। जब मानव अधिकार को कोई नुकसान पहुंचाता है तो वह कोर्ट में क्षतिपूर्ति का दावा कर सकता है। अत: यदि कोई देश अन्य देश के नागरिकों को नुकसान पहुंचाता है तो वह इन्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में कार्यवाही कर सकता है।

कॉप-27 शिखर सम्मेलन में उपरोक्त विषयों पर चर्चा होनी चाहिये अथवा कॉप-28 का एजेण्डा तय किया जावे।

कॉप-27 में 192 देशों के सदस्य देश तथा 45000 रजिस्टर्ड प्रतिनिधि तथा भारत से कई एनजीओ भाग ले रहे हैं, इनमें मुख्य है 'सिकोयडिकॉन, पैरवी, मौसम आदि'।

सबको सन्मति दे भगवान!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# स्वतंत्र भारत में प्रजातंत्र एवं गणतंत्र की मजबूत नींव के निर्माण कर्ता शिल्पकार नेहरू


आधुनिक भारत के शिल्पकार नेहरूजी निर्विवाद रूप से हमारे स्वतंत्रता संघर्ष के महानतम प्रमुख नेताओं में अग्रणी थे और वे ही वो स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हें नौ बार जेल में डाला गया और उन्होंने 3359 दिन जेल में बिताए। उन नौ वर्षों में उन्होंने कई किताबें लिखी, जिन्हें आज तक करोडों लोगों ने पढ़ा है। सच तो यह है कि आजाद भारत को उस वक्त जब भारत मे मामूली सुई तक नहीं बनाई जाती थी हर वस्तु का निर्यात होता था।

आज विरोधी लोग जवाहरलाल पर भारत पर परिवार वाद वंशवाद थोपने का आरोप लगाते हैं वे भूल जाते हैं कि नेहरूजी ने अपने जीवन काल में अपनी इकलौती बेटी इंदिरा को ना तो कभी मंत्री बनाया और ना ही ऍमपी। उस वक्त देश के करोडों युवा उनके जैसे वस्त्र पहनने लगे।

पीयूष बबेले की किताब ''नेहरू मिथक और सत्य'' के कुछ अंश इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने अपनी किताब मोडर्न मेकर्स आफ इंडिया में लिखा है नेहरू जहाँ धर्म विरक्त थे, वहीं गांधी अपने विश्वासों के अनुरूप ईश्वर पर आस्था रखते थे। नेहरू भारत की पारंपरिक गरीबी से मुक्ति पाने के लिए औद्योगीकरण को ही एक मात्र विकल्प मानते थे, जबकि गांधी ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के पक्षधर थे।

इन असहमतियों के साथ दोनों के बीच बुनियादी सहमतियां भी थीं, दोनों व्यापक अर्थ में सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने किसी जाति, भाषा, क्षेत्र, धर्म या कि किसी भी तरह अधिनायकवादी सरकार के साथ होने के बजाय अपने को पूरे देश के साथ एकाकार कर लिया था। दोनों हिंसा और आधिनायकवाद को नापसंद करते थे। जन जन के नायक नेहरू जी ने भारत मे अनेकों शक्तिशाली संस्थाओं की स्थापना कि जिससे देश के अन्दर प्रजातांत्रिक व्यवस्था मजबूत और स्थिर हो सके, इन संस्थाओं में लोकसभा, विधानसभा, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायालय और गतिशील कार्यपालिका आदि। नेहरूजी ने पूंजीवाद और कट्टर साम्यवाद के स्थान पर मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया। अपनी समाजवादी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए नेहरू लिखते हैं–मैं समाज से व्यक्ति संपदा और मुनाफे की भावना खत्म करना चाहता हूं। मैं प्रतिस्पर्द्धा की जगह समाज और सहयोग की भावना स्थापित करने का समर्थक हूं। मैं व्यक्तिगत मुनाफे के लिए नहीं किन्तु जनता के उपयोग के लिए उत्पादन चाहता हूं। मैं यह बात विश्वासपूर्वक कहता हूं कि दुनिया और भारत की समस्याओं का अंत समाजवाद से ही हो सकता है।

नेहरूजी ने उस समय बिजली का उत्पादन पूरी तरह से सार्वजनिक क्षेत्र में रखा। इसी तरह इस्पात,बिजली के भारी उपकरणों के कारखाने, रक्षा उद्योग, एल्यूमिनियम एवं परमाणु ऊर्जा भी सार्वजनिक क्षेत्र में रखे गए। देश में तेल की खोज की गई और पेट्रोलियम रिफाईनरी व एलपीजीबाटलिंग का काम भी केवल सार्वजनिक क्षेत्र में रखे गये। नेहरूजी ने उच्च तकनीकी शिक्षा के लिये आईआईटी स्थापित किये। इसी तरह प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए आईआईएम खोले गए। इन उच्च कोटि के संस्थानों के साथ-साथ संपूर्ण देश के अनेकों छोटे बड़े शहरों में इंजीनियरिंग कॉलेज व देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिये मेडिकल कॉलेज स्थापित किये गये। नेहरूजी ने वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने एवं युवाओं में विज्ञान के अध्ययन की रुची जाग्रत करने हेतु नेहरू ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की। भारत के विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की व्यक्तिगत रुचि थी। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध कायम करने के लिए 1951 में उन्होंने



डॉ. जे. के. गर्ग

दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन करवाया।

देश में योजनाबद्ध विकास हेतु योजना आयोग की स्थापना की गई। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्व दो गुटों में विभाजित हो गया था। भारत ने यह फैसला किया कि वह दोनों में से किसी गुट में शामिल नहीं होगा। हमारी गुटनिरपेक्षता की नीति के कारण सारी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी और जवाहरलाल नेहरू गुटनिरपेक्ष देशों के सर्वाधिक शक्तिशाली नेता बन गये। नेहरु जी मानते थे बिना शांति के, सभी सपने टूट जाते हैं और राख में मिल जाते हैं। नेहरू जी ने बतलाया की शायद जीवन में डर से बुरा और खतरनाक कुछ भी नहीं है। समाजवाद... ना केवल जीने का तरीका है, बल्कि सामजिक और आर्थिक समस्यों के निवारण के लिए एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। नेहरुजी ने अनेकों किताबे लिखी जिनमें डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया, एन ओटोबायोग्राफी ग्लिम्प्सेस ऑफ़ वर्ल्डहिस्ट्री, पुत्री के नाम पिता के पत्र प्रमुख है। चाचा नेहरू ने अपने तरोताजा रहने का राज बताते हुये कहा– इसके तीन कारण हैं। यथा--बच्चों को बहुत प्यार करता हूँ। उनके साथ खेलने की कोशिश करता हूँ, इससे मैं अपने आपको उनको जैसा ही महसूस करता हूँ। मैं प्रकृति प्रेमी हूँ और पेड़-पौधों, पक्षी, पहाड़, नदी, झरनों, चाँद, सितारों से बहुत प्यार करता हूँ।

नेहरूजी का प्रजातंत्र और लोकतंत्र में अटूट विश्वास था। अपने कार्यकाल में अनेको बार प्रमुख विरोधी नेताओं को लोक सभा में लाने का प्रयास किया। वे लोकसभा की कार्यवाही में रोज बिना नागा भाग लेते थे और अपनी आलोचना को सहज भाव से सुनते थे, अपने विरोधियों का सम्मान करते थे। संविधान का पूरी तरह से पालन करते थे और नियमित रूप से मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखते थे उनकी समस्याओं को सुन कर उनका निवारण भी करते थे। आजादी के बाद जब उन्होंने अपना मंत्रीमंडल बनाया तो गैर कांग्रेसी बाबासाहिब अम्बेडकर को अपने विरोधी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को मंत्री बनाकर सच्चे प्रजातंत्र की मिसाल पेश की। उनके मंत्रियों में अनेक विरोधी विचार धारा वाले भी थे। प्रजातंत्र की नीव को उन्होंने इतना मजबूत बना दिया था जिससे लोकतंत्र चट्टान से भी ज्यादा मजबूत बन गया है।। पिछले कुछ सालों से उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है और देशवासियों को भ्रमित करने का कुत्सित प्रचार योजना बद्द तरीकों से किया जा रहा है किन्तु सच्चाई तो यही है कि इतिहास और दुनिया नेहरूजी को आधुनिक भारत का शिल्पकार और लोकतंत्र प्रेमी के रूप में याद करेगी।

नेहरू ने ऐसा राजनीतिक-आर्थिक एवं सामाजिक आधार निर्मित किया जिससे भारत की एकता, अखण्डता व प्रजातंत्र इतना सशक्त हुआ कि आज कोई ताकत खत्म नहीं कर सकती। नेहरू ने भारत को पूरी ताकत लगाकर एक धर्मनिरपेक्ष देश बनाया। चूँकि हमने धर्मनिरपेक्षता को अपनाया इसलिए हमारे देश में प्रजातंत्र की जड़ें गहरी होती गई।

27 मई 1964 को जब उनके निधन का समाचार मिला तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक के नर नारी स्तब्ध रह गये बाजार स्वत बंध हो गये उनकी शवयात्रा में लाखों नर नारी शामिल हो गए उनकी इच्छा के मुताबिक उनकी अस्थियों ,राख को देश के खेत खलियानों में विसर्जित किया गया। नेहरु जी के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में प्रमुख अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था एक सपना खत्म हो गया है, एक गीत खामोश हो गया है, एक लौ हमेशा के लिए बुझ गई है। यह एक ऐसा सपना था, जिसमे भूखमरी, भय डर नहीं था, यह ऐसा गीत था जिसमे गीता की गूंज थी तो गुलाब की महक थी। यह चिराग की ऐसी लौ थी जो पूरी रात जलती थी, हर अंधेरे का इसने सामना किया, इसने हमे रास्ता दिखाया और एक सुबह निर्वाण की प्राप्ति कर ली। आज भारत माता दुखी हैं, उन्होंने अपने सबसे कीमती सपूत खो दिया। मानवता आज दुखी है, उसने अपना सेवक खो दिया। शांति बेचैन है, उसने अपना संरक्षक खो दिया। आम आदमी ने अपनी आंखों की रौशनी खो दी है, पर्दा नीचे गिर गया है।

नेहरु शांति के साधक थे तो साथ ही क्रांति के अग्रदूत भी थे। वह अहिंसा के भी साधक थे, लेकिन हथियारों की वकालत की और देश की आजादी और प्रतिष्ठा की रक्षा की। वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता के समर्थक थे, साथ ही आर्थिक समानता के पक्षधर थे। वह किसी से भी समझौता करने से नहीं डरते थे, लेकिन उन्होंने किसी के भय से समझौता नहीं किया। जबरदस्त व्यक्तित्व, विपक्ष को भी साथ लेकर चलने की क्षमता, उनके व्यक्तित्व को फिर से परिभाषित करता है, ऐसी महानता शायद हम भविष्य में कभी नहीं देख पाएं। 14 नवम्बर 2022 को उनकी 123वीं जयंती के अवसर पर भारत के नवनिर्माण के महान शिल्पकार नेहरूजी को नमन करें।

**डॉ. जे.के गर्ग**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा, जयपुर**

# प्रति घंटे की दर से नियुक्त हो रहे शिक्षक

## राजस्थान सरकार नए अध्यापकों को नियुक्ति देने के बजाय गेस्ट फैकल्टी से चला रही काम

- **शिक्षक संगठन बेरोजगार युवकों को भर्ती करने का दबाव बना रहे हैं**

**चाकसू,** (निसं)। राजस्थान सरकार अपने कार्यकाल में मनचाही जगह बिना किसी पूर्व योजना के स्कूल, कॉलेज खोलती आ रही है। इनके लिए अभी तक भी भूमि, भवन, स्टाफ एवं संसाधन उपलब्ध नहीं हो सके हैं। आधा सत्र जा रहा है उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पास पर्याप्त शिक्षक तक नहीं हैं। विद्यार्थियों का भविष्य भगवान भरोसे चल रहा है। राजस्थान सरकार नवीन नियुक्तियां देने के स्थान पर रिक्त पदों पर गेस्ट फैकल्टी योजना के तहत एक निश्चित मानदेय पर प्रति घंटे के हिसाब से शिक्षक नियुक्ति का प्रयास कर बालकों के लिए अध्यापन की व्यवस्था कर रही है।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को रिक्त पदों पर स्कूलों को प्राप्त आवेदनों की जांच करने के बाद वरियता सूची चस्पा कर दी गई है। चयन का दायित्व उसी विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा तैयार चयन समिति को दिया गया है। इसमें पात्र शिक्षक बेरोजगार युवकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों ने आवेदन किया है। हालांकि नवीन नियुक्तियां नहीं देने एवं मानदेय पर शिक्षक समायोजन का राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अध्यक्ष रामावतार शर्मा, शिक्षक नेता महावीर प्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप गुर्जर आदि प्रबल विरोध कर रहे हैं। सरकार पर बेरोजगार युवकों को भर्ती करने का दबाव बना रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल चाकसू, शीतला माता, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा, जानकी बल्लभ पुरा, काठावाला, खेड़ा लदाणा, मानपुरा, निमोडिया, चाकसू रेल्वे स्टेशन, रूपवास, सवाई माधोसिंह पुरा, स्वामी का बास, थूणी अभियान, महात्मा गांधी स्कूल शिवदासपुरा में अध्यापकों की पोस्ट रिक्त हैं। ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय चाकसू से प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकसू ब्लाक के संबंधित विद्यालयों के बाहर प्राप्त आवेदन पत्र जांच के साथ वरियता सूची चस्पा कर दी गई है। 11 नवंबर को मूल दस्तावेज की जांच, 12 को नियुक्ति आदेश जारी एवं 19 को कार्यभार ग्रहण करने की अंतिम तिथि है।

# पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा को बैस्ट मैडिकल कॉलेज अवॉर्ड



**पिम्स मेडिकल कॉलेज को सम्मानित करने के दौरान यूजी व पीजी के विद्यार्थी सहित 250 ईएनटी सर्जन शामिल हुए।**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में एक्सेंट इन ईएनटी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उदयपुर संभाग, पाली व भीलवाड़ा के सभी मैडिकल कॉलेज में अध्ययनरत यूजी व पीजी के विद्यार्थी सहित 250 ईएनटी सर्जन शामिल हुए।

पेसिफिक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज, उमरड़ा के ईएनटी पीजी स्टूडेन्ट डॉ. नबील सिंधी ने पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार, शोधपत्र वाचन में डॉ. सुदीप्ति सरल ने प्रथम पुरस्कार व पीजी क्विज में डॉ. नबील सिंधी तथा डॉ. सुदीप्ति सरल ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार यूजी स्टूडेन्ट जितेन्द्र चौधरी ने शोधपत्र वाचन में द्वितीय पुरस्कार एवं यूजी क्विज में हिमांशु तंवर, ऋतिका काला तथा रघुवीर उपाध्याय ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा को बेस्ट मेडिकल कॉलेज की ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने ईएनटी विभाग व समस्त छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्राओं को मिलेंगे ई वॉलेट, दुकान से अपनी पसंद की साइकिल ले सकेंगी

- **3.50 लाख छात्राओं को पहली बार पसंद की साइकिल खरीदने का मौका**
- **शिक्षा विभाग से तैयार नहीं हो पा रहा टेंडर डॉक्यूमेंट**
- **ई. डब्लयु. एस वर्ग की छात्राओं को भी निःशुल्क साइकिल देने की घोषणा की**

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य में पहली बार 9वीं कक्षा की छात्राओं को अपनी पसंद की साइकिल खरीदने का मौका सरकार ने दिया है, लेकिन शिक्षा विभाग से टेंडर डॉक्यूमेंट ही तैयार नहीं हो पा रहा। पहला टेंडर इसलिए रिजेक्ट हो गया क्योंकि उसमें शर्तें स्पष्ट नहीं थीं। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की इस ढिलाई के कारण छात्राओं को सात महीने बाद भी साइकिलें नहीं मिल सकीं।

राज्य की स्कूलों में पढ़ने वाली 9वीं कक्षा की करीब 3.50 लाख छात्राओं को साइकिलों का निशुल्क वितरण किया जाना है। छात्राओं को छूट दी गई है कि वे अपनी पसंद की साइकिल ले सकेंगी। इसके लिए छात्राओं को ई वॉलेट दिया जाएगा, जिसे कंपनी के शो रूम पर देना होगा। कंपनी को पेमेंट बैंक से हो जाएगा। यदि किसी छात्रा को सरकार की ओर से तय दर से ऊंची दर वाली साइकिल पसंद है तो बढ़ी हुई रकम छात्रा को ही देनी होगी। सरकार की ओर से केवल निर्धारित दर का ही भुगतान होगा।

दरअसल कंपनियों ने टेंडर शर्तों को पूरी तरह स्पष्ट करने को कहा है। प्रति साइकिल की कीमत 3500-4000 रुपए अनुमानित होने पर साल का बजट करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए तक बैठता है। साइकिलों की सप्लाई सीधे ब्लॉक स्तर पर होगी। इसके लिए कंपनी को राज्य के 370 ब्लॉक मुख्यालयों पर अपने अस्थायी शो रूम खोलने होंगे।

कंपनी को साइकिल का भुगतान सीधे बैंक से होगा। इसमें शिक्षा निदेशालय का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। राज्य सरकार ने ई. डब्लयु.एस वर्ग की कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को भी निशुल्क साइकिल देने की घोषणा की है। राज्यभर में इस वर्ग की 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 5800 छात्राओं को लाभांवित करने का लक्ष्य रखा गया है। शर्त ये है कि उनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख से कम होनी चाहिए।

सरकार ने इस बार विभिन्न कंपनी और मॉडल की साइकिलें वितरण करने के आदेश दिए हैं। नए बदलाव को लेकर विभाग के अधिकारी कंपनी, मॉडल और रेट तय नहीं कर पा रहे। एक्सपर्ट के अनुसार विभाग को नई शर्तों के तहत सभी कपंनियों से प्रस्ताव मंगवाने चाहिए। छात्राओं से भी ऑफर लिया जाए कि उन्हें किस कंपनी और मॉडल की साइकिल चाहिए। उसके बाद रेट तय कर नए सिरे से टेंडर डॉक्यूमेंट तैयार किया जाए। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि साइकिल वितरण योजना के प्रावधानों में कुछ बदलाव किया गया है। जिसकी प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही पात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जाएगा।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 11 नवम्बर, 2022

मार्गशीष मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, मृगशिरा नक्षत्र शनिवार प्रात: 7:33 तक, सिद्ध योग रात्रि 10:02 तक, वणिज करण प्रात: 7:25 तक, चन्द्रमा आज सांय 6:17 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 8:18 तक है। भद्रा प्रात: 7:25 से रात्रि 8:18 तक रहेगी। शुक्र वृश्चिक में रात्रि 8:09 पर प्रवेश करेगा। आज सौभाग्य सुन्दरी व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:08 तक, लाभ-अमृत 8:08 से 10:50 तक, शुभ 12:12 से 1:32 तक, चर 4:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:47, सूर्यास्त 5:34

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**तुला**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यावसायिक अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को तनाव से राहत मिल सकती है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आवश्यक कार्यों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# प्लाईवुड फैक्ट्री में अचानक लगी आग, सारा सामान जलकर राख

## करोड़ों का नुकसान, देर रात्रि तक भी आग बुझाने का कार्य चलता रहा

**बस्सी,** (निसं)। बस्सी थाना इलाके में गुरुवार शाम को नई रीको एरिया स्थित गोविंद प्लाईवुड फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखा प्लाईवुड व अन्य सामान जलकर पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

सूचना पर दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची तथा आग पर पानी डालकर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी फैल चुकी थी जिस पर काबू पाना कोई आसान काम नहीं था। बताया जा रहा है कि गोविंद प्लाईवुड फैक्ट्री में शाम करीबन 5 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी जिसके बाद आग की लपटें देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हवा चलने की वजह से आग की तीव्रता इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री धूं-धूं कर जल उठी। दूर दूर तक तक आग की लपटें दिखाई दे रही थी।



हवा चलने की वजह से धू-धू कर जलने लगी प्लाईवुड फैक्ट्री।

आग से पूरी की पूरी फैक्ट्री ही जलकर राख बन गई। आग से करोडो रुपए का नुकसान हो चुका है। लेकिन किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। रिको एरिया होने की वजह से देर रात्रि तक भी आग बुझाने का कार्य चलता रहा। वहीं आग की सूचना मिलते ही मौके पर बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा, पूर्व प्रधान गणेश नारायण शर्मा, इंद्रा देवी, सुरेन्द्र शर्मा खोखावाला समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री मालिक गिर्राज शर्मा सामोत्या एवं उनके परिजनों का इस संकट के समय में साहस बढाते हुए हर कदम पर उनके साथ खडे रहने की बात कही।

- **आग लगने की सूचना पर बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा, पूर्व प्रधान गणेश नारायण आदि मौके पर पहुंचे**

# नसीराबाद नगर पालिका अध्यक्ष उपचुनाव में भाजपा ने बाजी मारी

## क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस की डूबी नैया



उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा पार्षद खुश नजर आए।

**नसीराबाद,** (निसं)। प्रदेश की सबसे छोटी नगर पालिका में शुमार नसीराबाद नगर पालिका के अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की। गुरुवार को हुए अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा की अनीता मित्तल ने कांग्रेस की ऋतुका सोनी पर 2 मतों से जीत हासिल की। अनीता मित्तल को 10 मत प्राप्त हुए वहीं कांग्रेस की ऋतुका सोनी को 8 मत प्राप्त हुए

गौरतलब है कि भाजपा के दो पार्षद अंकुश चौधरी व अफसाना मतदान करने नही पहुंचे। भाजपा के पास 8 पार्षद ही अपना मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। इसके बावजूद अनीता मित्तल को 10 मत प्राप्त हुए। वही कांग्रेस के पार्षदों द्वारा भाजपा के समर्थन में क्रोस वोटिंग किये जाने पर कट्टर कांग्रेसी पदाधिकारी व पार्षद और कार्यकर्ताओं में रोष और क्रोध व्याप्त है। जिस पर मंथन जारी है। वर्तमान में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और नसीराबाद विधानसभा में दो पूर्व वधायक सक्रिय हैं कार्यकर्ताओं व संसाधनों की कमी नहीं है फिर भी भाजपा का अध्यक्ष बनना चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि 10 कांग्रेस समर्थित पार्षद होने के बावजूद कांग्रेस अपने पार्षदों को ही नहीं संभाल पाई।

- **भाजपा की अनीता मित्तल बनीं अध्यक्ष**

## तीन फर्मों का लाइसेंस निरस्त

**अलवर,** (निसं.)। कृषि विभाग के उप निदेशक पूरण चंद मीणा ने बताया कि मैसर्स जगदम्बा खाद बीज भंडार तालाब राजगढ, मैसर्स जय किसान बीज भंडार पिनान एवं मैसर्स खण्डेलवाल कृषि केंद्र धमरेड के निलम्बित लाइसेंस का प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तीनों फर्मों के लाइसेंस निलम्बित किए गए है। उन्होंने बताया कि इन फर्मों द्वारा उर्वकर का बेचान बिना पौस मशीन एवं अधिक दर पर करने पर उर्वरक नियंत्राक आदेश 1985 का उल्लंघन मानते हुए लाइसेंस निरस्त किया गया है। उन्होंने जिले के सभी आदान विक्रेताओं को सूचित किया है कि उर्वरक का बेचान निर्धारित दर पर पोश के माध्यम से ही करे। यदि किसी आदान विक्रेता को उर्वरक नियंत्राक आदेश का उल्लंघन करते पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाकाबंदी में एमपी के तीन टट्लूबाज गिरफ्तार

## बदमाशों से नकली पीतल की ईंट व अवैध हथियार बरामद

**भरतपुर,** (निसं)। कस्बा जुरहरा में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मध्यप्रदेश के तीन टट्लूबाजों को गिरफ्तार कर सोने जैसी नकली पीतल की ईंट व अवैध हथियार सहित मध्यप्रदेश नम्बर की एक गाडी को बरामद किया है।

मध्यप्रदेश नम्बर की कार में अवैध हथियार व नकली सोने की ईंट के साथ तीन बदमाश सवार होकर कामां की तरफ से कस्बा जुरहरा की तरफ आने की सूचना के बाद पुलिस ने थाने के सामने नाकाबंदी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सोने जैसी नकली पीतल की साढ़े तीन ईंट व एक अवैध देशी कट्टा मय 5 जिन्दा कारतूस को जब्त किया। पुलिस ने गौरव पुत्र राकेश परिहार, राकेश पुत्र नारायण सिंह परिहार व शिवम पुत्र राजवीर परिहार निवासी जगपूरा मुरार थाना बिजोली जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नकली सोने जैसी पीतल की ईंटों से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते है। वृत्ताधिकारी वृत कामां प्रदीप सिंह यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी जयप्रकाश के साथ हेडकांस्टेबल पूरन सिंह, कांस्टेबल संतोष कुमार, ऋषि कपूर व कुलदीप सिंह शामिल थे।

- **पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करना कबूल किया**

## देर रात रींगस में एक घंटे बारिश

**रींगस,** (निसं)। अंचल में बुधवार देर रात एक घंटे से अधिक देर तक मूसलाधार बारिश हुई। जोरदार बारिश से सड़कों पर पानी का दरिया बह निकला। वहीं झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। पिछले तीन दिन में एक-एक घंटे की हुई जोरदार बारिश से रवि की फसल को अमृत मिल गया है। किसानों की माने तो पिछले दो दिनों में क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई है खास कर बुधवार देर रात मूसलाधार वर्षा हुई। इससे गेहूं, जौ, सरसों, चना को व्यापक फायदा मिलने की उम्मीद है। बारानी खेतों खास कर तोरावाटी में चने की बम्पर पैदावार की उम्मीद है। माना जा रहा है कि किसानों ने पिछले दिनों ही तारामीरा, चने की बुवाई पूरी कर ली थी। वहीं क्षेत्र के किसानों को गेंहूं,जौ, सरसों को अच्छी बढवार मिलेंगी इससे बम्पर पैदावार की उम्मीद है।

# बीएसएनएल का नेटवर्क तीन दिन से गायब

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा में पिछले तीन दिनों से बीएसएनएल की नेटवर्क सेवा ठप होने से बीएसएनएल के ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। सूचना देने के बाद भी बीएसएनएल के अधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों में भारी रोष और आक्रोश है। वही पावटा नगर ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि नगर में पिछले तीन दिन से बीएसएनएल की सेवाएं ठप हैं। बीएसएनएल नेटवर्क न होने के कारण उपभोक्ताओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसके साथ ही नेटवर्क से जुडी सभी सुविधाएं ठप पडी हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में बीएसएनएल के अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। वही बीएसएनएल जेटीओ देशराज ने बताया कि बिजली के कारण एक्सचेंज उपकरण जल जाने के कारण समस्या आ रही है। लगातार मैंटिनेंस टीम उसे सही करने मे लगी है। जल्दी ही उपभोक्ताओ को इस समस्या से राहत मिल जायेगी।

## युवक की नाक काटने के आरोपियों को जेल

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के भोपलावजी मंदिर के पास जंगल में 7 नवम्बर की रात को भाई-बहिन को बंधक बना बरबर्तापूर्ण मारपीट करने तथा जूतों की माला पहना युवक कालू की नाक काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने कालू की ओर से दर्ज प्राथमिकी पर कार्यवाही करते हुए आरोपी पारस मोग्या, हेमराज मोग्या निवासी भोपलाव, शंकर मोग्या निवासी झिरोता को गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेजे जाने के आदेश दिये।

# अतिक्रमण हटाने गया प्रशासन, नगरपालिका का जाब्ता वापस लौटा

**सादुलपुर,** (निसं)। नगरपालिका प्रशासन राजगढ़ को मिली अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर गुरूवार सुबह मौहल्ला नरडियान के वार्ड 20 में दल-बल एवं पुलिस के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने गया प्रशासन, नगरपालिका जाब्ता एवं पीला पंजा वापस लौट आया।

हालांकि इसी दौरान जैसे ही मौहल्ले में पीला पंजा व जाब्ता पहुंचा और अवैध अतिक्रमण तोडने के लिए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया तो सैकडों लोग मौके पर उपस्थित हो गये तथा अतिक्रमणकारी मोहम्मद सलीम पुत्र अमानूले खां निवासी वार्ड 20 कस्बा राजगढ (चूरू) के परिवार की महिलाएं जोर-जोर से चिल्लाने लगी तथा कहा कि उनके घर की जमीन 70 वर्ष पुरानी है तथा कानूनी कार्यवाही ना होकर राजनीतिक कार्यवाही की जा रही है। एक बार तो इस प्रकार का माहौल देखते ही लोगों के रोंगटे खड़े हो गये।

जैसे ही प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार ने पालिका टीम के सहयोग से पीला पंजा चलाने की तैयारी प्रारंभ करनी चाही तो मौके पर उपस्थित अवैध अतिक्रमणकारी ने प्रशासन से



वार्ड 20 मोहल्ला नरडियान में अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान महिलाओं ने विरोध किया।

आग्रह किया और दो रोज का समय मांगा गया कि स्वयं दो रोज में पालिका द्वारा माना गया अवैध अतिक्रमण हटा लिया जावेगा, तब जाकर अवैध अतिक्रमण हटवाने गया जाब्ता वापस लौटा। हालांकि प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद दो घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद नगरपालिका राजगढ की टीम बिना अतिक्रमण हटाये वापस लौटी, तब जाकर मौहल्ले में शांति का माहौल बना।

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानियां ने बताया कि मोहम्मद सलीम के पडौसी द्वारा उक्त अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत नगरपालिका राजगढ को की गई थी, जिस पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए नगरपालिका की टीम को भेजा गया था, लेकिन अवैध अतिक्रमणकारी द्वारा दो दिन में अपना अवैध अतिक्रमण स्वयं ही हटा लिये जाने के आग्रह पर नगरपालिका की टीम वापस आ गई। ईओ बुडानिया ने सख्त हिदायत देते हुए आमजन से अपील की है कि नगरपालिका क्षेत्र राजगढ में कोई भी व्यक्ति अवैध अतिक्रमण नहीं करने, अन्यथा नगरपालिका प्रशासन राजगढ द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी दौरान नायब तहसीलदार राजगढ, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका जमादार, सफाई निरीक्षक, नगरपालिका के सफाई कर्मचारी आदि सहित तमाम जाब्ता वापस लौट आया।

- **अतिक्रमण चिन्हित करते ही सैकडों लोग मौके पर पहुंचे व परिवार की महिलाए चिल्लाने लगी**
- **अतिक्रमणकारी ने स्वयं दो दिन में अतिक्रमण हटाने की मौहलत मांगी**

## युवक की मौत

**भुसावर,** (निस)। गांव बल्लभगढ़ में सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित युवक की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए मोर्चरी पर रखवाया ।जहां पुलिस ने कार्रवाई करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना भुसावर के गांव बल्लभगढ़ निवासी 40 वर्षीय राधेश्याम पुत्र सोहन लाल सैनी पिछले 3 साल से सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित था। जिसका इलाज सरकारी सुविधाओं अनुसार चल रहा था।जिसकी अचानक मृत्यु हो गई। जिसे लेकर परिजन भुसावर थाना पहुंचे और सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक राधेश्याम के तीन बच्चे हैं जिनमें दो लड़की और एक लड़का है। ज्ञात है कि दो दिन पहले भी गॉव बल्लभगढ निवासी 45 वर्षीय देवी सिंह पुत्र खेमा जाति जाटव की सिलिकोसिस बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी।

- **गांव वल्लभगढ़ का युवक सिलिकोसिस से पीड़ित था**

# 230 लेक्चरर में से सिर्फ एक को पदोन्नति

**बीकानेर,** (कास)। इंजीनियरिंग कॉलेज में आंदोलनों का सिलसिला खत्म ही नहीं हो रहा है। एक बार फिर यहां के लेक्चरर आंदोलन की राह पर हैं। गुरूवार को कॉलेज के व्याख्याताओं ने जमकर हंगामा किया और कॉलेज प्राचार्य की गाड़ी को रोककर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान कॉलेज की पढ़ाई एक बार फिर ठप हो गई है। मुद्दा ये है कि तीन कॉलेज के 230 लेक्चरर में सिर्फ एक को प्रमोशन दिया गया जबकि शेष को ठेंगा दिखा दिया। बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज सोसायटी के अधीन इस समय अजमेर के दो कॉलेज और बीकानेर के ईसीबी के करीब 230 नियमित व्याख्याता हैं । ये सभी इन दिनों आंदोलन की राह पर हैं। इस बीच अजमेर इंजीनियरिंग कॉलेज के एक मात्र लेक्चरर को विशेष लाभ देने का अब विरोध शुरू हो गया है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के शिक्षक पिछले 63 दिनों से आंशिक कार्य बहिष्कार पर चल रहे थे। उक्त मांगों का समाधान करना तो दूर तकनीकी शिक्षा विभाग ने आन्दोलन को धत्ता बताते हुए किसी एक व्यक्ति विशेष की पदोन्नति करने का आदेश निकालने से लेक्चरर उग्र आन्दोलन कर रहे हैं।

तीनों कॉलेजों के प्राचार्यों और बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ने भेदभाव को उजागर करते हुए बाकी लेक्चरर की पदोन्नति की अपील भी की है। कुलपति ने पत्र में लिखा है कि स्कूटनी कमेटी का गठन सराहनीय है किन्तु पदोन्नति का लाभ चारों संघटक महाविद्यालय के शिक्षकों को भी दिया जाए। कुलपति ने इसकी प्रति राज्यपाल के प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को भी भेजी है।

# नगर पालिका ने नालों पर बने दुकान, मकानों को गैरकानूनी माना

## कलेक्टर से पट्टे निरस्त किए जाने की सिफारिश की

**किशनगढ़बास,** (निसं)। नगर पालिका ने गंज रोड पर करीब 38 साल पहले ग्राम पंचायत से पट्टे लेकर सरकारी नालों व गैर मुमकिन रास्तों पर बने दुकानों व मकानों को असंवैधानिक करार देते हुए जिला कलेक्टर से ग्राम पंचायत की ओर से जारी किए पट्टों को निरस्त किए जाने की सिफारिश की है।

नगर पालिका प्रशासन की इस कार्रवाई से गैर मुमकिन रास्ते व गंदे पानी निकासी के नाले पर बने दुकान, मकान मालिकों में हड़कंप मच गया है। नगर पालिका की ओर से जिला कलेक्टर को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि गंज रोड पर बने गंदे पानी निकासी के सरकारी नाले पर बने 54 दुकान मकानों को अतिक्रमण मानते हुए नोटिस जारी किए गए जिसमें 31 लोगों ने नोटिस के जवाब में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। अतिकर्मियों के द्वारा जवाब में दिए गए दस्तावेजों के अवलोकन में सामने आया है 1983-84 में ग्राम पंचायत द्वारा भूमि का विक्रय किया गया है। भूमि विक्रय विलेखो पर केवल तत्कालीन सरपंच के ही हस्ताक्षर हैं तथा किसी भी विक्रय विलेखों पर ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर नहीं हैं।

अति कर्मियों की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों की पड़ताल में यह भी सामने आया है कि ग्राम पंचायत की ओर से किए गए भूमि विक्रय विलेखो का ना तो पंजीयन हुआ है और ना ही स्टांप ड्यूटी जमा हुई है। यहां तक कि ग्राम पंचायत ने भूमि विक्रय में 10 हजार से 65 हजार की राशि तक वसूल की है। जबकि राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक गंज रोड खसरा नंबर 321 में गैर मुमकिन आम रास्ता दर्ज है और गैर मुमकिन आम रास्ते का विक्रय किया जाना कानूनन प्रतिबंधित है।

जिला कलेक्टर व एसडीएम ने गंज रोड की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका को कार्रवाई के निर्देश दिए और रिपोर्ट मांगी।

नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि जिला कलेक्टर को गंज रोड के गैर मुमकिन रास्ते वह सरकारी गंदे पानी निकासी के नालों पर बने पक्के दुकान मकानों के पट्टे निरस्त किए जाने के लिए सिफारिश कर दी गई है। नगर पालिका की ओर से 54 अति कर्मियों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं और 31 अति कर्मियों द्वारा प्रस्तुत जवाब से अवगत कराया गया है।

- **कलेक्टर ने नगर पालिका से गंज रोड पर जलभराव रहने की समस्या को लेकर मांगी थी रिपोर्ट**
- **54 अति कर्मियों को नगर पालिका की ओर से जारी किए गए हैं नोटिस**

## उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**चूरू,** (का.सं.)। चूरू जिले के सरदारशहर में होने वाले उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में आंध्र प्रदेश से भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ. लक्ष्मी शाह पुलिस पर्यवेक्षक के रुप में तमिलनाडु के भारतीय पुलिस सेवा के बंदी गंगाधर को पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्त किया है। वहीं व्यय पर्यवेक्षक के रूप में आईआरएस अधिकारी अश्विनी कुमार सिंघल को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि ये पर्यवेक्षक नामांकन की अंतिम तिथि 17 नवंबर गुरुवार से एक दिन पहले सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। गुप्ता ने बताया कि ये पर्यवेक्षक विधानसभा क्षेत्र एवं भारत निर्वाचन आयोग के बीच कड़ी का कार्य करते हैं। उल्लेखनीय है कि सरदारशहर उपचुनाव के लिए 5 दिसंबर को मतदान होगा और 8 दिसंबर को नतीजे आएंगे।

गुप्ता ने बताया कि इस उपचुनाव में कुल 2 लाख 89 हजार 579 मतदाता हैं जिनमें से एक लाख 52 हजार 640 पुरुष मतदाता और एक लाख 36 हजार 935 महिला मतदाता और 4 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

# करोड़ों के चोरी मामले में नौकरानी व दो नौकर गिरफ्तार

## कमिश्नरेट पुलिस की सात टीमों ने पीछा कर उनके नेपाल भागने के मंसूबों पर पानी फेरा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एयरपोर्ट स्थित गोल्फकोर्स क्षेत्र में हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायी अशोक चोपड़ा के घर में घरेलू नौकरों द्वारा 6 नवंबर रविवार को की गई करोड़ों की चोरी का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए तीन और लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसमें एक घरेलू नौकरानी लक्ष्मी और दो अन्य नौकर शामिल हैं।

वहीं एक रिश्तेदार को दिन पहले ही नागौर के कुचामन से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वारदात के बाद नागौर, जयपुर दिल्ली होते हुए उत्तरप्रदेश एवं नेपाल भागने की योजना था। जहां पर माल का बंटवारा करते। मगर कमिश्नरेट पुलिस की सात टीमें लगातार उनके पीछे लगी रही और उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस ने करोड़ों का माल भी बरामद कर लिया है। काफी माल और मिलने की संभावना है, अब पकड़े गए अभियुक्तों और डिटेन किए गए लोगों से पूछताछ में पूरा मामला सामने आ पाएगा।

पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ एवं पुलिस उपायुक्त पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने आज शाम को प्रेसवार्ता में बताया कि गत 6 नवंबर को गोल्फकोर्स एयरफोर्स क्षेत्र में रहने वाले हैण्डीक्राफ्ट उद्यमी अशोक चोपड़ा के परिवार और उनके दो गाड़ी चालकों को बेहोश कर घरेलू नौकरों द्वारा करोड़ों को सोना चांदी, बर्तन, तिजौरी अलमारी, गाड़ी आदि चोरी कर ले जाया गया था।

पुलिस आयुक्त गौड़ एव डॉ. दुहन ने बताया कि मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए नौकरानी लक्ष्मी, नौकर मंजिल एवं धनबहादूर को आज पकड़ा है। एक रिश्तेदार अमरसिंह को पहले ही नागौर जिले के कुचामन इलाके में गैस गोदाम से पकड़ा जा चुका है। अब तक चार लोगों को पकड़ा गया है। दो लोगों जिनमें एक दिल्ली और एक सूरत में डिटेन किए हुए है। वारदात में सात लोगों के नाम सामने आए है। सातवें शख्स की पहचान की जा रही है ।

पुलिस आयुक्त के अनुसार टीम को दिल्ली भेजा गया। पुलिस की इस टीम ने दिल्ली रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड और नेपालियों के डेरों को खंगाला और जानकारी जुटानी शुरू की। मगर दिल्ली में मिले इनपुट के आधार पर तीन नौकरों लक्ष्मी, मंजिल और धनबहादूर को वहां से पकड़ा गया। कमिश्रेट पुलिस के साथ नागौर, उत्तरप्रदेश पुलिस और एसएसबी का पूर्ण सहयोग रहा। डीसीपी पूर्व डॉ. दुहन ने बताया कि मुल्जिमों से अभी तक एक हैक्सा कार, एक बंद तिजौरी जिसमें सोने के सिक्के, प्रोप्टी दस्तावेजों के साथ जेवरात, दो लेपटॉप, 3 मोबाइल, 7 महंगी घड़ियां, 1.21 लाख नगद और वारदात में प्रयुक्त औजारों को जब्त किया गया है।

- **पुलिस ने करोड़ों का माल भी बरामद किया, काफी माल और मिलने की संभावना**
- **हैण्डीक्राफ्ट उद्यमी अशोक चोपड़ा के परिवार और चालकों को बेहोश कर की थी चोरी की वारदात**

# जज के घर की छत पर मिली चपरासी की जली हुई लाश



- बताया जा रहा है कि मृतक एनडीपीएस कोर्ट में चपरासी था, इसी कोर्ट में के. एस. चालाना जज है। बुधवार शाम को लेट होने पर वह जज के कमला नेहरू नगर स्थित घर पर रुक गया था।
- पुलिस ने शव कब्जे में लिया, एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा इलाके स्थित एक जज के मकान की छत पर चपरासी की जली हुई लाश मिली। गुरुवार सुबह सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लिया। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फ़िलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी श्रीमोहन मीणा ने बताया मृतक सुभाष मेहरा (34) जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र का रहने वाला था। वह एनडीपीएस कोर्ट में चपरासी था। इसी कोर्ट में के. एस. चालाना जज हैं। घटनाक्रम के मुताबिक सुभाष बुधवार शाम को लेट होने पर जज चालाना के कमला नेहरू नगर स्थित घर पर रुक गया था। इस दौरान रात को उसने ज्वलनशील पदार्थ खुद पर उंडेल लिया और आग लगा ली। मौके पर ही जलने से उसकी मौत हो गई। ज्वलनशील पदार्थ थिनर बताया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

दरअसल, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तक सुभाष नीचे नहीं आया था। तीसरी मंजिल स्थित कमरे में जा कर देखा तो वह जल कर मृत अवस्था में पड़ा था।

कमरे की कुंडी अंदर से लगी हुई थी। इस पर जज चालाना ने मृतक के परिजनों को घटना के बारे में बताया। मृतक की मां मुन्नी देवी के आने पर शव को कमरे से बाहर निकाला गया। फ़िलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक सुभाष अविवाहित था। वह शराब पीने का भी आदि था। उसका परिवार से अक्सर झगड़ा चलता रहता था। कोर्ट से लेट होने पर साधान नहीं मिलने पर अक्सर वह जज के घर पर रुक जाता था। वह बुधवार शाम को भी जज के घर रुका था, लेकिन रात में उसने आत्मदाह कर लिया।

## कर्मचारियों का धरना आज

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति की ओर से अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

मंत्रालय कर्मचारियों की संघर्ष समिति के संयोजक मंडल सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह धायल, राजेश पारीक, शेर सिंह यादव, सुरेश धावाई, देवेन्द्र सिंह नरूका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया गया कि सचिवालय के समान वेतनमान और कनिष्ठ सहायक का वेतन 28 जून 2013 के अनुसार 25500 करने सहित अन्य मांगों के सथर्मन में पिछले 2 महीने से सभी जिलों का दौरा किया गया। वहीं इस दौरान जयपुर स्थित विभागों में मांगों के प्रति राज्य के सभी मंत्रालय कर्मचारियों को जागरूक किया गया है।

इसके बाद शुक्रवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर पूरे राज्य के मंत्रालयिक कर्मचारी विशाल प्रदर्शन करके सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। राजधानी स्थित समस्त विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारियों से संयोजक मंडल सदस्यों द्वारा अनुरोध किया है कि बाहर से आने वाले सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों का शहीद स्मारक पर उपस्थित होकर स्वागत करें।

# बदमाशों की मारपीट से घायल प्रोपर्टी कारोबारी ने दम तोड़ा

## बैनाड़ रोड पर श्याम नगर में बुधवार शाम आधा दर्जन बदमाशों ने लाठी-डंडों और सरियों से की थी मारपीट

- पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है, इनमें एक युवक आरोपी शिवराज सिंह की मौसी का लड़का है।
- पुलिस की 22 टीमें आरोपियों की तलाश में जयपुर समेत कई जिलों में भेजी

**जयपुर** (कासं)। करधी क्षेत्र में बैनाड़ रोड पर बुधवार शाम को बदमाशों की मारपीट से घायल हुए प्रोपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह ने गुरूवार सुबह सवाई मानसिंह अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक युवक आरोपी शिवराज सिंह की मौसी का लड़का है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा और गुलाबबाड़ी में अंतिम संस्कार कराया। हमलवार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस ने 22 टीमें बनाई हैं, जो कि जयपुर समेत कई जिलों में दबिश दे रहीं है।

ज्ञात रहे कि बुधवार शाम को प्रोपर्टी कारोबारी विजेंद्र सिंह गुलाब पर तीन कारों में आए बदमाशों ने हमला किया था। बदमाशों ने लाठी-डंडों से विजेन्द्र को इतना मारा कि वह अधमरा हो गया था। बदमाश जाते हुए फायरिंग भी करके गए थे।

यह वारदात सीसीटीवी में भी रिकॉर्ड हो गई थी। घटना बुधवार शाम की बैनाड़ मोड़ के श्याम नगर की है। बुरी तरह से घायल कारोबारी को मरुधरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस के मुताबिक शाम करीब 5 बजे करधनी निवासी विजेंद्र सिंह (40) अपनी स्कॉर्पियो कार से घर लौट रहे थे। तभी अचानक एक बोलेरो कैंपर व एक अन्य कार उनकी गाड़ी के सामने आकर रुकी।

विजेंद्र ने जैसे ही गाड़ी पीछे की तरफ ली, हथियारबंद बदमाशां ने गाड़ी को टक्कर मारते हुए एक मकान की साीढ़ियों पर चढ़ा दी। उसके बाद कांच तोड़कर विजेंद्र पर हमला कर दिया। हमले के बाद विजेंद्र सिंह को स्थानीय लोग मरुधरा अस्पताल लेकर पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलने पर एसीपी करधनी प्रमोद स्वामी भी मौके पर पहुंचे थे, उन्होंने विजेंद्र से मुलाकात कर जानकारी ली थी। एसीपी प्रमोद स्वामी के अनुसार, विजेंद्र पर नागौर के परबतसर निवासी जितेन्द्र सिंह, झोटवाड़ा निवासी सागर सिंह, भगवान सिंह ततारपुर और अजय सिंगोद सहित आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने हमला किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए करधनी व झोटवाड़ा थाने की स्पेशल टीमें दबिश दे रही हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि दीपावली से पहले दादी के फाटक के पास स्थित एक होटल में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। इसका बदला लेने के लिए बुधवार को हमला किया गया।

# बाल संप्रेषण गृह में दो युवकों को बंधक बनाकर सामूहिक कुकर्म

- ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सेठी कॉलोनी स्थित संप्रेषण गृह में सुरक्षित गृह के 18 व 24 वर्षीय दो युवकों के साथ हुई कुकर्म की वारदात
- आरोपी पांच युवक भी यही पर निरुद्ध हैं। पीड़ितों के परिजनों ने पुलिस थाने में एफआइआर दर्ज कराई

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सेठी कॉलोनी स्थित संप्रेषण गृह में सुरक्षित गृह के 18 व 24 वर्षीय दो युवकों से कुकर्म का मामला सामना आया है। आरोपी पांच युवक भी यही पर निरुद्ध हैं। पीड़ितों के परिजन की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज करवाई गई है।

शिकायत के अनुसार अलवर निवासी दो, प्रागपुरा निवासी दो व एक सिकंदरा निवासी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने गंदे कपड़े से लेकर जूठे बर्तन भी उनसे धुलवाए। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ितों के कपड़े फाड़ दिए और उनसे कुकर्म किया। परेशान युवकों ने घटना के बारे में परिजन को जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। एक मामले की जांच एसीपी आदर्श नगर हवासिंह और दूसरे मामले की जांच ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी अब्दुल वहीद कर रहे हैं।

एक पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह अपने कमरे में सो रहा था। इस दौरान पांचों आरोपी आए और उसे बंधक बना लिया। इसके बाद उससे कुकर्म किया। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को पीड़ितों का मेडिकल कराया जाएगा। पीड़ित सुरक्षित गृह में बलात्कार के मामले में निरुद्ध किए गए हैं। 18 वर्षीय युवक को 2 नवंबर को कोर्ट में पेश किया गया था। वहीं 24 वर्षीय युवक को 4 नवंबर को अलवर में किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया था। अलवर में सुरक्षित गृह न होने के कारण उन्हें जयपुर में रखा गया है। वहां उन्होंने सुरक्षित गृह में उनके साथ हो रही वारदात के बारे में बताया। न्यायिक अधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपी पक्ष के चार युवक बलात्कार के आरोपी हैं। वहीं एक कुकर्म के मामले में निरुद्ध है।

# जामडोली के फार्म हाउस में घुसा बघेरा

## बघेरे के दाएं पैर का पंजा बुरी तरह जख्मी, नाहरगढ़ सेंटर में होगा उपचार

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में वन्यजीवों का शहरी क्षेत्र में आने का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरुवार को आगरा रोड स्थित जामडोली में एक बघेरा अपनी सरहद पार करते हुए फार्म हाउस में जा छिपा। जयसिंह पुरा खोर स्थित एक फार्म हाउस में बघेरे के घुसने की सूचना से हडक़म्प मच गया। सूचना मिलने पर जयपुर जू के पशु चिकित्सक डॉ. अशोक तंवर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बघेरे को ट्रंकुलाइज किया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जयसिंह पुरा खोर में जैन दादाबाड़ी केशव विद्यापीठ में एक तक्षिशला फॉर्म हाउस में एक फार्म हाउस में नर बघेरा घुस गया। बघेरा फार्म हाउस के टॉयलेट में जा घुसा, जिसे देखकर मौके पर कार्यरत कार्मिक घबरा गए और उन्हें उसे टॉयलेट में ही बंद कर दिया। इसके बाद फार्म मालिक राहुल जैन ने इसकी सूचना वन विभाग और टीम रक्षा को दी। सूचना मिलने पर जयपुर जू के पशु चिकित्सक डॉ. अशोक तंवर और राजेंद्र सिंह की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद उसे ट्रैंकुलाइज किया। ट्रंकुलाइज किए गए नर बघेरे की उम्र 6 साल बताई जा रही है। डॉ. अशोक तंवर ने बताया कि ट्रंकुलाइज किए गए बघेरे का दाएं पैर का पंजा बुरी तरह से जख्मी है, उसमें कीड़े पड़े हुए हैं। घाव काफी पुराना लग रहा है। बघेरे को नाहरगढ़ रेस्क्यू सेंटर ले जाया जा रहा है। जहां उसके पैर का उपचार होगा।

## 'तत्काल ऋण देना च्वाइस फाइनेंस का पहला लक्ष्य'

**जयपुर,** (का.सं.)। मुम्बई के च्वाइस समूह की गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी च्वाइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड साहूकारों के माध्यम से त्वरित धन की उपलब्धता का विकल्प बन कर उबर रही है। कम्पनी में ऋण जारी करने के निर्णय में समय बचाने के लिए तकनीक का उपयोग कर जारी होने वाले ऋण का त्वरित निर्णय किया जा रहा है। यही कारण है कि राजस्थान ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश, दिल्ली और गुजरात में भी च्वाइस फाइनेंस की साख और ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। यह कहना है च्वाइस फिनसर्व प्रा. लि. के सीईओ विजेन्द्र सिंह शेखावत का। कम्पनी का लक्ष्य भी यही है कि जब भी जरूरत हो तत्काल ऋण की उपलब्धता हो सके। उनका दावा है कि च्वाइस फिनसर्व अपनी तकनीक के दम पर महज 10 मिनट की समयावधि में ऋण स्वीकृत करने व ऋणी का क्रेडिट व रिस्क टीम के द्वारा भौतिक सत्यापन किए जाने के 24 घंटे में ऋण राशि का वितरण करने वाली देश की पहली गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी-एनबीएफसी है। कम्पनी का मोबाइल एप च्वाइस मनी अपने आप में एक शाखा है, जिससे ऋण प्राप्त करने से लेकर ऋण से संबंधित किसी भी सेवा के लिए आवेदक को कम्पनी की शाखा में आने की जरूरत ही नहीं। कम्पनी से एमएसएमई श्रेणी के उद्यिमयों को वर्किंग कैपिटल, पूंजीगत सम्पत्तियों की आवश्यकता के लिए ऋण जारी कर रही है। यह ऋण एमएसएमई फ्लेक्सी ऋण, एमएसएमई टर्म लोन, सप्लाई चैन फाइनेंस, कॉमर्शियल व्हीकल फाइनेंसिंग, सोलर फाइनेंसिंग जैसे प्रोडक्ट के माध्यम से जारी कर रही है।

## पुलिस ने रिफंड करवाई रकम

**जयपुर** । कमिश्नरेट में संभवतया पहली बार सुभाष चौक थाना पुलिस ने परिवादी से हुई 28704 रूपए की ऑनलाइन ठगी के रूपए बिना एफआईआर दर्ज किए रिफंड कराए गए हैं। डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि परिवादी नरेन्द्र कुमार शर्मा के बैंक खाते से 28704 रूपए का साइबर फ्रॉड हुआ था। इस पर पुलिस ने जालसाज के खाते में गई हुई राशि को होल्ड करवाया और न्यायालय जयपुर से होल्ड राशि परिवादी को वापिस दिलाने के आदेश प्राप्त कर 28704 रूपए दिलवाए गए।

## सार-समाचार

### घनश्याम शर्मा को पुरस्कृत किया



**जयपुर,** (का.सं.)। भारतीय वायुसेना शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सोसायटी की ओर से दिल्ली स्थित भारतीय वायुसेना ऑडिटोरिमय में आयोजित कार्यक्रम में वायुसेना विद्यालय जयपुर के हिन्दी टी.जी.टी. शिक्षक घनश्याम शर्मा भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ टीजीटी शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। शर्मा के जयपुर आगमन पर उनका कॉलोनीवासियों, साथियों और परिजनों ने भव्य स्वागत किया। उनके अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर ऐसा सम्मान मिलना बेहद गर्व की बात है। इस सम्मान के मिलने से वायुसेना विद्यालय जयपुर का नाम ऊँचा हुआ है।

### बुलाकी शर्मा उपाध्यक्ष बने

**जयपुर** (कासं)। पण्डित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, जयपुर की साधारण सभा द्वारा सर्व सम्मति से अकादमी की कार्यकारिणी के सदस्य बीकानेर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार बुलाकी शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया है। अध्यक्ष इकराम राजस्थानी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा सहित सभी सदस्यों ने शर्मा को हार्दिक बधाई दी। अपने चयन पर बुलाकी शर्मा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों और मूल्यों के अनुसार राज्य में पहली बार देश की सबसे पहली बाल साहित्य अकादमी का गठन हुआ है और सरकार ने प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों को बालकों के लिए काम करने के लिए अकादमी के पदाधिकारियों तथा सदस्यों के रूप में मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि बाल साहित्य अकादमी अनेक प्रयोग और नवाचारों के साथ वरिष्ठ साहित्यकारों के सुझावों को क्रियान्वित करेगी तथा समय समय पर उन्हें सम्मानित भी करेगी।

### जेएलएफ के वक्ताओं की सूची जारी

**जयपुर** । समाज, व्यक्तियों और संस्कृति का प्रतिबिम्ब होता है। साहित्य पिछले पन्द्रह सालों में, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल एक ऐसे प्लेटफार्म के रूप में विकसित हुआ है, जिसने न सिर्फ विविध भाषाओँ को प्रस्तुत किया है बल्कि अनुवाद के माध्यम से विश्विक साहित्य से श्रोताओं का परिचय भी कराया है। फेस्टिवल के वर्ष 2023 के संस्करण में, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल दुनिया के कुछ श्रेष्ठ अनुवादकों को शामिल करेगा। फेस्टिवल का आयोजन 19-23 जनवरी को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में किया जायेगा। आज जारी होने वाली वक्ताओं की तीसरी सूची में कई ऐसे लेखकों का नाम शामिल है, जिनके काम को आलोचकों ने भी सराहा है। लिस्ट में शामिल लेखक हैं। पुरस्कृत पुर्तगाली लेखिका एना फिलोमेना अमारल; प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक और अनुवादक अरुनाव सिन्हा; साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अरुणा चक्रवर्ती; लेखक बिबेक देबरॉय; इतालवी लेखक जिओर्जियो मोंतेफोस्ची; प्रमुख द्विभाषी संपादक मणि राव; लेखिका और अनुवादक मनीषा चौधरी; अनुवादक और स्तंभकार मिनी कृष्णन; पद्मभूषण सम्मानित मृदुल कीर्ति; भूतपूर्व राजनयिक और दुबई व मिस्त्र में भारत के राजदूत नवदीप सूरी; प्रकाशक व अनुवादक ऑस्कर पुजोल; अनुवाद, भाषा राजनीति और पहचान की प्रमुख स्कोलर रीटा कोठारी; समकालीन भारतीय लेखिका और कलाकार साज़ अग्रवाल; लेखक साक्ष्य जैन; नारीवादी लेखिका और प्रकाशक उर्वशी बुटालिया; लेखक विनीत गिल; और जाने-माने कवि, संगीत व सिनेमा लेखक यतीन्द्र मिश्र।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**जयपुर** । महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भर्ती की मांग को लेकर गुरूवार को स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। साथ आंदोलनकारियों ने सामूहिक कार्य बहिष्कार भी कर दिया। राजस्थान संविदा नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती की विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी में महापड़ाव डाला गया है। राजस्थान के विभिन्न जिलों में संविदा पर कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं ने सामूहिक कार्य बहिष्कार किया है। राजस्थान संविदा एएनएम यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष नीतू चौधरी ने बताया कि सरकार से काफी समय से महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती में पदों की वृद्धि एवं भर्ती प्रक्रिया को मेरिट प्लस बोनस अंक से करवाने की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार पर इसका कोई भी असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सब्र टूट चुका है। सरकार से बार-बार आग्रह के बाद भी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### क्लब में तोड़फोड़ करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने अहिंसा सर्किल पर स्थित ब्लैक आउट क्लब में तोडफोड करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी परिस देशमुख ने बताया कि 29 सितम्बर की रात को ब्लैक आउट क्लब में तोडफोड कर दहशत फैलाने वाले बदमाश इमरान उर्फ चौपडा (34) निवासी हाजी कॉलोनी, संजय सर्किल, इमरान उर्फ नक्चा (25) निवासी नमक की मंडी कोतवाली और मोहित उर्फ मैक्स (20) निवासी खजाने वालों का रास्ता को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित इमरान उर्फ चौपडा मारपीट का आदतन अपराधी है जिसके विरूद्व पूर्व में जयपुर में मारपीट के 04 प्रकरण दर्ज है। जो शराब एवं हुक्का पीने के आदि है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि वह पूर्व में क्लब में शराब व हुक्का पीने गये थे। जहां पैसों की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

# हाउसिंग बोर्ड में होगी 311 कार्मिकों की भर्ती : अरोड़ा



आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान आवासन मण्डल में जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती होगी। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने मण्डल में 311 कार्मिकों की भर्ती प्रकिया को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एलओआई जारी करने तथा भर्ती एजेंसी का चयन करने की प्रक्रिया को दो सप्ताह के भीतर पूरा कर मंडल में कार्मिकों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा।

आवासन आयुक्त ने गुरूवार को बोर्ड रूम में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मंडल प्रशासन की 17 सूत्री मांगपत्र पर करीब डेढ़ घंटे तक वार्ता हुई, जिसमें लगभग सभी मांगों पर मंडल प्रशासन एवं संघ के बीच सहमति बनी।

यूनियन के पदाधिकारियों ने मंडल में लैंड बैंक की स्थापना करने, भूमि अवाप्ति प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आवासन आयुक्त ने बताया कि जयपुर, उदयपुर, निवाई, पाली आदि स्थानों पर जमीनों के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिन पर हाल ही में प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहमति दी जा चुकी है। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के पेंशन फंड एवं लीव सैलरी फंड में मंडल द्वारा 13 करोड़ रूपए एकमुश्त जमा कराने पर मंडल प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर मंडल की सचिव संचिता विश्नोई, मुख्य अभियंता केसी मीणा, यूनियन के अध्यक्ष दशरथ कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, महामंत्री प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरसी बुढानिया, संयुक्त मंत्री गोविन्द नाटाणी, रमेश शर्मा मौजूद थे।

# हैरिटेज निगम में भाजपा पार्षदों का सद्बुद्धि यज्ञ



**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम मुख्यालय में भाजपा पार्षदों का धरना लगातार दूसरे दिन गुरूवार को भी जारी रहा। मेयर प्रत्याशी रही भाजपा नेत्री कुसुम यादव के नेतृत्व में पार्षदों ने कांग्रेस महापौर मुनेश गुर्जर और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सद्बुद्धि यज्ञ भी किया।

दरअसल हैरिटेज नगर निगम में बीते दो साल में मात्र एक बार साधारण सभा की बैठक हुई है। जबकि नियमों के मुताबिक 60 दिन में यह बैठक बुलाने का प्रावधान है। परकोटा क्षेत्र में बिगड़ी सफाई-सीवरेज व्यवस्था, बढ़ते अतिक्रमणों और वार्डों में अटके विकास कार्यों के कारण इन पार्षदों में नाराजगी है। कुसुम यादव ने कहा कि गुरूवार को बारिश होने के बावजूद भी पार्षदों को अंदर नहीं बैठने दिया गया और न ही उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई। आज भी उन्हें केवल आश्वासन दिया गया। नगर निगम हैरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर और कांग्रेस सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया है, ताकि इन्हें सद्बुद्धि मिले और यह लोग जयपुर की जनता से जुड़े विकास के मुद्दों पर ध्यान दे। यह धरना जब तक जारी रहेगा, जब तक हम सभी की मांगे पूरी नहीं हो जाती है। पार्षद पवन शर्मा ने कहा कि निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है, वार्डों के विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर अटके हुए हैं। भाजपा पार्षद विमल अग्रवाल ने बताया कि बीते दो सालो में कांग्रेस ने जयपुर के विकास को पीछे धकेल दिया है।

# बारिश से सड़कों पर भरा पानी



**राजधानी जयपुर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। बादल उमड़े और ढाई बजते-बजते तेज बारिश शुरू हो गई। चने के आकार के ओले भी गिरे। इस दौरान तेज हवाएं चलीं, जिसकी वजह से दिन में ही ठिठुरन बढ़ी। बारिश से सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया।**

# 'जीतो प्रोजेक्ट' में युवाओं को दिया जायेगा कौशल प्रशिक्षण

**जयपुर** । सूफी नग्मों के साथ मेंबर्स ने अपने परिवारजनों के साथ दिवाली मिलन समारोह का आनंद उठाया। कुछ ऐसा ही नजारा था जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन के इंस्टालेशन, शपथ ग्रहण समारोह और जीतो जयपुर चैप्टर, लेडिज विंग और युथ विंग की नई कार्यकारिणी की घोषणा के आयोजन का। शहर के होटल मेरियट में गुरुवार को आयोजित हुए इस भव्य कार्यक्रम में शहर के कई लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान सभी मेंबर्स को सम्बोधित करते हुए जीतो जयपुर चैप्टर के नवनिर्मित चेयरमैन एंड डायरेक्टर नितिन जैन ने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य जीतो को समाज के सभी वर्गों की पहुंच तक लाना है, जिससे समाज के हर वर्गों को जीतो की स्कीम्स और प्रोग्राम्स का फायदा मिल सके। वहीं हमारे काबिल युवाओं के टैलेंट को निखारने के लिए उन्हें मुमकिन अवसर प्रदान किए जाएंगे। 9 वर्षों के जीतो जयपुर के इतिहास में हमने पहली बार कार्यकारिणी में दो महिला सदस्यों को शामिल किया है इससे हम महिला सशक्तिकरण का एक नायाब उदहारण प्रस्तुत कर रहे है, जो की महिलाओं द्वारा होने वाले सकरात्मक बदलाव और अवसरों का खुल कर समर्थन करेगा। स्किल डेवलपमेंट और बिज़नेस ग्रोथ जैसे मुख्य मुद्दों के लिए जीतो सेंटर फॉर एक्सलन्स एक शानदार प्रोजेक्ट है जिसमें युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डायरेक्टर विमल सिंघवी ने बताया कि जीतो कॉन्क्लेव में तीन दिवसीय इवेंट आयोजित होंगे, जिसमें ट्रेड फेयर, सेमिनार, जीतो के प्रोजेक्टस पर आधारित सेशंस, म्यूजिकल नाईट, मोटिवेशनल स्पीकर्स के साथ सेशन्स, बिजनेस डेवलपमेन्ट प्रोगाम, रोजगार मेला, मॅट्रिमोनी मीट, गेम्स और राजनीतिक सत्र आदि आयोजित होंगे।

जीतो जयपुर लेडीज विंग की चेयरपर्सन खुशबू बाकलीवाल ने बताया कि महिलाओं का समाज में स्थान और उनका सशक्तिकरण को बढावा देते हुए इस साल हम द स्वयं एग्जीबिशन के साथ शहरी और ग्रहिणी उद्योगों को बी2बी थीम पर उद्योग को बढ़ाावा देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसी के साथ विंग सेनेटरी नैपकिन ड्राइव चलाएगा जिसमें जयपुर के जरूरतमंद बच्चियों और महिलाओं को 2 लाख नैपकिन्स बाटेंगे।



## World Origami Day

Many people aren't aware of this particularly special day. In fact, it's an especially important one for all those paper folding fanatics out there. For all of those folks who look at a flat sheet of paper and dream of all of the exciting objects that could be made out of it, simply by folding. So for those who happen to love the art of folding paper and creating beautiful creations from paper, cloth, dollar bills, napkins, or anything that'll hold a crease, World Origami Day is for you.



#TECHNOLOGY

# Battery-free Pacemakers

"Whereas right now, we have to shock the whole heart to do this, these new devices can do much more precise targeting, making defibrillation both more effective and less painful," said Igor Efimov.



Atrial fibrillation – a form of irregular heartbeat, or arrhythmia – leads to more than 454,000 hospitalizations and nearly 160,000 deaths in the United States each year. Globally, it is estimated that approximately 60 million people are affected by the condition.

Pacemakers are lifesaving devices that regulate the heartbeats of people with chronic heart diseases like atrial fibrillation and other forms of arrhythmia. However, pacemaker implantation is an invasive procedure, and the lifesaving pacing the devices provide can be extremely painful. Additionally, pacemakers can only be used to treat a few specific types of disease.

A University of Arizona-led team of researchers detail the workings of a wireless, battery-free pacemaker they designed that could be implanted with a less invasive procedure than currently possible and would cause patients less pain. The study was helmed by researchers in the Gutruf Lab, led by biomedical engineering assistant professor and Craig M. Berge Faculty Fellow Philipp Gutruf.

Currently available pacemakers work by implanting one or two leads, or points of contact, into the heart with hooks or screws. If the sensors on these leads detect a dangerous irregularity, they send an electrical shock through the heart to reset the beat.

"All of the cells inside the heart get hit at one time, including the pain receptors, and that's what makes pacing or defibrillation painful," Gutruf said. "It affects the heart muscle as a whole."

The device Gutruf's team has developed, which has not yet been tested in humans, would allow pacemakers to send much more targeted signals using a new digitally manufactured mesh design that encompasses the entire heart. The device uses light and a technique called optogenetics.

Optogenetics modifies cells, usually neurons, sensitive to light, then uses light to affect the behaviour of those cells. This technique only targets cardiomyocytes, the cells of the muscle that trigger contraction and make up the beat of the heart. This precision will not only reduce pain for pacemaker patients by bypassing the heart's pain receptors, it will also allow the pacemaker to respond to different kinds of irregularities in more appropriate ways. For example, during atrial fibrillation, the upper and lower chambers of the heart beat asynchronously, and a pacemaker's role is to get the two parts back in line.

"Whereas right now, we have to shock the whole heart to do this, these new devices can do much more precise targeting, making defibrillation both more effective and less painful," said Igor Efimov, professor of biomedical engineering and medicine at Northwestern University, where the devices were lab-tested. "This technology could make life easier for patients all over the world, while also helping scientists and physicians learn more about how to monitor and treat the disease."

Flexible mesh encompasses the heart to ensure the light signals can reach many different parts of the heart, the team created a design that involves encompassing the organ, rather than implanting leads that provide limited points of contact.


The new pacemaker model consists of four petal-like structures made of thin, flexible film, which contain light sources and a recording electrode. The petals, specially designed to accommodate the way the heart changes shape as it beats, fold up around the sides of the organ to envelop it, like a flower closing up at night.


"Current pacemakers record basically a simple threshold, and they will tell you, 'This is going into arrhythmia, now shock!'" Gutruf said. "But this device has a computer on board where you can input different algorithms that allow you to pace in a more sophisticated way. It's made for research."

Because the system uses light to affect the heart, rather than electrical signals, the device can continue recording information even when the pacemaker needs to defibrillate. In current pacemakers, the electrical signal from the defibrillation can interfere with recording capabilities, leaving physicians with an incomplete picture of cardiac episodes. Additionally, the device does not require a battery, which could save pacemaker patients from needing to replace the battery in their device every five to seven years, as is currently the norm.

Gutruf's team collaborated with researchers at Northwestern University on the project. While the current version of the device has been successfully demonstrated in animal models, the researchers look forward to furthering their work, which could improve the quality of life for millions of people.









## Indian Music Experience Museum

# Music First Hand...



Dr. Durgaprasad Agrawal
*Senior writer*

The museum's ground floor provides a unique attraction which is named the Sound Garden. There are many huge musical instruments installed here that you can play and compose music on them in any way you want. These are experimental instruments, not traditional instruments.

#MELODIOUS

Bangalore is a beautiful city in South India. It is India's third-largest city and is the Capital of the state of Karnataka. A wonderful museum is located in JP Nagar locality of this city. A museum that every music lover must visit. The name of the museum is – Indian Music Experience Museum. The word 'experience' has a special meaning in this name, which I will discuss later.

Situated in a very open space and picturesque environment, this museum is housed in a huge three-story building. Right in front of the entrance, you can see the museum's gift store, but we'll get there later! On the right is the ticket window aptly named Box Office. After taking a ticket and having an identification band on your wrist, you take the elevator to the museum's third floor. On reaching this floor, the first thing you get is the introductory theatre, which is unique in the sense that its screen is very large and in the shape of a crescent. You get to see a film of about twelve minutes on this screen. The film beautifully introduces the various types of music present in our everyday lives. In our walk, in the beating of our hearts, in the dripping of the tap, in the hum of the whirlpool - music is present everywhere. And after knowing this we move towards the museum.

### Influences on Indian Music

Its first section is Contemporary Expressions. Here we get to see and hear different hallmarks of Indian rock, modern and experimental music. The second section on this floor is Living Traditions. In this section, we get acquainted with the musical traditions and heritage of various gharanas of both Hindustani and Carnatic styles of Indian music. In this section, we also get a captivating introduction to Indian devotional music. The third section of this level is Songs of the People. In this section, we get an opportunity to get acquainted with the folk music of all over India. It is very enjoyable to know how the common people of India express themselves in music and enjoy it. The fourth and last section of this floor is entitled Melting Pot. Here we get to know the various influences on Indian music such as colonialism and jazz and we also enjoy the band music of the Indian Navy.

From here we come down the stairs or by lift to the second floor. Many musical instruments on the front wall attract our attention when we move toward the stairs. Actually, these instruments are displayed in the first gallery on this second floor. The name of this gallery is Instruments Gallery. Here you get complete information about almost all Indian and foreign instruments used in Indian music. In this gallery of about one hundred musical instruments, you can also see many such instruments, whose names you may not have even heard. Not only can you see them all, but you can also hear them. The description of the origin, development, and changes in musical instruments expands your knowledge wealth. The second section of this level is Songs of Struggle. Here you get to know many things about the songs and music of our freedom struggle era. This section also provides an introduction to the patriotic songs used in Indian films.

### Stories through Songs

If the nearly 35 different forms of Vande Mataram here amaze us, then the copy of the original letter written in Mahatma Gandhi's handwriting to MS Subbalakshmi thrills us. The next section of this floor is very interesting. Its title is Stories Through Songs. This section focuses on Indian film music. Needless to say, here we get a chance to know about the music of films of all Indian languages. There is also a huge collection of movie posters here. The next section of this floor is very interesting and informative. It is titled - Reaching Out. Here the recording history is displayed. From how music was recorded in the beginning, today's latest recording technology can be seen and understood here. Along with this, the development journey of ways of listening to and storing music is also displayed here. This section is very informative.

> When you read about a musical instrument, you can learn more by listening to its sound. And as if that alone isn't enough, when you know something about taal, you also get a chance to compose taal yourself through this technique. If you want, you can also do your own vocal test and if you want, you can also compose a small composition by mixing many instruments. Needless to say, all these experiences not only increase your enjoyment but also expand your musical understanding.

The last section of this floor is The Stars. Here is some important, interesting, authentic, and thrilling information about one hundred great stars of Indian music. Needless to say, that the hallmarks of their music can also be heard. The feeling of seeing the invaluable items used by many great musicians like the tambura of MS Subbalakshmi, the costumes worn by Pandit Bhimsen Joshi and Daler Mehdi on stage, etc. is indescribable.

The museum's ground floor provides a unique attraction which is named the Sound Garden. There are many huge musical instruments installed here that you can play and compose music on them in any way you want. These are experimental instruments, not traditional instruments.

### Listen to the Music

The museum's gift store is also located on the same floor where you can buy a variety of souvenir gifts like T-shirts, diaries, badges, fridge magnets, coasters, other artworks, etc.

Due to the judicious and imaginative use of modern technology, you can not only see and read about music by visiting this museum but also experience it yourself. Almost every gallery has the facility for you to listen to the music of those you have seen or read about. Headphones are hanging in front of small screens all over the place. You select the artist or music of your choice on the screen and then listen to it on headphones. For example, when you read and read about the musical gharanas of India, you also have the option of listening to the selected compositions of the singers of the respective gharanas.

When you read about a musical instrument, you can learn more by listening to its sound. And as if that alone isn't enough, when you know something about taal, you also get a chance to compose taal yourself through this technique. If you want, you can also do your own vocal test and if you want, you can also compose a small composition by mixing many instruments. Needless to say, all these experiences not only increase your enjoyment but also expand your musical understanding. Due to this technical facility, 'experience' is associated with the name of this museum.

If you look at the museum with interest, it will not be less than a day for it. But even if you see it running and running, then you have at least three-four hours to go through it. I am writing this only to let you know how much material has been stored here. I went to this museum, learned many new things, and listened to a lot of music I was unaware of. After visiting this museum, now I will be able to take more interest in music. If you ever get a chance to visit Bangalore, do not miss visiting this museum.

writetoarbit@rashtradoot.com





#PARENTING

# Left-over & Expired Medicines



Nearly half of parents say they have leftover prescription medication at home.

"We found that it's common for parents to keep medicines long after they are expired or no longer needed, which creates an unnecessary health risk for children," says Sarah Clark, co-director of the C.S. Mott Children's Hospital National Poll on Children's Health at University of Michigan Health.

"Younger children getting into medicine in the home is a major source of unintentional poisonings. For older children, access to these medicines brings risk of experimentation, diversion to peers, or other intentional misuse."

The nationally representative poll was based on 2,023 responses from parents of children 18 and under who answered the survey between August and September 2022.

### Expired Medication

Less than half of parents believe that over-the-counter medicine is less effective past its expiration date, while one in five parents think it's unsafe. "Parents may not realize that medicine is expired until they need it to address their child's symptoms," Clark says. "At that point, parents must decide if they will give the expired medicine to their child or go out to purchase new medicine."



More than a third of parents say it's never okay to give their child expired medicine. But one in three parents believe it's okay to do so up to three months past the expiration date, and about the same number say it would be OK past six months or longer.

"The expiration date is the manufacturer's guarantee that a medication is fully safe and effective; over time, the medicine will lose its effectiveness," Clark says. "Parents considering whether to give their child medicine long past its expiration date should question how well it will work."

More than three in five parents say they are more careful about disposing leftover prescription medicine than over the counter medication. Most also believe it's important to properly dispose of expired or leftover medicine to prevent children from getting into the medicine and to protect the environment.

"Unused and expired medications are a public safety issue and pose health risks to children," Clark says. "It's important that parents dispose of them properly when they're no longer needed to reduce risks of kids getting sick as well as the negative impact on the environment."

#TRIED&TASTED

# Breakfast Recipes For Brain Health

To support long-term healthy cognitive functioning, it's best to eat a balanced diet rich in nutrients that support brain health.

Sure, devouring a pastry might be easy when you're in a rush, but it may leave your brain in an unfocused fog, especially if you do it regularly. Eating a breakfast rich in nutrients that support your brain is one way to ensure you can stay focused and energized during your busy day to day.

It's important to remember that focus and concentration are cognitive functions, so they rely on your overall brain health. To support long-term healthy cognitive functioning, it's best to eat a balanced diet rich in nutrients that support brain health.

With that in mind, we rounded up breakfast recipes made with key ingredients that support a sharp mind so you can start your day on the right note.

## Peanut Butter Overnight Oats

### Ingredients

- 1 cup old fashioned rolled oats
- 1 cup unsweetened vanilla almond milk
- 1/2 cup plain Greek yogurt
- 2 Tablespoons peanut butter
- 2 teaspoons maple syrup
- 1 teaspoon chia seeds
- 1/2 teaspoon vanilla
- Pinch of sea salt
- **Toppings:** blueberries, extra peanut butter and chopped peanuts



### Preparation

1. Add oats, almond milk, yogurt, peanut butter, maple syrup, chia seeds, vanilla, sea salt into a bowl. Stir well to combine, making sure peanut butter gets evenly dispersed. Divide oat mixture into two containers, seal with a lid and place in the fridge overnight.
2. Take one container out of the fridge the next morning and stir the mixture.
3. Top with a drizzle of peanut butter, blueberries and chopped peanuts.
4. Overnight oats will keep for up to 5 days in the fridge in a sealed container.

## Avocado Smoothie Bowl



### Ingredients

- 1 Avocado
- 1 portion Ripe Banana
- 2/3 cup unsweetened almond milk
- 1/2 cup Fresh Baby Spinach
- 8 leaf fresh mint leaves
- 1.1/2 tsp Pure Lemon Juice
- 1/4 cup raw sliced almonds
- 1 tsp lemon zest

### Preparation

1. Add the avocado, banana, almond milk, spinach, 2 tablespoons of the mint, and the lemon juice to a blender. Cover and puree until velvety smooth, about 2 minutes.
2. Pour into two bowls. Cover well and chill overnight-or enjoy immediately.
3. When ready to eat, sprinkle with the almonds (preferably toasted), remaining 1 tablespoon mint, and lemon zest.

## Berry White Bean Smoothie

### Ingredients

- 1 cup fresh strawberries (150 g)
- 1 cup blueberries (150 g), plus a few extra to garnish
- 2 bananas, cut into ½ inch slices, frozen
- ½ cup white beans, cooked & drained
- ½ cup soy milk (120 ml)
- 1 cup cauliflower, frozen (130 g)
- 1 tsp vanilla extract
- 1 scoop vegan protein powder (optional)



### Preparation

1. Add all the ingredients into a blender and process to obtain a smooth, deep pink liquid.
2. Adjust to your taste and texture preferences, adding more plant-based milk, berries, or bananas for sweetness.
3. Divide into serving glasses and garnish with hemp seeds, crushed almonds, and fresh blueberries if you like.
4. Serve immediately and store any leftovers in a lidded glass jar in the fridge for up to two days. It might separate a bit when stored, so shake or stir it before serving.

## Middle Eastern Savoury Yogurt Jar

### Ingredients


- 2 cups Plain Greek Yogurt Nonfat
- 2 tbsp extra-virgin olive oil
- 1/4 tsp sea salt
- 1/4 tsp ground black pepper
- 1/4 cup Crumbled Feta Cheese
- 1 oz Chipotle Crunchy Chickpeas
- 1 tbsp fresh mint leaves
- 2 Lemon Wedge Juice, Raw



### Preparation


1. Add the yogurt to two 10-ounce capacity jars or bowls.
2. Sprinkle with the olive oil, salt, pepper, feta cheese, and crunchy chickpeas, such as Saffron Road Chipotle Crunchy Chickpeas.
3. Garnish with mint, if using, and serve with the lemon wedges.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 11 केवी विद्युत लाइन पर चढ़ा बुजुर्ग, रेस्क्यू कर नीचे उतारा

## बुजुर्ग कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग करने लगा

- जांच के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल भेजा
- पीड़ित पारिवारिक कारणों से दुखी था

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में आज सुबह फिर पुलिस के हाथ पैर फूल गए। एक शख्स 11 केवी की विद्युत लाइन पर चढ़ गया और जिला कलेक्टर को बुलाने की मांग करने लगा। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम वहां पहुंची और रेस्क्यू कर उसे नीचे उतारा गया। पीड़ित पारिवारिक कारणों से दुखी था । वह यहां पर मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था। मामला करवड़ के देसूरिया खारलोन गांव का है। उसके विद्युत पोल पर चढऩे का पता लगने पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। करवड़ थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि गुरूवार की सुबह सवा नौ बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिलने पर तत्काल नागरिक सुरक्षा की टीम घटना स्थल पर पहुंची। नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों द्वारा रस्सों व सेफ्टी नेट के जरिए बुजुर्ग को सकुशल नीचे उतारा गया ।

थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि पोल पर चढऩे वाला शख्स छत्तीसगढ़ के बनारी जांजगीर छापा का सुबेराम सूर्यवंशी पुत्र तीमनराम है। वह जिस विद्युत लाइन पर चढ़ा वह आर्मी से आती है। इस पर पहले आर्मी को कॉल कर तत्काल विद्युत सप्लाई को रूकवाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसके खंभे पर चढऩे का आरंभिक तौर पर कारण पारिवारिक है। उसकी पत्नी भी पीहर में है।

# अजय इण्डिया लिमिटेड प्रबंधक कर रहा श्रमिकों का शोषण

## 'सीटू' ने जताया विरोध, अधिक श्रम करवाने के बाद भी प्रबंधक नहीं करता भुगतान


भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- श्रमिकों को अन्य स्थान पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के प्रांतीय प्रतिनिधि ओमप्रकाश देवानी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के यहां ज्ञापन दिया गया।


अजय इण्डिया लिमिटेड के प्रबंधक ने बिना किसी युक्तियुक्त कारण के सेवा कार्यों से पृथक कर दिया कार्य करने के स्थान पर श्रमिकों को अन्य स्थान पर काम करने के लिए जबरन मजबूर किया जा रहा है। श्रमिकों से पिछले कई वर्षों से अधिक श्रम करवाया जाता है, जिसका वेतन भुगतान नहीं कराया जाता है।

12 घंटे तक नियमित रूप से श्रमिकों से कार्य करवाने के बाद भी श्रमिकों को प्रबंधक अपनी मनमर्जी से कार्य से रिटर्न कर देता है, जिसको लेकर आज श्रमिकों ने जिला कलेक्टर के यहां एक ज्ञापन दिया उसके बाद श्रम विभाग में उप श्रम आयुक्त के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की, जहां पर भी श्रमिकों की कोई सुनवाई नहीं की गई और श्रमिकों में भारी आक्रोश है।

भीलवाड़ा में सभी प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों को जबरन 12 घंटे कार्य करवाया जाता है और उनको ओवरटाइम राशि का भुगतान नहीं किया जाता है वह अन्य कई मांगों को लेकर जिला कलेक्टर से मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सीटू के सागर दुबे, विवेक तिवारी, पंकज, संजीव सिंह चौहान, घनश्याम शर्मा, भंवर सिंह, छोटू कुमार, छीतरमल, गोविंद, मांगीलाल, जसवंत कुमार, राजकिशोर, हरिश्चंद्र, प्रह्लाद, कल्याण सिंह अन्य कई सैकड़ों की तादात में श्रमिकों ने भाग लिया।

# हरियाणा निर्मित देसी शराब बेचते एक गिरफ्तार

## अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में दो आपराधिक मामले दर्ज


मुखबिर की सूचना पर पाटन पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया।

**पाटन, (निसं)।** पाटन में पुलिस ने हरियाणा निर्मित देसी शराब बेचते एक जने को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप द्वारा अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्राप्त आदेशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना रतन लाल भार्गव, उप पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा के निकटतम सुपरविजन में पाटन थाना अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

पाटन थाना अधिकारी को गश्त के दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की सुभाष पुत्र हेतराम जाति ब्राह्मण उम्र 50 साल निवासी बवाना थाना कनीना जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा ठाम दयाल का नांगल के राजकीय विद्यालय से मात्र 100 मीटर आगे मुख्य सड़क के किनारे हरियाणा निर्मित अवैध देसी शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर थाना अधिकारी मय जाप्ता डाबला से रवाना होकर दयाल का नांगल पहुंचे जहां सुभाष पुत्र हेतराम जाति ब्राह्मण निवासी महेन्द्रगढ़ हरियाणा देसी शराब बेचते पाया गया। पुलिस आरोपी को हरियाणा निर्मित 72 देसी शराब के पव्वे जप्त कर गिरफ्तार किया है।

गठित टीम में थाना अधिकारी राजेश कुमार के साथ हेड कांस्टेबल शीशराम, देवाराम, जगदीश, रणवीर शामिल रहे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में 2 आपराधिक मामले दर्ज है तथा अपराधी राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में फरार उद्घघोषित है।

## गिरफ्तारी नहीं, मीणा समाज में रोष

**सादुलपुर, (निसं)।** दीपावली पर्व के दौरान कस्बे की हायर सैकण्डरी स्कूल के पास पटाखा व्यापारियों के साथ एकराय होकर जानलेवा हमला कर मारपीट करने, जातिसूचक गालिया देने, लाखों की नगदी व सोने की चेन लूटकर ले जाने का आरोप सहित जाति सूचक गालियां देने के आरोप में दर्ज मामले में घटनाक्रम को 17 रोज बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तार नहीं होने के विरोध में मीणा समाज का दिन प्रतिदिन आक्रोश बढता जा रहा है।

इस प्रकरण में सेवानिवृत एएसपी रामनिवास मीणा व दिल्ली एयरपोर्ट के कनिष्ठ अधिकारी सचिन मीणा सहित मीणा समाज के जिलाध्यक्ष सुनील मीणा, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, सुरेन्द्र मीणा, हरद्वारीलाल मीणा, भवंरलाल मीणा, सुमेर सिह मीणा, प्रवीण सरदारपुरा, अजय शास्त्री, मनोज कुमार सैनी, सचिन, रवि स्वामी, दीपक स्वामी, गोविन्द वर्मा, मनीष सैनी, बडी संख्या में समाज के लोगों के द्वारा थाने के समक्ष पहुँचकर विरोध प्रदर्शन के बाद राजगढ थाना पुलिस ने इस घटनाक्रम में मीणा समाज की ओर से प्रथकसे प्रकरण दर्ज कर एस एसटी की धाराएं जोडकर प्रकरण दर्ज करने की माँग के बाद राजगढ थाना पुलिस ने घनश्याम मीणा पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी लाल कुई हनुमान मंदिर के पास वार्ड 4 कस्बा राजगढ की ओर से प्रथक से एफआईआर दर्ज की गई थी।

# नहर में पानी की उपलब्धता की रिपोर्ट अब सिर्फ ऑफिशियल वेबसाइट पर

- सरकार ने ''स्काडा'' प्रोजेक्ट बंद किया, अनपढ़ किसान पानी की बारी आने को लेकर दुविधा में

**बीकानेर, (कासं)।** इंदिरा गांधी नहर से जुड़े हजारों किसानों को हर रोज पानी की उपलब्धता की रिपोर्ट दी जाती थी। 'स्काडा' नाम के प्रोजेक्ट के तहत किसान अपने मोबाइल पर आसानी से ये पता कर लेता था कि अब पानी नहर में कहां तक पहुंच गया है। पिछले दिनों सरकार ने 'स्काडा' को बंद करके ये सारी जानकारी अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी। ऐसे में अनपढ़ किसानों के लिए वेबसाइट को खंगालना मुश्किल हो गया है। नतीजतन किसान को पता ही नहीं चलता कि उसके खेत में बारी के बावजूद पानी आएगा या नहीं?

दरअसल, स्काडा प्रोजेक्ट के तहत किसान को चौबीस घंटे ये सूचना मिलती थी इंदिरा गांधी नहर के मुख्य नहर के अलावा किस आरडी पर कितना पानी पहंचा है। इससे ये तय हो जाता था कि इतने दिन बाद पानी खेत तक आ जाएगा। इस बीच ''स्काडा'' को किसान की पहुंच से दूर कर दिया गया । कुछ महीने तक कहीं से भी किसान को पानी की जानकारी नहीं मिल रही थी। पिछले दिनों किसानों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन से संपर्क करके उन्हें बताया कि पानी की उपलब्धता की पारदर्शी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। इस पर पवन ने नहर व सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को तलब किया। तब कमांड एरिया डवलपमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट पर ये सूचना शुरू की गई।

नई व्यवस्था से किसान पूरी तरह अनभिज्ञ है अगर विभाग कोई मोबाइल एप बनाकर ये सूचना देता तो किसान एप को डाउनलोड कर लेते लेकिन किसी वेबसाइट में सेक्शन ढूंढकर पानी की जानकारी लेना मुश्किल है। ऐसे में किसानों की डिमांड है कि एप बनाकर वहां पर ये जानकारी दी जाए । अभी कागज से लिखी रिपोर्ट्स यहां इमेज फॉरमेट में अपलोड कर दी जाती है। खराब राइटिंग के चलते समझ ही नहीं आता कि पानी कितना आ रहा है। नहर से जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले नरेंद्र आर्य का कहना है कि नई व्यवस्था से आम किसान नहीं जुड़ पाएगा । सरकार को चाहिए कि बेहतर मोबाइल एप बनाई जाए ताकि किसान जुड़ सके। वर्तमान में जो रिपोर्ट दी जा रही है, वो हाथ से लिखा फॉरमेट है, जो कई बार समझ नहीं आता।

## विवाहिता की मौत

**बीदासर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव ढाणी कालेरान में बुधवार को एक 19 वर्षीय विवाहिता की कुण्ड से पानी निकालते समय पैर फिसल कर कुण्ड में गिरकर डूब जाने से मौत हो गई।

थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि मृतका के दादा नारायणाराम जाट ने लिखित रिपोर्ट दी कि मेरी पोती संतोष जो कक्षा 10 में पढ़ाई कर रही थी, जिसकी उम्र करीब 19 थी, जिसकी शादी बनवारी जाट निवासी दूंकर के साथ हुई थी, जो वर्तमान में हमारे पास करीब दो माह से पीहर में थी, जो बुधवार को दिन के समय घर के आंगन में बने पानी के कुण्ड से पानी निकाल रही थी, जिसका अकस्मात पैर फिसल जाने से मेरी पोती संतोष कुण्ड में गिर गई तथा पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के दादा नारायणराम की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर गुरुवार को राजकीय सीएचसी बीदासर में मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## महुआ वॉश नष्ट किया

- करीब 30 लीटर महुवा वॉश बरामद

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला विशेष टीम ने गुरुवार को अवैध देशी हथकढ़ी शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन हजार लीटर महुआ वॉश को नष्ट करते हुए 30 लीटर महुवा वाश बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी के निर्देशन में जिला विशेष टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के रेडा फला में मुखबीर सूचना पर तीन अगल-अलग जगह दबिश देकर मकानों के बहार खेतों व बाडों से करीब 3 हजार महुवावाश मौके पर नष्ट कर करीब 30 लीटर महुवा वाश देशी हथकडी शराब बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को सुपुर्द किया।

# कृषि मंडी की दुकाने से चोर नगदी और चांदी के सिक्के ले गये

- चोरी की यह वारदात मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी यार्ड में बीती रात चोर छह दुकानों के ताले तोड़ कर लाखों की नगदी और चांदी के सिक्के पार कर ले गए। सूचना के बाद नई मंडी थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

मंडी व्यापारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सवेरे उनकी दुकान के शटर पर लगा ताला टूटने की सूचना मिली। जिसके बाद वह दुकान पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो गल्ले और तिजोरी के ताले टूटे हुए थे। इसके अलावा चोर मदन मोहन ट्रेडिंग कंपनी से 70 हजार रुपए नगद व 35 हजार रुपए के चांदी के सिक्के, मुकेश एंड ब्रदर्स कंपनी से 23 हजार रुपए, परसराम एंड संजीव कुमार फर्म से 15 सौ रुपए, राज ट्रेडिंग कंपनी से 2 हजार रुपए व दिनेश चन्द मुकेश कुमार फर्म से 7 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। मंडी में कुल छह दुकानों पर चोरी हुई है। सवेरे पीड़ित व्यापारियों सहित मंडल के अध्यक्ष रामगोपाल, महामंत्री सौरभ और पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भी मंडी पहुंचे। चोरी की इस वारदात पर व्यापारियों ने आक्रोश जताया है। उन्होंने कारोबार बंद रखकर प्रदर्शन भी किया। चोरी की वारदात मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। अलग-अलग जगहों पर लगे कैमरों में चोर नजर आए हैं। पुलिस इन फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है। व्यापारियों ने भी रिपोर्ट देकर वारदात का जल्द खुलासा करने की मांग की है।


कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी यार्ड में पुलिस ने मौका मुआयना किया।

## चैक अनादरण के मामले में सजा सुनाई

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर न्यायालय की न्यायिक दंडाधिकारी ममता रोहिल्ला ने चैक बाउंस के एक मामले में फैसला देते हुए अभियुक्त इंद्र चंद्र पुत्र मनीराम मोची निवासी वार्ड नंबर 5 तारानगर को एक वर्ष के कारावास से दंडित करते हुए परिवादी को बतौर प्रतिकर 250,000 रुपए अदा करने के आदेश सुनाये।

परिवादी नरेंद्र कुमार शर्मा पुत्र सांवरमल शर्मा निवासी वार्ड नंबर 8 तारानगर ने इंद्र चंद पर दो लाख आठ हजार रुपये का चैक बाउंस होने और रुपए न मिलने पर कोर्ट में 2019 में मामला पेश किया था। इस मामले में परिवादी नरेंद्र कुमार की पैरवी कर रहे अधिवक्ता योगेश चंद जैन ने बताया कि परिवादी ने अभियुक्त इंद्र चंद पर कोर्ट में दो लाख आठ हजार रुपये का चैक बाउंस होने पर एनआई एक्ट की धारा 138 में मामला दर्ज करवाया था उन्होंने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर ममता रोहिल्ला ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद तथा केस में सारे सबूतों और गवाह के बयान को ध्यान में रखकर अहम फैसला सुनाया।

# सरकार की उल्टी गिनती शुरू : देवनानी

- 'कांग्रेस के मंत्री व विधायक आपस में उलझ रहे हैं'

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और वह अपने ही आंतरिक कलह से पतन के कगार पर पहुंचती जा रही है। मंत्री और विधायक ही आपस में उलझ रहे हैं। कुछ मंत्री और विधायक तो यह भी मान चुके हैं कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह निपट जाएगी।

देवनानी ने जारी बयान में कहा कि अब तो मंत्री और कांग्रेस के विधायक ही ना केवल आपस में उलझ कर अपनी ही सरकार की किरकिरी कर रहे हैं, बल्कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी कोस रहे हैं। सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का बयान ही कांग्रेस सरकार का खोखलापन उजागर करने के लिए काफी है कि गहलोत खेमे के पास महज एक फॉर्च्यूनर में समाने लायक विधायक रह गए हैं। गुढ़ा पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट खेमे के हैं।

देवनानी ने कहा, अब तो गहलोत खेमे के विधायक पूर्व चिकित्सा मंत्री रघु शर्मा भी मान चुके हैं कि अगली बार कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी। गुजरात में शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 15 से अधिक विधायक अगली बार चुनाव नहीं जीतेंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह कांग्रेस की ही विधायक दिव्या मदेरणा आए दिन सरकार को कटघरे में खड़ी करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत को कोसती नजर आती हैं। देवनानी ने कहा कि आंतरिक कलह में उलझी कांग्रेस सरकार प्रदेश पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पा रही है। कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई हैं। इन सबके बावजूद गहलोत बेशर्मी से कुर्सी पर बने हुए हैं। देवनानी ने कहा कि सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है, तो उससे जनता को उम्मीदें करना बेमानी है। जब मुख्यमंत्री गहलोत अपने ही विधायकों का विश्वास खो चुके हैं, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

# भाजपा, कांग्रेस के असंतुष्टों ने मेवाड़ा को अध्यक्ष बनवाया

- निर्दलीय सुरेन्द्र उर्फ पिंटू मेवाडा को सर्वाधिक मत मिले

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** सिरोही जिले में पिंडवाड़ा नगर पालिका के उपचुनाव गुरूवार को पालिका परिसर में रिटर्निंग अधिकारी हंसमुख कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुए। जिसमें सबसे अधिक मत निर्दलीय प्रत्याशी को मिले।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका उपचुनावों में भाजपा से नीता चौहान, कांग्रेस से चेलाराम देवासी व निर्दलीय सुरेन्द्र उर्फ पिंटू मेवाडा मैदान में थे। उपचुनाव की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी की देखरेख में निर्धारित समय पर प्रारम्भ हुआ, जिसको लेकर निर्दलीय उम्मीदवार मेवाडा अपने समर्थक पार्षदों के साथ सबसे पहले पहुंचे और मतदान किया।

भाजपा-कांग्रेस के पार्षद दोपहर 1.30 बजे के बाद मतदान करने पहुंचे। हालांकि इस बीच में भाजपा-कांग्रेस के पार्षद न्यायालय से उम्मीद लगाये बैठे थे, लेकिन अंतिम समय पर तक कोई राहत नहीं मिली। दोहपर 2 बजे तक मतदान हुआ।

तत्पश्चात रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य कार्मिकों ने मत गणना की। जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार मेवाड़ा को 17, भाजपा उम्मीदवार चौहान को 4 व कांग्रेस उम्मीदवार देवासी को 3 मत प्राप्त हुए। जबकि भाजपा की ओर से पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र प्रजापत ने मतदान नहीं किया। मेवाड़ा के नगर पालिका के नया चेयरमैन बनने पर समर्थकों ने पटाखे और फूल-मालाएं पहनाकर बधाईयां दी।

नगर पालिका में भाजपा बोर्ड के विरूद्ध अविश्वास लाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष नारायण पुरोहित ने पार्षद एवं सिरोही मण्डल प्रभारी कैलाश रावल, नगर निकायों का संयोजक एवं पार्षद सुरेन्द्र मेवाड़ा व जिला भाजपा किसान मोर्चा सदस्य चम्पत मेवाड़ा को आगामी छह वर्ष के लिए निष्कासित किया था और आठ पार्षदों को भी निष्कासन की चेतावदी थी, लेकिन चेतावनी को भी पार्षदों ने अनदेखा कर जिलाध्यक्ष के निर्देशों के विपरित मतदान किया और अविश्वास पारित हुआ।

इसके बाद आज भी भाजपा की ओर से आठ पार्षदों ने भाजपा का साथ न देकर निर्दलीय के पक्ष में मतदान किया। जबकि कांग्रेस की तरफ से पांच पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग कर दी। अब देखते है कि दोनों पार्टीय अनुशासनहीनता को लेकर क्या कार्यवाही करती है।

नगर पालिका पिंडवाड़ा में भाजपा बोर्ड के विरूद्ध दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ, लेकिन भाजपा-कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा समय पर कार्यवाही नहीं होने से पार्षदों द्वारा अनुशासनहीनता मामले बढ़ ते गये। जबकि गत 6 जुलाई 2017 को पूर्व पालिका अध्यक्ष खुशबू पुरोहित के विरूद्ध 16 पार्षदों ने मिलकर अविश्वास लाया था, जिसमें भाजपा के 7 पार्षद थे और 16-4 से अविश्वास पारित हुआ था, जबकि अभी भी भाजपा के 8 पार्षदों ने पार्टी लाईन छोड़कर मतदान कर अविश्वासन मत पारित करवाया किया। पार्टी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि कांग्रेस की ओर वर्तमान बोर्ड के चुनावों में भी पार्षदों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई।

## बीटीपी विधायक का प्रदर्शन

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी से बीटीपी विधायक राजकुमार रोत ने अपने समर्थकों और अभ्यर्थियों के साथ कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। विधायक विद्या संबल योजना में बाहरी अभ्यर्थियों के आने का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन कर विधायक ने स्थानीय अभ्यर्थियों के चयन की मांग की है।

विधायक राजकुमार रोत ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में रिक्त चल रहे टीचरों के पदों पर विद्या संबल योजना के तहत बेरोजगार पात्र अभ्यर्थियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाया जा रहा है। इसकी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डूंगरपुर जिले में 2 हजार 33 रिक्त पदों के लिए 32 हजार 157 आवेदन आए हैं। जिसमें से 884 आवेदन बाहरी जिलों के अभ्यर्थियों के हैं। विधायक रोत ने कहा कि विद्या संबल योजना सरकार का सराहनीय कदम है, लेकिन जिले में कई बाहरी जिलों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में स्थानीय बेरोजगारों को इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। बीटीपी विधायक ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विद्या संबल योजना में एसटी, एससी और पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान करने और स्थानीय ग्राम पंचायत के अभ्यर्थियों को वरीयता देने की मांग रखी है।

# जम्मू-कश्मीर की अगड़ी जातियों को एसटी आरक्षण नहीं देने की मांग

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा धौलपुर ने जताया विरोध


महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

**धौलपुर, (निस)।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा धौलपुर के पदाधिकारियों ने धौलपुर जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया । जिसमें जम्मू-कश्मीर के अनुसूचित जनजाति एसटी वर्ग में अगड़ी जातियों, जो जनजाति नहीं हैं उनको जोड़े जाने को लेकर विरोध जताया गया है। साथ ही कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मांग की गई है कि जम्मू-कश्मीर की अगड़ी जातियों को एसटी आरक्षण नहीं दिया जाए, क्योंकि ऐसा करना असंवैधानिक है।

महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री गंगाराम गुर्जर व गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के धौलपुर जिलाध्यक्ष मनोज पोसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के गुर्जर बक्कर वालों के अनुसूचित जनजाति एसटी आरक्षण में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को देश का गुर्जर समाज बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार ने जीडी शर्मा कमिशन बनाई थी। जिसने अपनी एक तरफा अन्तरिम रिपोर्ट में पहाड़ी भाषा बोलने वाले लोगों को बिना किसी सर्वे और बिना पक्षकारों के पक्ष सुने अपना फैसला दे दिया, जो ना सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि गैर-संवेधानिक भी है।

गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष रोहित गुर्जर व एशवीर पोसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के गुर्जर बककरवालों को अनुसूचित जनजाति एसटी के सारे पैमाने पर खरे उतरने के कारण ही संविधान के तहत केवल 3 से 4 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति का लाभ मिल पाया है।

## संक्षिप्त

### रामलाल अध्यक्ष नियुक्त



**टोंक, (निसं)।** राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक स्व. कर्नल किरोडी सिंह बैंसला जयपुर स्थित निवास पर प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह बैंसला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 33 जिलों से पदाधिकारीयों व समाज बन्धुओं की उपस्थिति में समाज के संगठनात्मक चुनाव को लेकर प्रदेश स्तरीय 11 सदस्य कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा समिति के अध्यक्ष पद के लिए रामलाल गुर्जर सण्डीला को नियुक्त किया गया। 11 सदस्य कोर कमेटी पूरे राजस्थान में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संगठनात्मक चुनाव करेगी। जिसमें लोकसभा सदस्य, विधानसभा सदस्य, तहसील अध्यक्ष, पंचायत व बूथ अध्यक्षों की 3-4 दिन में नियुक्ति करेगी।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**खैरथल, (निसं)।** स्वामी हिरदाराम (पुष्करराज) के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से खैरथल में कल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रभारी राजकुमार केसवानी ने बताया कि स्वामी सिद्ध भाऊ के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक जयपुर के तत्वावधान में जीव कल्याण सेवा समिति व श्रीगोपाल कृष्ण सेवा समिति के सहयोग से 13 नवंबर को खैरथल में रेलवे अंडरपास के समीप स्वामी टेऊराम मार्ग पर स्थित अर्जुन हॉस्पिटल ऐंड डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

### शहीद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम होंगे

**कोटपूतली, (निसं)।** आगामी 18 नवम्बर को शहीद श्रवण सिंह तंवर की पुण्यतिथि मनाई जायेगी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी सूर्यकांत शर्मा द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। समाजसेवी रतन लाल शर्मा ने बताया कि श्रवण सिंह तंवर 18 नवम्बर 2009 में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इस दौरान लक्ष्मीनारायण शर्मा, विजयसिंह शेखावत, बजरंग रावत, प्रवीण शर्मा, श्रीकांत, मोहित, अंकित, डॉ.बादल शर्मा व शुभम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आरसीए उपाध्यक्ष को मातृशोक

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट एकेडमी उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री एडवोकेट विवेक व्यास को हुए मातृशोक की मिली सूचना पर गुरूवार को मालपुरा पहुंचे आरसी अध्यक्ष वैभव गहलोत व पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास ने आरसी उपाध्यक्ष की मां शीला व्यास के निधन पर शोक व्यक्त कर अन्तिम यात्रा में शामिल हुए। मोक्षधाम पहुंचने पर गहलोत व व्यास ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना कर शौक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### युवक ने फंदा लगाया

**राजगढ़, (निसं)।** अलवर राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मनु का में अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार दोपहर बाद युवक जितेंद्र ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

# भेड़, बकरी व खरगोश पालन को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार शुरू

■ 15 राज्यों के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया



**केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुंसधान संस्थान अविकानगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ हुआ।**

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में भेड, बकरी व खरगोश पालन को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं वार्षिक कॉन्फ्रेस का शुभारम्भ हुआ।

अविकानगर संस्थान डॉ. अरूण कुमार तोमर ने बताया कि वर्तमान व भविष्य के बदलते वातावरण के तहत छोटे जुगाली करने वाले पशु भेड़, बकरी, खरगोश के द्वारा अधिकत्तम उत्पादन के विषय को लेकर देशभर से 15 राज्यों के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान बतौर अतिथि पहुंचे डॉ. एके श्रीवास्तव, पूर्व चेयरमैन एएसआरबी नई दिल्ली व वाईस चांसलर, मथरा पशु विश्व विद्यालय, डॉ. एके गहलोत पूर्व वाईस चांसलर राजूवास बीकानेर, डॉ. वी सक्सेना एडीजी नई दिल्ली, डॉ. डीके शर्मा निदेशक बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा मखदून, डॉ. रणवीर सिंह भट्ट राष्ट्रीय सेमिनार आयोजन सचिव, डॉ. गोपाल दास इसगफफु सोसायटी सचिव सहित विभिन्न भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों के निदेशक व किसानों ने भाग लिया।

विभिन्न संस्थानों द्वारा एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनियां लगाई गई। अतिथियों ने अविकानगर संस्थान के विभिन्न सेक्टरों का अवलोकन किया तथा अविशान भेड़ की उत्पादन क्षमता की संस्थान निदेशक डॉ. तोमर ने विस्तार से जानकारियां अवगत करवाई। देशभर से जुटे किसानों के साथ संस्थान निदेशक तोमर ने संवाद करते हुए भेड, बकरी, खरगोश पालन पर संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारियां दी।

तोमर ने बताया कि अविकानगर के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई अविशान भेड देश में भेड पालन के क्षेत्र में 45 प्रतिशत तक भेड के मांस की पैदावार बढ़ा इस क्षेत्र में एक किर्तिमान स्थापित की। डॉ. तोमर ने बताया कि वर्तमान में ब्रुसेलोसीस बीमारी से देश में भेड व बकरी पालकों के लिए काम करने की बेहद आवश्यकता है। इस दौरान डॉ. एके श्रीवास्तव को इस गफफु सोसायटी की और से लाईफ टाईम अच्यूवमेन्ट अवार्ड दिया गया। इस दौरान डॉ. विनोद कदम एवं आसीफ सोफी को मिडिल केरियर अवार्ड दिया गया। डॉ. सीपी स्वर्णकार,डॉ. एमरामचन्द्रन,डॉ. एके श्रीवास्तव को बेस्ट शोध के लिए सम्मानित किया गया।

## युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी का स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी मौहम्मद शाहिद का गुरूवार को प्रथम बार राजस्थान आगमन पर दिल्ली से जयपुर जाते वक्त कोटपूतली में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत के नेतृत्व में राजमार्ग स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उनका माला व साफा पहनाकर राजस्थान आगमन पर अभिनन्दन भी किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते व प्रेस से बातचीत में प्रभारी शाहिद ने कहा कि भाजपा व आरएसएस जैसी दक्षिणपंथी ताकतें देश को धर्म, जाति, वर्ग, नस्ल व सम्प्रदाय के आधार पर बांटकर राजनीति व शासन करना चाहती है। मोदी सरकार के शासन में देश की राष्ट्रीय एकता कमजोर हुई है। इसी को पुनः मजबुत करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे है। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत समेत पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर पूतली, प्रदेश सचिव उदय गुर्जर, युवा कांग्रेस नेता नरेन्द्र प्रताप गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि विक्रम छावड़ी, कांग्रेस नेता मालीराम कम्पाउन्डर, कैलाश मैनेजर, छीत्तरमल रावत, भोजराज रावत, पूर्व सरपंच सांवत गुर्जर, महेश सैनी समेत बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमीन विवाद को लेकर झगड़ा, लाठी व कुल्हाड़ी चले

■ पिता-पुत्र सहित तीन घायल, जयपुर रैफर

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के कांटोली गांव में गुरूवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े में चली लाठी व कुल्हाडी के हमले से पिता-पुत्र सहित तीन जने गंभीर घायल हो गये।

जिन्हें मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। मिली जानकारी में सामने आया कि गुरूवार को कांटोली निवासी हरिराम अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के गोपाल सहित आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरूषों ने एकराय होकर हरिराम से गाली-गलोच व मारपीट शुरू कर दी। जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई।

हमलावरों ने हरिराम पर लाठी व कुल्हाडी से ताबडतोड वार कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुन पास ही काम कर रहे हरिराम के बेटे रामसिंह व भतीजे भवानीसिंह ने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने रामसिंह के सिर पर भी कुल्हाडी से वार कर घायल कर दिया।

हमलावरों की संख्या अधिक होने तथा धारदार हथियार होने के चलते दौड़कर जान बचाई लेकिन उसे भी सिर पर लाठी के वार किये गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायलों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ति करवाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हरिराम व बेटे रामसिंह भतीजा भवानीशंकर जाति दरोगा को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया।

# एसडीएम ने सुनी लोगों की फरियाद, समाधान के निर्देश

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत मिनिसचिवालय में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई एसडीएम सुनीता मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जनसुनवाई में एसडीएम मीणा ने लोगों की फरियाद सुनी और समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए। एसडीएम मीणा ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 7 परिवेदनाएं आई है, जिसमे बिजली, पुलिस विभाग, जलदाय विभाग, पंचायतीराज और अतिक्रमण से बंद रास्तों को खुलवाने की शिकायत मिली है। वही सहकारी समिति अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव के सानिध्य में कार्यकारिणी के लोगो ने समिति के बंद रास्ते को खुलवाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया है। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए है। इस मौके पर तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सुरेश मीणा, जलदाय विभाग एईएन युवराज सैनी, वरिष्ठ पशु चिकित्सक रमेश चन्द वर्मा, बिजली एईएन रमेश गुर्जर, समाज कल्याण से संसार सागर, ईश्वर योगी सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



**नारायणपुर एसडीएम सुनीता मीणा और तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा ने जनसुनवाई की।**

# जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को टोंक रोड नगर पालिका के पास स्थित रा.उ.मा.वि. के नेतृत्व में खेल मैदान (गणगोरी मैदान) में जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा ने प्रतियोगिता ध्वज का ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी ले, प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेल कौशल का बेहतर प्रदर्शन करें।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने खिलाड़ियों से खेल खेल की भावना से खेलने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक जगदीश नारायण मीणा ने खिलाड़ियों को खेल के महत्व के बारे में जानकारी दी अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने खिलाड़ीयों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव,जिले का नाम रोशन करने का वादा लिया। नोडल प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक रामलाल मीणा ने बताया कि 17 वर्षीय खो-खो क्रिकेट टीम में 38 टीमों ने एवं 19 वर्षीय खो-खो क्रिकेट टीम में 21 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता 10 से 13 नवंबर तक चलेगी। इस मौके पर पार्षद सलमा बानो, शंकर लाल गुर्जर,अशोक चौधरी,प्रभु दयाल बैरवा,थलराज सिंह सिसोदिया,दिनेश कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं छात्र मौजूद रहे



**चाकसू में जिला स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।**

## 'तहसील ब्राह्मण महासभा विप्रों को एकजुट कर रही है'

■ सरकारी नौकरियों में आर्थिक आधार पर आरक्षण ईडब्ल्यूएस पर मुहर लगाने पर मिठाइयां बांटी

**पावटा, (निसं)।** विप्र बंधु समाज की धुरी हैं और उन्हें समाज बंधुओं की एकता, अखंडता व सामाजिक बुराइयों को दूर करते हुए विप्र बंधुओं के उत्थान के कार्य में लग जाना चाहिए यह बात पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यों की बैंच द्वारा सरकारी नौकरियों में आर्थिक आधार पर आरक्षण ईडब्ल्यूएस पर मुहर लगाने को संपूर्ण विप्र समाज की जीत बताते हुए संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने कहाँ कि राजनीति में विप्र समाज का नाम लेकर कई मंत्री बन गए। सांसद बन गए। नेताओं से अब हमें कोई उम्मीद नहीं। किसी ने समाज के लिए कुछ नहीं किया। अब ब्राह्मणों को ही एक मंच पर आना होगा। अगर ब्राह्मण एकजुट हो जाएं तो हर दल उनका सम्मान करेगा। ब्राह्मणों की महत्ता को समझेगा। वही ब्राह्मण महासभा पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा की जिम्मेदारी ब्राह्मण समाज पर है। ब्राह्मणों ने सदैव धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए त्याग और तपस्या की है। इस त्याग की वजह से ही हर युग में ब्राह्मण पूज्यनीय रहा है। वर्तमान में ब्राह्मण समाज को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यों की बैंच के इस फैसले से विप्र समाज में खुशी की लहर देखी जा रही है। इसको संपूर्ण विप्र समाज की जीत बताते हुए तहसील व नगर ब्राह्मण महासभा पावटा के सभी विपुल समाज ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। इस मौके पर पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौड सुरेश चंद्र शर्मा, एडवोकेट दीपक, गजानंद टीलावत, जितेंद्र, कालूराम शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पेट शो के पोस्टर का विमोचन

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** अलवर जिले में इस वर्ष नवंबर में आयोजित होने जा रहे मत्स्य उत्सव के दौरान प्रथम बार आयोजित होने वाले पैट शो के पोस्टर का विमोचन अलवर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम द्वारा किया गया।

पशुपालन विभाग की तरफ से मत्स्य उत्सव में शामिल होने के पैट शो पोस्टर का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि यह शो अनुमत श्रेणी के डॉग्स, कैट्स, बर्ड्स एवं रेप्टाइल्स के लिए पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं पशु पालन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी पैट ऑनर्स एवं पैट लवर्स 25 नवंबर को पुरजन विहार कंपनी गार्डन अलवर एवं 27 नवंबर को भिवाड़ी में आधिकाधिक संख्या में भाग लें। वहीं अलवर जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने अपने संदेश में कहा कि पैट शो सिर्फ एक आयोजन नहीं होकर आमजन एवं बच्चों की मेंटल वैलनेस से जुडा हुआ मुद्दा है एवं ऐसे आयोजनों से लोगों में पशुओं के प्रति जागरूकता तथा दया भावना जाग्रत होती है एवं जानवरों के अधिकारों के प्रति लोग जाग्रत होते हैं।

# उर्दू दिवस पर उर्दू के शायरों की अनदेखी करने का आरोप

**टोंक, (निसं)।** अंजुमन तामिर ए उर्दू टोंक, सेफी एकेडमी टोंक, अंजुमन मुहिब्बान ए उर्दू टोंक, बज्म ए वासिफ टोंक ने उर्दू दिवस पर राजस्थान उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू के शायरों व अदीबों की अनदेखी करने को लेकर कला एवं संस्कृति मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

अनवर अली खां, मिर्जा नसीम बैग, कारी इज्जत, अमीन नजमी, नवाब सैफी, अंजुम सैफी, नदीम सैफी, इमरान सैफी, एजाज फाईजी, जिया टोंकी ने दिए ज्ञापन में बताया कि 9 नवम्बर को टोंक में उर्दू अकादमी राजस्थान की ओर से उर्दू दिवस मनाया गया, जिसमें टोंक के शायरों व अदीबो को ही राजस्थान उर्दू अकादमी द्वारा सूचना तक नहीं दी गई, ना ही राजस्थान उर्दू अकादमी की ओर से किसी प्रकार के दावतनामे जारी किए गए, क्या टोंक के अदीब और शायरों का उर्दू से संबंध नहीं है, जिनको राजस्थान उर्दू अकादमी की ओर से कोई सूचना इत्तेला नहीं दी गई, पूर्व में भी राजस्थान उर्दू अकादमी द्वारा राजस्थान के कई शहरों में मुशायरे आयोजित किए गए, जिसमें हमेशा टोंक और टोंक के शायर व आदीबो की अनदेखी की गई है। राजस्थान उर्दू अकादमी की एक चुनी हुई टीम ही हर मुशायरे में रहती है, टोंक को हर बार उर्दू अकादमी के कार्यक्रमों से वंचित रखा गया है, क्या उर्दू पर टोंक का कोई नही है? अब भी उर्दू अकादमी की जानिब से टोंक में एक कार्यक्रम हुआ, मगर उसमें भी उर्दू एकेडमी ने सिर्फ कार्यक्रम के नाम पर खानापूर्ति की है।



**राजस्थान उर्दू अकादमी ने कला एवं संस्कृति मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।**

## दिपावली स्नेह समारोह आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित अग्रवाल पंचायत भवन परिसर में गुरूवार को प्रातः 11 बजे रेलवे पेन्शनर्स सोसायटी एवं वरिष्ठ नागरिक परिषद् का संयुक्त तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आतिथि के रूप में राजकुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामेश्वरदास कुमावत, भूरा भाई कोविद, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, मोहन लाल कुमावत, मोहन सहाय शर्मा, गौरीशंकर सैनी, अशोक सोनी, रामजीलाल पापटवान, लाल चन्द कुमावत, अर्जुन लाल वर्मा रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात आगन्तुक अतिथियों का माला, साफा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वालो को विशेष सम्मान दिया गया। वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनायें देकर सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## सार-समाचार

### पाथरेड़ी में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पाथरेड़ी में मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी की थीम पर बीसीएमएचओ डॉ. हरि यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन हुआ। डॉ. यादव ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी परिवारों को योजना से जोड़ना है, ताकि सभी परिवारों को 10 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सके। राज्य के वे परिवार जो निःशुल्क पात्र परिवारों की श्रेणी में नहीं आते एवं सरकारी कर्मचारी/पेंशनर नहीं है तथा मेडिकल अटेंडेंस रूल के तहत लाभ नहीं ले रहे हैं वे निर्धारित प्रीमियम का 50 प्रतिशत अर्थात 850 रूपये प्रति परिवार प्रतिवर्ष का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत शिविर में 55 महिला, 80 पुरूष व 25 बच्चों समेत कुल 160 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान डॉ. अनुज अग्रवाल, सचिन शर्मा, विरेन्द्र यादव व सुरेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा जिला कलेक्टर सीकर के निर्देशों की पालना में 10 नवंबर गुरुवार को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की वीसी कक्ष में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड की अध्यक्षता में संपन्न जनसुनवाई की जानकारी देते हुए राठौड ने बताया गया है कि जनसुनवाई में आमजन की पेयजल, विद्युत, राजस्व, पंचायती राज विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याएं सुनी गई व इनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बताया गया है कि जनसुनवाई में प्राप्त 2 प्रकरण विद्युत विभाग ,तीन प्रकरण तहसीलदार, एक प्रकरण उप पुलिसअधीक्षक नीमकाथाना को ऑनलाइन प्रेषित किए जा कर नियत समय पर नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में एसडीम राठौड के साथ लोकेंद्र मीणा तहसीलदार , मालीराम रैगर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ,डॉक्टर राजेश मांगावा कार्यवाहक ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी , पृथ्वीपाल मीणा बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी , अजय सिंह विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़, राकेश कुमार कुलदीप सहायक प्रशासनिक अधिकारी उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर सहित समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आई रिसर्च सेंटर सोसायटी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की और से 12 नवंबर शनिवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीक से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा व मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा ,भोजन व रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी । शिविर में चयनित नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु जयपुर ले जाने व वापस श्रीमाधोपुर पहुंचाने की व्यवस्था भी निःशुल्क होगी। मरीजों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने साथ अपने आधार कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी लावे। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सचिव सागरमल हलवाई,कोषाध्यक्ष रेवत सिंह शेखावत आदि ने क्षेत्रवासियों से शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ली

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय तहसील परिसर में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा कोटपूतली की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सहायक कलक्टर सूर्यकान्त शर्मा रहे। इस मौके पर अतिथियों ने पेंशनर समाज से सामाजिक सरोकार के कार्यो में अहम भुमिका निभाने का आग्रह किया। अध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन मंत्री बृजभूषण कौशिक ने किया। सुरेश चंद शर्मा ने सरस्वती पूजन करवाया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाराम वर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, संयुक्त मंत्री गोकुल चंद, कोषाध्यक्ष किशन लाल शर्मा, संगठन मंत्री जगदीश प्रसाद यादव, प्रचार मंत्री बहादुर सिंह फानन, सदस्य कैलाश चंद जाट, मातादीन यादव, हरिराम रावत, दुर्गाप्रसाद मीणा, हजारी लाल, मदन सिंह शेखावत, बुधराम आर्य, ताराचंद, गुलझारी लाल, संरक्षक मण्डल श्याम सुन्दर पालीवाल, बनवारी लाल बासनीवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, हीरालाल भूषण सहित अन्य लोग मौजुद थे।

### रक्तदान किया



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** राठ क्षेत्र की जनता के लिए जिंदगी और मौत से जूझने वाले मरीजों के लिए रक्त की गंगा बहाने वाले रक्त वीर राकेश जयपाल की टीम के बढ़ते हौसलों की मुहिम में बहरोड के लखीमपुर उर्फ़ लिखमा की ढाणी की बेटी कविता चौधरी तथा उनके पति रविंद्र चौधरी जो कि बैंक में कर्मचारी हैं राकेश जयपाल के रक्तदान की खबरों से उत्साहित होकर आखिर बहरोड़ के कैलाश पार्क हॉस्पिटल में जाकर कैलाश पार्क हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट करते हुए राठ क्षेत्र में क्षेत्र की जनता के लिए रक्तदान करने वाली टीम के हौसलों में चार चांद लगा दिए।

### पोक्सो एक्ट के मामले में एक गिरफ्तार


**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने बलात्कार व पोक्सो एक्ट के एक मामले में कार्यवाही करते हुए विगत 15 दिनों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। थाना प्रभारी हितेश शर्मा ने बताया कि विगत 27 अक्टूबर को थाना क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पर उपस्थित होकर मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि पीड़िता 26 अक्टूबर की रात्रि करीब 8 बजे घर से बाहर आई तो उसी समय आरोपी राज पुत्र रामनिवास धानका निवासी चिमनपुरा ने पीछे से आकर उसे पकड़ लिया एवं पीडिता के साथ जबरदस्ती करते हुए उसके कपडे फाड़ दिये व गलत कार्य किया। यही नहीं इस बारे में किसी ओर को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### प्रजापति समाज का स्नेह मिलन समारोह

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी स्थित प्रजापति समाज धर्मशाला परिसर में प्रजापति समाज द्वारा दिपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक दूसरे का मुंह करवाकर दिपावली की बधाई और शुभकामनायें दी। तत्पश्चात प्रजापति समाज विकास व विवाह समिति की एक आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल मारवाल आसलपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 26 जनवरी बसन्त पंचमी को समाज का 9वां सामूहिक विवाह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सम्मेलन में 41 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया।

### प्रधानाचार्य राज्य स्तर पर सम्मानित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर को माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना 2 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला एवं निदेशक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ।



हार्दिक पंड्या निश्चित रूप से भविष्य में टीम की कमान संभालेंगे और कुछ खिलाड़ी संन्यास भी लेंगे, आप कुछ नहीं कह सकते। खिलाड़ी इस पर काफी विचार कर रहे होंगे। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, टी-20 विश्वकप में भारत की हार के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ एलेक्स हेल्स**



कुछ महीनों पहले तक एलेक्स हेल्स इंग्लैंड के टी20 विश्व कप अभियान की योजना में भी शामिल नहीं थे लेकिन अब वह इस टूर्नामेंट में टीम के लिये सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। 'रिक्रिएशनल' (नशे के लिये) ड्रग जांच में विफल होने के बाद इंग्लैंड की 2019 विश्व कप टीम से बाहर किये जाने के बाद हेल्स ने तीन साल क्रिकेट से बाहर अकेलेपन में गुजारे। वह केपटाउन में अपनी महिला मित्र के साथ चार हफ्ते के लिये छुट्टियों पर थे और भाग्य में कुछ और ही लिखा था।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्वकप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

## यंगमेन की लगातार छठी हार

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। अहबाब फुटबाल क्लब ने गुरुवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में यंगमेन एफसी को टूर्नामेंट की छठी हार सौंपते हुए 3-1 से मात दी। विजेता के लिए रिकी घारामी ने दो गोल जमाए जबकि एक गोल जामा ने किया। यंगमेन का इकलौता गोल ध्रीतेन ने किया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में सिटी एफसी और गढ़वाल डायमंड ने गोल शून्य खेलकर अंक बांट लिये। शादाब

## सुमित, गोविंद ने एशियाई चैम्पियनशिप में जीते कांस्य

अम्मान (जॉर्डन), 10 नवंबर। थाईलैंड ओपन 2022 के चैंपियन सुमित और गोविंद कुमार साहनी ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारकर कांस्य पदक से संतोष किया। गोविंद को पुरुषों के 48 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकस्तान के संजर ताशकेनबे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में ताशकेनबे के कई वार रोके, लेकिन यूथ विश्व चैंपियनशिप 2021 के गोल्ड मेडलिस्ट ताशकेनबे ने अगले दो राउंड में वापसी करके बाउट जीत लिया। दूसरी ओर, सुमित (75 किग्रा) का सामना एशियाई प्रतियोगिता के गत चैंपियन जफ़ारोव सैदजमशीद से था, जहां भारतीय मुक्केबाज को 0-5 की हार का सामना करना पड़ा। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 27 शीर्ष मुक्केबाजी देशों के 267 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

## एटीके मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को हराया

कोलकाता, 10 नवंबर। एटीके मोहन बागान गुरुवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। लिस्टन कोलाको ने 35वें मिनट में एटीके मोहन बागान को बढ़त दिलाई लेकिन आरोन इवांस ने 81वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। नियमित समय खत्म होने से एक मिनट पहले सुभाशीष बोस गोल दागकर एटीके मोहन बागान की जीत सुनिश्चित की। बोस अपना 99वां आईएसएल मैच खेल रहे थे जबकि एटीके मोहन बागान का यह 50वां आईएसएल मुकाबला था। इस जीत से एटीके मोहन बागान पांच मैच में 10 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद एफसी की टीम छह मैच में 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। अंतिम स्थान पर चल रहे नॉर्थईस्ट यूनाईटेड को छह मैच के बाद भी पहले अंक का इंतजार है।

## बांग्लादेश एकादश ने तीसरे वनडे में तमिलनाडु एकादश को 19 रन से हराया

चेन्नई, 10 नवंबर। बांग्लादेश एकादश ने गुरुवार को यहां चार मैच की श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मैच में तमिलनाडु एकादश को 19 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 48.4 ओवर में 220 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से मोहम्मद तौहिद हिरिदॉय ने 74 गेदं में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 66 रन की पारी खेली जबकि अनामुल हक बिजॉय ने 42 रन का योगदान दिया। तमिलनाडु एकादश की ओर से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एच त्रिलोक नाग ने तीन विकेट चटकाए। बाएं हाथ के स्पिनरों एस अजित राम और एस मोहन प्रसाथ ने दो-दो विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। तौहिद और मोहम्मद ताइजुल इस्लाम (19) के बीच सातवें विकेट की 64 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। इसके जवाब में अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही तमिलनाडु की टीम कप्तान प्रदोष रंजन पॉल (108 गेंद में 70 रन, छह चौके) और डेरिल एस फेरारियो (61 गेंद में 40 रन, दो चौके) की मौजूदगी में एक समय 38वें ओवर में दो विकेट पर 138 रन बनाकर अच्छी स्थिति में लग रही थी।

## मनु गंडास ने कोर्स रिकॉर्ड बनाकर बढ़त हासिल की

हैदराबाद, 10 नवंबर। मौजूदा चैम्पियन मनु गंडास ने गुरूवार का यहां तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स में 10 अंडर 60 का शानदार कार्ड खेलकर कोर्स रिकॉर्ड बनाया और पांच शॉट की बढ़त हासिल की। गुरूग्राम के गंडास का कुल स्कोर 17 अंडर 123 है। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने सात अंडर 63 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर 128 के कुल स्कोर से हैदराबाद के 17 वर्षीय मिलिंद सोनी (65) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

# भारत को रौंदकर फाइनल में पहुंची इंग्लैंड

## दस विकेट से जीते इंग्लैंड का मुकाबला फाइनल में पाकिस्तान से



एडिलेड, 10 नवंबर। इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स (86 नाबाद) और जॉस बटलर (80 नाबाद) के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत गुरुवार को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से रौंदकर पाकिस्तान के साथ फाइनल में जगह बनाई।

भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बटलर-हेल्स की जोड़ी ने चार ओवर रहते हुए हासिल कर लिया। पहले विकेट के लिये 170 रन की नाबाद साझेदारी में एलेक्स हेल्स ने 47 गेंदों पर चार चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 86 रन बनाये जबकि कप्तान बटलर ने 49 गेंदों पर नौ चौके और तीन छक्के लगाकर 80 रन की अजेय पारी खेली।

हार्दिक पांड्या ने भारत को 168 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने के लिये 33 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन की विस्फोटक पारी खेली थी, लेकिन बटलर-हेल्स की जोड़ी ने हार्दिक की मेहनत पर पानी फेर दिया।

इंग्लैंड और पाकिस्तान दोनों मेलबर्न में रविवार को होने वाले फाइनल में दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने के लिये अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इंग्लैंड ने इससे पहले 2010 में यह खिताब जीता था जबकि टी20 विश्व कप 2016 के फाइनल में उन्हें वेस्ट इंडीज के हाथों हार मिली थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने 2009 में टी20 विश्व कप की ट्रॉफी उठाई थी और यह उनका दूसरा फाइनल है।

पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच एकदिवसीय विश्व कप 1992 का फाइनल भी इंग्लैंड में खेला गया था जहां इमरान खान की टीम ने इंग्लैंड को मात देकर ट्रॉफी उठाई थी। बटलर और हेल्स की जोड़ी ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विस्फोटक शुरुआत की। दोनों ने पावरप्ले में इंग्लैंड के लिये 63 रन जोड़े जबकि भारत इस दौरान एक विकेट के नुकसान पर 38 रन ही बना सका था।

बटलर-हेल्स ने विस्फोटक शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलते हुए 11वें ओवर में 100 रन का आंकड़ा छुआ, जबकि 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने छक्का लगाकर इंग्लैंड को फाइनल में पहुंचाया।

यह (170 नाबाद) टी20 विश्व कप की सबसे बड़ी, जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा यह भारत के खिलाफ पहले विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान ने टी20 विश्व कप 2021 में 152 रन की अजेय साझेदारी करके पाकिस्तान को भारत पर जीत दिलाई थी।

अक्षर पटेल (चार ओवर, 30 रन) और अर्शदीप सिंह (दो ओवर, 15 रन) के अलावा कोई भी भारतीय गेंदबाज रनों पर लगाम नहीं लगा सका। रविचंद्रन अश्विन ने दो ओवर में 27 रन दिये, जबकि मोहम्मद शमी ने तीन ओवर में 39 रन लुटाए। भुवनेश्वर कुमार को दो ओवर में 25 रन पड़े और हार्दिक पांड्या ने तीन ओवर में 34 रन दिये।

इससे पूर्व, भारत ने हार्दिक पांड्या की 61 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर 168 रन बनाये। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और दूसरे ही ओवर में केएल राहुल को आउट कर दिया। रोहित शर्मा ने कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिये 47 रन जोड़े लेकिन वह 28 गेंदों पर 27 रन ही बना सके। आदिल रशीद ने भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए रनगति पर लगाम लगाई और सूर्यकुमार यादव (14) का बहुमूल्य विकेट ले लिया।

भारत ने 14 ओवर में सिर्फ 90 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और उन्हें चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने के लिये विस्फोटक साझेदारी की जरूरत थी। कोहली और पांड्या ने भारत को वह साझेदारी देते हुए 40 गेंदों पर 61 रन जोड़े। कोहली हालांकि 40 गेंदों पर एक छक्के और चार चौकों की मदद से 50 रन बनाकर 18वें ओवर में आउट हो गए। कोहली टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहली बार आउट हुए और उनका विकेट क्रिस जॉर्डन ने लिया।

कोहली का विकेट गिरने के बाद भी पांड्या नहीं रुके। उन्होंने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़कर 29 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि आखिरी ओवर में क्रिस जॉर्डन को एक चौका और एक छक्का लगाकर भारत को 20 ओवर में 168/6 के स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिये जॉर्डन ने चार ओवर में 43 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि क्रिस वोक्स और आदिल रशीद को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

## हार निराशाजनक, शर्मनाक नहीं : द्रविड़

एडिलेड,10 नवंबर। भारत के कोच राहुल द्रविड़ ने टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड के हाथों मिली हार को निराशाजनक बताया, लेकिन उसे 'शर्मनाक हार' कहने से परहेज़ किया। इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल पर खेले गए सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से रौंदा। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया था जिसे जॉस बटलर और एलेक्स हेल्स की सलामी जोड़ी ने 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब द्रविड़ से पूछा गया कि क्या यह एक 'शर्मनाक हार' है, तो उन्होंने कहा, शर्मनाक हार तो नहीं, लेकिन यह निराशाजनक है। द्रविड़ ने कहा, इंग्लैंड आज बेहतर टीम थी और उन्होंने हमसे बेहतर खेला। हमने गेंद को आगे टप्पा देने का प्रयास किया। यह एक योजना थी, लेकिन वह इसके खिलाफ सफल रहे। यहां गेंद उतनी स्विंग नहीं हुई जितनी ऑस्ट्रेलिया के अन्य हिस्सों में होती है। परिस्थितियां उनके हित में रहीं, और बटलर-हेल्स की साझेदारी आज शानदार थी। बटलर-हेल्स की जोड़ी ने 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की विस्फोटक शुरुआत की और पावरप्ले में 63 रन जोड़ लिये। भारतीय टीम इस दौरान 38 रन ही बना सकी थी।

## हमारी गेंदबाजी निराशाजनक रही : रोहित

एडिलेड, 10 नवंबर। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट की शर्मनाक हार के बाद कहा कि भारतीय गेंदबाजी का स्तर बेहद निराशाजनक रहा। रोहित ने कहा, आज का दिन बहुत निराशाजनक रहा। हमने इस स्कोर तक पहुंचने के लिये अंत में अच्छी बल्लेबाजी की। हमारी गेंदबाजी का स्तर निराशाजनक था, हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिये भारत को 10 विकेट से मात दी। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया, जिसे जॉस बटलर और एलेक्स हेल्स की जोड़ी ने चार ओवर रहते हुए हासिल कर लिया।

उन्होंने कहा, यह नॉकआउट मैचों में दबाव को सहने की क्षमता पर निर्भर करता है। इन सब खिलाड़ियों ने यह समझने के लिये काफी मैच खेले हैं। आईपीएल मैचों में भी दबाव में खेला है, तो यह शांत रहने पर निर्भर करता है। हमने शुरुआत में कुछ गलतियां कीं, लेकिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा। वह बहुत अच्छा खेले। हम जानते थे कि विकेट के दाईं और बाईं ओर रन बनाना आसान था। रोहित की टीम सुपर-12 के ग्रुप-2 की अंक तालिका के शीर्ष पर रही थी। उन्होंने अपने चार मुकाबलों में जीत दर्ज की थी जबकि एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## आईओए ने संविधान के मसौदे को अपनाया

नयी दिल्ली, 10 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उच्चतम न्यायालय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की देखरेख में तैयार अपने संविधान के मसौदे को गुरुवार को स्वीकार कर लिया लेकिन कई सदस्यों ने कहा कि शीर्ष अदालत के इसे अनिवार्य बनाने के बाद उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया।

यहां आईओए की आम सभा की विशेष बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने मसौदा संविधान में कम से कम आधा दर्जन संशोधनों पर आपत्ति जताई और कहा कि 'आम सभा के लोकतांत्रिक अधिकारों को पूरी तरह से छीन लिया गया। दिसंबर तक चुनाव नहीं होने की स्थिति में आईओसी से निलंबन के खतरे के अलावा उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को देखते हुए आईओए के पास अपने संविधान में बदलाव करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।

मसौदा संविधान को उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एल नागेश्वर राव ने तैयार किया था और आईओसी पहले ही इसे स्वीकृति दे चुका है। उच्चतम न्यायालय ने आईओए के चुनाव 10 दिसंबर को कराने को स्वीकृति दे दी है। न्यायालय में इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी।

आईओसी के लगातार संपर्क में बने हुए आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा, "हमने मामूली बदलावों के साथ उच्च न्यायालय (के आदेश) के अनुसार संविधान में संशोधन किया है। हम कल सुनवाई के लिए इसे आज उच्चतम न्यायालय को सौंपेंगे।"

शुरुआत में भ्रम था कि आईओए आम सभा ने मसौदा संविधान को स्वीकार किया है या नहीं क्योंकि कुछ सदस्यों ने कहा था कि संशोधनों को खारिज कर दिया गया है। लेकिन मेहता ने स्पष्ट किया कि देश के उच्चतम न्यायालय के अनिवार्य निर्देश के खिलाफ जाने का आईओए के पास कोई 'अधिकार' नहीं है।

उन्होंने कहा, "कुछ आपत्तियां जताई गई हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि संविधान को स्वीकार नहीं किया गया। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार यह अनिवार्य था। मसौदा संविधान को आईओसी ने भी स्वीकृति दी है। आईओए के पास संविधान में बदलाव का कोई अधिकार नहीं है।"

मेहता ने कहा, "अब यह उच्चतम न्यायालय पर निर्भर करता है कि वे इन आपत्तियों को स्वीकार करें या नहीं। मैं उच्चतम न्यायालय को सूचित करने जा रहा हूं कि हमने मामूली बदलावों के साथ मसौदा संविधान को स्वीकार कर लिया है। हम बस यही कर सकते थे।"

राज्य ओलंपिक संघों के मतदान के अधिकार को खत्म करने, सभी कार्यकारी परिषद के सदस्यों को पदाधिकारियों के रूप में शामिल करने, राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के पुरुष और महिला सदस्यों का समान प्रतिनिधित्व, सीईओ के प्रस्तावित अनिर्वाचित पद पर नियुक्ति के तरीके और कार्यकारी परिषद में उत्कृष्ट योग्यता वाले आठ खिलाड़ियों को पूर्ण मतदान के अधिकार के साथ जगह देने के प्रावधान पर आपत्तियां जताई गई हैं।

कुछ सदस्यों द्वारा जारी चार पन्ने के सर्कुलर के अनुसार, "माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में इस काम (मसौदा संविधान को स्वीकार करने) को औपचारिक करार दिया है। आम सभा के लोकतांत्रिक अधिकार को छीना गया है। इसमें कहा गया, "हम अपने स्वतंत्र अंत:करण से संशोधनों पर विचार-विमर्श नहीं कर पाए।

## गुणतिलाका को लेकर श्रीलंका ने मांगी माफी

कोलम्बो, 10 नवंबर। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रानासिंघे ने दनुष्का गुणतिलाका के विरुद्ध लगे दुष्कर्म के आरोप को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार,वहां के लोगों, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और पीड़ित युवती से माफी मांगी है। अखबार डेली मिरर ने रानासिंघे के हवाले से कहा, खेल मामलों के लिये जिम्मेदार मंत्री होने के नाते मैं माफी मांगता हूं। रानासिंघे ने कहा कि इस मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए और उनकी सरकार को श्रीलंका सरकार पूरा सहयोग करेगी। रानासिंघे ने कहा, मैं बहुत चिंतित हूं और अपने देश और इसके लोगों की ओर से आवश्यक कार्रवाई करने की जिम्मेदारी लूंगा। उल्लेखनीय है कि गुणतिलाका को सिडनी में एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में रविवार गिरफ्तार किया गया था।

## आयरलैंड की हार के बाद अच्छी वापसी की : जॉस बटलर

एडिलेड,10 नवंबर। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टी20 विश्व कप 2022 में गुरुवार को भारत के खिलाफ 10 विकेट की विशाल जीत के बाद कहा कि उनकी टीम ने सुपर-12 दौर में आयरलैंड के हाथों मिली हार से उभरने के लिये शानदार क्षमता दिखाई। आयरलैंड ने टी20 विश्व कप के सुपर-12 मैच में डकवर्थ लुइस पद्धित के आधार पर इंग्लैंड को पांच रनों से मात दी थी। बटलर ने कहा, मुझे लगता है कि हमने आयरलैंड के हाथों हार के बाद से जो क्षमता दिखाई है वह शानदार है। हम यहां बहुत उत्साहित होकर आए थे और अच्छा महसूस कर रहे थे। हमारे सभी खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में पहुंचने के लिये 169 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे बटलर और एलेक्स हेल्स की सलामी जोड़ी ने 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। दोनों ने पावरप्ले में विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 63 रन जोड़े और इसी आक्रामक अंदाज के दम पर भारतीय गेंदबाजों को पस्त कर दिया। बटलर ने कहा, हम तेज और आक्रामक शुरुआत करना चाहते थे। राशिद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, यह जानना अद्भुत है कि हमारी बल्लेबाजी में ऐसी गहराई है। हेल्स ने मैदान के आयामों का अच्छा प्रयोग करते हुए अपनी फॉर्म दिखाई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को होने वाले फाइनल में इंग्लैंड का सामना पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान ने फाइनल में जगह बनाने के लिये पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को सात विकेट से मात दी थी। बटलर ने कहा कि इस जीत की खुशी मनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने टी20 विश्व कप 2022 का अपना पहला मैच खेल रहे क्रिस जॉर्डन की गेंदबाजी के लिये उनकी तारीफ की और कहा कि जॉर्डन ने हार्दिक पांड्या जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी के खिलाफ डेथ ओवरों के दबाव में अच्छी गेंदबाजी की।

## अगले साल टी-20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय महिला टीम

जोहानिसबर्ग, 10 नवंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम 2023 टी20 विश्व कप से पहले मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ 19 जनवरी से दो फरवरी 2023 के बीच त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लेगी। ये त्रिकोणीय श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम की तैयारियों का हिस्सा होगी।

त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मुकाबले ईस्ट लंदन के बफेलो पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज 2016 टी20 विश्व चैंपियन है जबकि भारत 2020 में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उप विजेता रहा था। त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने के लिए सभी टीम एक दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी। विश्व कप का आयोजन 10 से 26 फरवरी तक केपटाउन, पार्ल और गबेरहा में किया जाएगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक इनोच एनक्वे ने बयान में कहा, "2023 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत की नजरें दक्षिण अफ्रीका पर होंगी।

हम भारत और वेस्टइंडीज का अपने देश में स्वागत करते हैं जबकि मुख्य कोच हिल्टन मोरींग और उनकी टीम फरवरी में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए अपनी तैयारी पूरी करेगी। उन्होंने कहा, ये दो टीम महिला टी20 क्रिकेट के सबसे प्रतिभावान और मनोरंजक देशों में से हैं। इन्होंने पिछले चार फाइनल में से दो में जगह बनाई है और वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता।

फाइनल दो फरवरी को खेला जाएगा।

त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम इस प्रकार है :- 19 जनवरी: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, 21 जनवरी: दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, 23 जनवरी: भारत बनाम वेस्टइंडीज, 25 जनवरी: दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, 28 जनवरी: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, 30 जनवरी: भारत बनाम वेस्टइंडीज, दो फरवरी: फाइनल।

## पंड्या ने टी-20 विश्वकप से बाहर होने पर कहा, निराश हूं

एडीलेड, 10 नवंबर। स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने भारत को गुरूवार को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट की हार के बाद कहा कि वह 'सदमे में हैं, आहत हैं, निराश हैं'।

पंड्या ने 33 गेंद में 63 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को छह विकेट पर 168 रन बनाने में मदद की लेकिन इंग्लैंड ने यह लक्ष्य 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। पंड्या ने ट्वीट किया, "निराश हूं, आहत हूं, सदमे में हूं। हम सभी के लिये इस नतीजे को स्वीकार करना मुश्किल है। साथी खिलाड़ियों के साथ रिश्ते का काफी लुत्फ उठाया है, हमने हर कदम पर एक दूसरे के लिये लड़ाई लड़ी।

## कई सीनियर खिलाड़ी अगले साल टी-20 प्रारूप नहीं खेलेंगे, बदलाव की शुरुआत होगी : सूत्र

एडीलेड, 10 नवंबर। भारत की टी20 टीम में अगले 24 महीनों में बड़ा बदलाव होगा क्योंकि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे बाहर कर दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

ऐसा लगता है कि अश्विन और दिनेश कार्तिक ने सबसे छोटे प्रारूप में भारत के लिए अपने आखिरी मुकाबले खेल लिए हैं लेकिन बीसीसीआई अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय भविष्य के बारे में फैसला करने की जिम्मेदारी कोहली और रोहित पर छोड़ देगा। टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में टीम की शर्मनाक हार के बाद परेशान दिख रहे रोहित को मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सांत्वना दी और फिर प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया का सामना भी किया।

अगला टी20 विश्व कप अब भी दो साल दूर है और अगर मामले की जानकारी रखने वालों की बात मानी जाए तो हार्दिक पंड्या की अगुआई में नई टीम तैयार होगी क्योंकि वह लंबे समय तक कप्तानी करने के दावेदार हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, "बीसीसीआई कभी किसी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता है। यह एक व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन हां 2023 में सीमित टी20 मुकाबलों को देखते हुए अधिकांश सीनियर एकदिवसीय और टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।"

सूत्र ने कहा, "अगर आप नहीं चाहते तो आपको संन्यास की घोषणा करने की जरूरत नहीं है। आप अगले साल ज्यादातर सीनियर खिलाड़ियों को टी20 खेलते हुए नहीं देखेंगे।" द्रविड ने कहा, "सेमीफाइनल मुकाबले के बाद अभी इसके बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। इन खिलाड़ियों ने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया है। जैसा आपने कहा, हमारे पास इस पर विचार करने के लिए कुछ साल हैं।"

यह समझा जाता है कि अगले एक साल के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अधिक तवज्जो नहीं मिलेगी क्योंकि भारत अगले साल स्वदेश में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले कम से कम 25 एकदिवसीय मैच खेलेगा।

भारत के भविष्य दौरा कार्यक्रम पर नजर डालें तो पता चलता है कि 50 ओवर के विश्व कप तक टीम अगले सप्ताह न्यूजीलैंड में तीन मैच की श्रृंखला से शुरू होने वाले द्विपक्षीय आयोजनों के रूप में केवल 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी।

शुभमन गिल को टीम में शामिल करने और ऋषभ पंत (दौरे के लिए उप-कप्तान) के पारी का आगाज करने से पावरप्ले बल्लेबाजी का समीकरण बदल सकता है। बेहद प्रतिभाशाली पृथ्वी साव को भी नहीं भूलना चाहिए जिन्हें कोच के रूप में द्रविड़ के कार्यकाल में बार-बार नजरअंदाज किया गया है।

रोहित और कोहली बहुत बड़े नाम हैं और संभावना है कि बीसीसीआई अपने भविष्य का फैसला उन्हें ही करने देगा। रोहित अभी 35 साल के हैं और दो साल में 37 साल की उम्र में उनके वैश्विक टी20 टूर्नामेंट में टीम की अगुआई करने की उम्मीद नहीं है।

कार्तिक को मौजूदा टी20 विश्व कप को देखते हुए अल्पकाल के लिए फिनिशर की भूमिका सौंपी गई थी। जहां तक अश्विन की बात है तो पूरे टूर्नामेंट के दौरान वह विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान करने में नाकाम रहे।

## सेमीफाइनल में हार के बाद विशेषज्ञों ने पावरप्ले में भारत के रवैये पर सवाल उठाए

एडीलेड, 10 नवंबर। पूर्व क्रिकेटर शेन वाटसन और नासिर हुसैन ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप से भारत के शर्मनाक तरीके से बाहर होने के बाद टीम के 'डरपोक' बल्लेबाजी रवैये की आलोचना की। एलेक्स हेल्स और जोस बटलर के नाबाद अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हरा दिया।

भारत ने ग्रुप चरण की तरह सेमीफाइनल में भी काफी धीमी बल्लेबाजी की और टीम शुरुआती छह ओवर में केवल 38 रन की बना सकी। इंग्लैंड का दृष्टिकोण इसके विपरीत था क्योंकि उन्होंने छह ओवर में 63 रन बनाए। टी20 विश्व कप से पहले भारत ने अधिक आक्रामक बल्लेबाजी रवैया अपनाया था लेकिन रोहित शर्मा और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ी बड़े मंच पर उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए।

भारतीय टीम इंग्लैंड को कोई टक्कर नहीं दे सकी। एक साल पूर्व पिछले टूर्नामेंट में तो भारतीय टीम नॉकआउट में जगह भी नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर वाटसन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "भारत ने बल्ले से काफी डरपोक रवैया अपनाया। दुर्भाग्य से रोहित और राहुल शुरुआती छह ओवर में गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख नहीं अपना पाए। उनके पास बड़े शॉट खेलने की क्षमता है लेकिन आपको टी20 क्रिकेट में आक्रामक रुख अपनाना होता है।"

उन्होंने कहा, "हार्दिक आक्रामक रुख अपनाने में सफल रहे लेकिन भारत को छह से आठ ओवर पहले आक्रामक होना चाहिए था।" जैसे ही इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने विजयी छक्का लगाया, नासिर हुसैन ने कमेंटरी करते हुए टिप्पणी की, "भारत शुरुआत से ही डरा हुए था और इंग्लैंड ने उन्हें रौंद दिया।"



*विश्व की अद्भुत वर्ल्ड हैरिटेज साइट्स में से एक हैं बुरकीना फासो के प्राचीन फैरस मैटलर्जी अवशेष। अफ्रीका के इस क्षेत्र में धातु का काम बेहद आम है तथा ईसापूर्व सन् 800 से हो रहा है। लौह उत्पादन बुरकीना फासो की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग था। आश्चर्य यह है कि इन लोगों ने 2800 साल पहले मैटलवर्क के लिए आवश्यक औजार व भवन बना लिए थे। आयरन मैटलवर्क के लिए मुख्यतया लोहे का खनन तो होता ही था, साथ ही, कभी-कभी सोना और मार्बल भी मिल जाता था, जिसका उपयोग ये लोग आभूषण और हथियार आदि बनाने के लिए करते थे। बुरकीना फासो की मैटलर्जी साइट्स पर बनी खूबसूरत वस्तुओं को अफ्रीका के आसपास के भागों में बेहद कीमती माना जाता था, क्योंकि अन्य स्थानों पर ना तो कच्चा माल उपलब्ध था ना ही उसके संवर्धन की टैक्नॉलजी थी। बुरकीना फासो के पांच शहरों में पांच मैटलवर्किंग कॉम्पलैक्स थे। पन्द्रह स्थानों पर इनके जो अवशेष मिले हैं उनमें प्राकृतिक नैचुरल ड्राफ्ट फरनैक्स (भट्टियाँ) हैं, जो लौह उत्पाद के लिए आवश्यक होते हैं। इन प्राकृतिक ड्राफ्ट फरनैस का उपयोग कच्चा लोहा पिघलाने के लिए और फिर लौह अयस्क से अशुद्धियाँ हटाने के लिए होता था। सबसे पुरानी भट्टी दौरौला में मिली है, जो संभवतया 800 ईसापूर्व की है। माना जाता है कि, सबसे पहले लोहा निकालने की शुरूआत यहीं हुई थी। एक अन्य शहर, बैक्वे में जो फरनैस मिले हैं, वे 500 ईसापूर्व के हैं। इनमें से अधिकांश आंशिक रुप से भूमिगत हैं। अन्य तीन जगहों पर भी फरनैस मिले हैं पर ये दसवीं सदी ईस्वी और उसके बाद के हैं। बड़े फरनैस पांच शहरों में ही हैं, बाकी अन्य क्षेत्रों में छोटे-छोटे फरनैस हैं। इसका अर्थ है कि लौह अयस्क को पिघलाना, साफ करना, प्राचीन बुरकीना फासो की जीवन शैली और परम्परा का अंग था, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित किया गया। आज भी मैटलर्जी बुरकीना फासो की संस्कृति और अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। यहां की प्राचीन फैरस मैटलर्जी साइट्स को वर्ष 2019 में युनैस्को ने वर्ल्ड हैरिटेज साइट घोषित किया था।*

# सौम्या गुर्जर की बर्खास्तगी का आदेश रद्द किया हाई कोर्ट ने

## ई-मेल पर हाई कोर्ट का आदेश आने के बाद नए मेयर के चुनाव की मतगणना रोक दी गई

- **हाई कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए सौम्या के वकील एम.एस. सहारण ने दोपहर एक बजे राज्य निर्वाचन आयुक्त और रिटर्निंग ऑफिसर को ई-मेल भेजकर जानकारी दी।**
- **गुरुवार को भाजपा की रश्मि सैनी और कांग्रेस की हेमा सिंहानिया में से किसी एक को चुनने के लिए पार्षदों ने वोटिंग की थी, पहली पेटी खुल चुकी थी पर कोर्ट का आदेश मिलने पर मतपेटियां सील कर दी गईं।**
- **ग्रेटर निगम के पूर्व आयुक्त, यज्ञमित्र सिंह के साथ हुए विवाद की न्यायिक जांच में दोषी मानते हुए राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को 27 सितंबर को बर्खास्त कर दिया था। साथ ही 6 साल तक निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया था।**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 10 नवम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर को बर्खास्त करने के राज्य सरकार के आदेश को गुरूवार दोपहर निरस्त (रद्द) कर दिया। उधर ग्रेटर निगम मुख्यालय में महापौर उपचुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी थी और मतगणना भी शुरू हो गई थी। हाईकोर्ट का लिखित आदेश आने से पहले ही रिज़ल्ट आने की संभावना थी। इसी दौरान सौम्या के वकील एम.एस. सहारण ने दोपहर 1 बजे राज्य निर्वाचन आयुक्त और रिटर्निंग ऑफिसर को ई-मेल करके हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए चुनाव प्रक्रिया रोकने का आग्रह किया। जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटों की काउंटिग रोककर मतपेटियां सील करा दीं। अब माना जा रहा है कि सौम्या गुर्जर शुक्रवार को वापस मेयर का पदभार संभाल सकती है।

दरअसल गुरूवार को ग्रेटर निगम में महापौर उपचुनाव था। भाजपा प्रत्याशी रश्मि सैनी और कांग्रेस उम्मीदवार हेमा सिंघानियां में से मेयर चुनने के लिए दोनों दलों के पार्षद वोट डाल चुके थे। दोपहर करीब 12 बजे मतगणना भी शुरू हो गई थी। पहली पेटी खुलने पर 38 वोट भाजपा और 33 वोट कांग्रेस को मिले थे। एक वोट निरस्त हो गया था। करीब आधे घंटे बाद मेयर के चुनाव का फैसला आने वाला था। तभी एक ई-मेल आया और काउंटिग रोक दी गई। राजस्थान के इतिहास में यह पहला मौका था, जब एक ई-मेल के कारण काउंटिग रोककर मतपेटियां फिर से सील कर दी गई।

ज्ञात रहे कि राज्य सरकार ने गत 27 सितंबर को जयपुर ग्रेटर नगर निगम की तत्कालीन मेयर सौम्या गुर्जर को सरकार ने बर्खास्त कर दिया था। दरअसल ग्रेटर निगम के पूर्व आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद में राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को दोषी मानते हुए उन्हें महापौर पद से बर्खास्त कर दिया था। साथ ही 6 साल के लिए निकाय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी घोषित किये थे।

सौम्या की बर्खास्तगी के बाद राज्य सरकार ने एक बार फिर शील धाभाई को कार्यवाहक महापौर बनाया था। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी पिछले दिनों चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके चलते भाजपा ने रश्मि सैनी को और कांग्रेस ने हेमा सिंघानियां को मेयर उम्मीदवार बनाया। करीब एक हफ्ते की बाड़ेबंदी के बाद गुरूवार को मतदान हुआ। हेमा का दावा था कि उनके साथ कांग्रेस के 49 और 5 निर्दलीय पार्षद है। भाजपा से असंतुष्ट पार्षद भी उनके साथ है। जबकि, रश्मि अपनी पार्टी के 85 पार्षद एकजुट होने के दावे के साथ जीत तय मान रही थी। हालांकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने क्रॉस वोटिंग की संभावना को देखते हुए अपने-अपने प्रत्याशियों को बाड़ेबंदी में कैद कर रखा था।

उधर गुरूवार को दोपहर ग्रेटर निगम के मेयर के चुनाव में सभी 146 पार्षद वोटिंग कर चुके थे। काउंटिग चल रही थी, लेकिन रिज़ल्ट से ठीक पहले चुनाव प्रक्रिया रोकी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अदालती आदेश से हालात ऐसे पैदा हो गए कि राज्य निर्वाचन आयोग के पास चुनाव प्रक्रिया रोकने के अलावा कोई चारा नहीं था। सौम्या गुर्जर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी कि उनके खिलाफ हुई न्यायिक जांच में उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी का आदेश रद्द करते हुए सरकार से आधे घंटे में नया आदेश मांगा था। हालांकि सरकारी वकील ने हाईकोर्ट के सामने कोई नया आदेश पेश नहीं किया। इस पर कोर्ट ने सरकार से कहा कि सौम्या गुर्जर को सुनवाई का पूरा मौका मिले।

माना जा रहा है कि सरकार के अगले एक्शन तक सौम्या मेयर रह सकती हैं। सरकार अब नोटिस देकर सौम्या का पक्ष सुनने के बाद सस्पेंड कर सकती है, लेकिन इस प्रक्रिया में समय लगेगा। ऐसे में अभी के हालात में सौम्या गुर्जर पुनः मेयर का पद संभाल सकती हैं।

# अमेरिका हर माह एक लाख भारतीयों को वीज़ा देगा

- **इस घोषणा के बाद, चीन को पीछे छोड़कर भारत सबसे ज्यादा अमेरिकी वीज़ा प्राप्त करने वाला दूसरा देश बन जायेगा।**

नई दिल्ली, 10 नवंबर (वार्ता)। कोविड महामारी के बाद तेजी से सामान्य हो रही परिस्थितियों के बाद अमेरिका ने भारत के लिए वीज़ा आवेदनों को तेज़ी से निपटाने के लिए विशेष इंतजाम किये हैं और आशा जतायी है कि अगले वर्ष गर्मियों तक भारत चीन को पछाड़ कर दूसरा सर्वाधिक अमेरिकी वीज़ा पाने वाला देश बन जाएगा। इस बीच खुशी की बात यह है कि, अमेरिका ने घोषणा की है कि, हर महीने एक लाख भारतीयों को अमेरिकी वीसा जारी किये जायेंगे।

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यहां कहा कि अमेरिका की सरकार के लिए भारत नंबर एक प्राथमिकता वाला देश है। हम नवंबर मध्य में वीज़ा स्लॉट खोलने जा रहे हैं और अगले वर्ष 2023 में अमेरिकी मिशन अधिक वीज़ा आवेदनों का न्यूनतम संभव समय में निस्तारण कर रहा होगा। इसके लिए हम स्थायी एवं अस्थायी काउंसलरों की भर्ती करेंगे और ड्रॉपबॉक्स केसों की संख्या भी बढ़ाएंगे।अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने कुशल एवं तकनीकी कामगारों के लिए एच श्रेणी और प्रबंधकीय वर्ग के लिए एल श्रेणी के वीज़ा के लिए एक लाख नये स्लॉट खोल दिये हैं। हमें आशा है कि भारत अगले वर्ष गर्मियों तक अमेरिकी वीसा पाने वाले देशों की श्रृंखला में चीन को पीछे छोड़ देगा। अमेरिकी वीज़ा हासिल करने के मामले में भारत, मैक्सिको के बाद नंबर दो देश हो जाएगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि भारत को अगले वर्ष कोविड पूर्व की स्थिति की तुलना में कम से कम दस फीसदी अधिक वीज़ा जारी किये जाएंगे।

# संजय राउत के तेवर नरम पड़ गये हैं?

- **संजय राउत ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर उनको अपने मामले की पूरी सच्चाई बताऊंगा।**

मुंबई, 10 नवम्बर। पातरा चॉल स्कैम में 101 दिनों की जेल के बाद बेल पर बाहर निकले संजय राउत के तेवर अब क्या नरम पड़ गए हैं? उनके एक बयान से इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं। जेल से निकलने के बाद संजय राउत ने अब भाजपा से रिश्ते बदलने के संकेत दिए हैं। गुरुवार को उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और होम मिनिस्टर अमित शाह से मुलाकात करूंगा। संजय राउत ने कहा कि मैं मोदी और शाह से मिलकर बताऊंगा कि क्या हुआ है और पूरा मामला क्या था। संजय राउत बुधवार शाम को ही जेल से बाहर आए हैं और सबसे पहले उद्धव ठाकरे ने उनसे मुलाकात की।

# ओ.बी.सी. आरक्षण मामले को लेकर हरीश चौधरी ने अपनी ही सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव रैफर होने पर काबीना मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पर निशाना साधा

- **खाचरियावास बोले, मेरा नाम लेकर बदनाम किया जा रहा है।**

जयपुर, 10 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में ओबीसी वर्ग के पूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण को ओबीसी कोटा में ही शामिल किया जाता है, जिसे लेकर विरोध चल रहा है। इस मामले को लेकर आंदोलन कर रहे लोगों को उम्मीद थी कि वसुंधरा सरकार के समय लिए गए उक्त निर्णय को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को हुई कैबिनेट में बदल देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस फैसले के स्थगित होने के बाद कांग्रेस नेताओं में आपसी बयानबाजी शुरू हो गई है।

ओबीसी आरक्षण को लेकर विधायक हरीश चौधरी ने खुद की ही सरकार पर नाराजगी जताते हुए मोर्चा खोल दिया है। हरीश चौधरी की नाराजगी की वजह है राज्य कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रही विसंगति पर कोई विचार नहीं हुआ।

इतना ही नहीं इस बैठक में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की ओर से किए गए विरोध की बातें भी सामने आई हैं, जिसे लेकर भी हरीश चौधरी ने नाराजगी जताई है।

हालांकि मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने स्पष्ट किया है कि ओबीसी आरक्षण संबंधी प्रस्ताव को लेकर उनके बारे में जो कुछ भी कहा जा रहा है, वह सही नहीं है और उन्होंने ओबीसी आरक्षण को लेकर ऐसा कुछ भी गलत नहीं कहा है।

कहा जा रहा है कि ओबीसी आरक्षण में चल रही विसंगति को दूर करने को लेकर राजस्थान कैबिनेट में प्रस्ताव आया था, लेकिन उसे स्थगित कर दिया गया।

जबकि पूरी उम्मीद थी कि मामला उठाया जाएगा। जब पूरी उम्मीदों के बाद भी ओबीसी आरक्षण की विसंगति को बुधवार रात हुई कैबिनेट मीटिंग में दुरुस्त नहीं किया गया और इस मामले को डेफर किया गया तो पूर्व मंत्री और पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी मुखरित हो गए।

उन्होंने अपनी नाराजगी जताते हुए ट्विटर पर लिखा कि कल कैबिनेट में प्रस्ताव रखा गया था, कल कैबिनेट बैठक में रखने के बावजूद एक विचारधारा विशेष के द्वारा इसका विरोध चौंकाने वाला है। हरीश चौधरी ने अपने ट्वीट के जरिए कहा कि "मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी, मैं स्तब्ध हूं। आखिर क्या चाहते हैं आप? मैं ओबीसी वर्ग को विश्वास दिलाता हूं कि इस मामले को लेकर जो लड़ाई लड़नी पड़ेगी, लड़ूंगा।"

बताया जा रहा है कि ओबीसी आरक्षण में चल रही विसंगतियों को लेकर मामला बुधवार को हुई राज्य कैबिनेट में उठा था,लेकिन कहा जा रहा है कि मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इसे लेकर अपनी बात रखते हुए इस पर और ज्यादा सोचने की बात कही। ऐसे में एक कैबिनेट के सदस्य की ओर से रखी बात के बाद प्रस्ताव को स्थगित किया गया। इस मामले को लेकर हुए विरोध में हरीश चौधरी ने ही आंदोलन का नेतृत्व किया था, ऐसे में हरीश चौधरी ने सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत अन्य बिना नाम लिए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को निशाने पर लिया है।

## कौन से मुद्दे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भविष्यवाणियाँ भी इस प्रकार की है। इंडिया टी.वी.-मैट्राइज़ ओपिनियन पोल्स के अनुसार, भाजपा को 46 प्रतिशत वोट तथा कांग्रेस को 42 प्रतिशत वोट मिलेंगे। दिलचस्प बात यह है कि ये सर्वेक्षण अरविन्द केजरीवाल की "आप" की अच्छी सम्भावनाएं नहीं बता रहे हैं। सर्वेक्षण भविष्यवाणी कर रहे हैं कि आप को राज्य में 2 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिलेंगे। हाल ही के वर्षों में, भाजपा ने राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड शामिल हैं, में हर पाँच साल पर सरकार बदलने की "रिवॉल्विंग डोर" प्रवृत्ति को सफलतापूर्व चुनौती दी है। भाजपा रणनीतिकारों ने हिमाचल में प्रचार के दौरान महिला मतदाताओं तक पहुँचने पर जोर दिया है तथा भाजपा का सोच था कि महिला मतदाता हर पाँच साल पर सरकार को बदलने वाली प्रवत्ति को उलटने में भगवा पार्टी की मदद करेंगी। बुधवार को काँगड़ा तथा हमीरपुर में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुये, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देते हुये कहा था कि हिमाचल की महिलाओं ने तय कर लिया है कि वे हर पाँच साल बाद सरकार को बदलने के रिवाज को बदल देंगी। "इसलिये, अब इसे कोई चीज नहीं रोक सकती।"

## प्रियंका की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का नेतृत्व किया है।

राष्ट्रीय मीडिया द्वारा सृजित वातावरण के विपरीत, इस पर्वतीय प्रदेश की चुनावी लड़ाई हर तरह से बहुत जबरदस्त रही है क्योंकि कांग्रेस मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की मौजूदा भाजपा सरकार को एक गम्भीर चुनौती देने में समर्थ रही है। प्रियंका गांधी ने स्थानीय मुद्दों को बखूबी उठाया और भाजपा को कड़ी चुनौती दी।

यह पहला अवसर था, जब पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी दोनों में से किसी ने भी हिमाचल में प्रचार नहीं किया। तथा प्रचार का सारा दायित्व को प्रियंका ने ही सँभाला। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, जिनका गत वर्ष निधन हो गया था, की कमी जमीनी स्तर पर महसूस हुई क्योंकि राज्य में ऐसा कोई कांग्रेस नेता नहीं है, जिसका असर पूरे राज्य में हो।

चूँकि कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी के कई दावेदार हैं, इसलिये पार्टी के विभिन्न प्रतिद्वन्द्वी गुटों को सँभालने की जिम्मेदारी इस युवा पार्टी महासचिव के कन्धों पर ही थी। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने परस्पर विरोधी गुटों को बखूबी सँभाला है। अगर हिमाचल की चुनावी लड़ाई में कांग्रेस की जीत हो जाती है तो प्रियंका पार्टी के एक उज्जवल सितारे के रूप में चमकेंगी तथा अगर भाजपा मतदाताओं की सत्ता-विरोधी प्रवृत्ति को पछाड़ कर, सत्ता में वापस आती है तथा प्रियंका के राजनैतिक भविष्य पर एक गम्भीर प्रश्न चिन्ह लग जायेगा।

# गुजरात में भाजपा ने 38 मौजूदा मंत्रियों एवं विधायकों के टिकट काटे

## भाजपा ने अभी 182 में से 160 उम्मीदवारों की ही लिस्ट जारी की है। पार्टी ने पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को भी टिकट दिया है

- **भाजपा ने मशहूर क्रिकेटर रविंद्र जड़ेजा की पत्नी रिवाबा सोलंकी को जामनगर सीट से मैदान में उतारा है।**

अहमदाबाद, 10 नवम्बर। गुजरात भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने कहा कि पार्टी ने अपने तीन दर्जन से अधिक मौजूदा विधायकों और कई दिग्गज नेताओं को आगामी चुनावी मुकाबले से बाहर करने के साथ अपनी गुजरात इकाई में एक पीढीगत बदलाव की शुरुआत की है।

भाजपा ने गुरुवार को कुल 182 उम्मीदवारों में से 160 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य में लगातार सातवें कार्यकाल पर नजर रखते हुए, पार्टी ने 38 मौजूदा विधायकों को गिरा दिया, जिनमें से कुछ ने स्वेच्छा से घोषणा की कि वे 1 और 5 दिसंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये हार्दिक पटेल को भी टिकट दिया है तथा मशहूर क्रिकेटर रविंद्र जड़ेजा की पत्नी रिवाबा सोलंकी को भी जामनगर से मैदान में उतारा है।

गुजरात भाजपा अध्यक्ष पाटिल ने बताया कि, अड़तीस विधायकों को बदल दिया गया है। भाजपा आमतौर पर अपने 20 प्रतिशत विधायकों को बदल देती है। चुनावी लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक है, अन्यथा यह गतिरोध को जन्म देगा। हमने कई युवाओं को टिकट दिया है। यह सूची एक पीढ़ीगत बदलाव दिखाती है।

पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल, पूर्व मंत्री भूपेंद्रसिंह चुडासमा, प्रदीप सिंह जडेजा और कुछ अन्य सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी लड़ाई से खुद को वापस ले लिया है। यह पूछे जाने पर कि ये वरिष्ठ नेता चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं। इस पर पाटिल ने कहा, "उन्होंने स्वेच्छा से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। इन सभी ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित शीर्ष पदों पर कब्जा कर लिया है। इसलिए अब वे संगठन के लिए काम करना चाहते हैं।

पार्टी ने आज जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में पाटीदार आरक्षण आंदोलन से उभरे युवा नेता हार्दिक पटेल को वीरमगाम सीट से उतारा है।

## राहुल गांधी का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकिन संसद भवन में इसी तरह से माइक स्विच ऑफ कर दिया जाता है। हम यह जानने की कोशिश में ही लगे रहते हैं कि क्या हुआ।"

उन्होंने आरोप लगाया, "चीन की सेना अन्दर घुस आई है, उसने 2000 वर्ग किलोमीटर (जमीन) पर कब्जा कर लिया है-माइक ऑफ।"

उन्होंने एक वीडियो, जिसे पार्टी के सोशल मीडिया विभाग ने ट्वीट किया है, मे कहा, "कोई मतलब नही कि हम क्या कह रहे हैं, उसे कोई नहीं सुन पायेगा, देखिये-माइक ऑफ।"

उन्होंने कहा कि कन्या कुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा बहुत जरूरी हो गई थी क्योंकि मुख्यधारा का अधिकांश मीडिया कांग्रेस की पहलों को कवर ही नहीं करता।

जब भीड़ ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसी ई.डी. के कथित दुरूपयोग का उल्लेख किया, तो उन्होंने कहा, "हम इसी ई.डी. शी-डी से डरने वाले नहीं है।"

दो दिन पहले, 2016 में ज्यादा मूल्य वाले नोटों की नोटबन्दी की छठी वर्षगाँठ पर, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने ऐसा (नोटबंदी) करके "एक आर्थिक सुनामी खुली छोड़ दी थी।

बुधवार रात को नांदेड़ में हुई एक मीटिंग में, गांधी ने कहा कि टाटा-एयरबस मिलिट्री एयरक्राफ्ट वेन्चर तथा वेदान्ता-फॉक्सकॉन सेमीकन्डक्टर प्लान्ट जैसे प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से हटाकर, गुजरात को दे दिये गये क्योंकि वहाँ चुनाव होने हैं।"

ये प्रोजेक्ट उन दो-तीन उद्योगपतियों को दे दिये जायेंगे, जो प्रधानमंत्री के मित्र हैं तथा देश का पैसा उनके हाथों में इकट्ठा होता जा रहा है। बन्दरगाह, इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेलीकॉम, कृषि क्षेत्र इन लोगों को दिये जा चुके हैं।

## पाली के पूर्व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के कई नोटिस देने के बाद भी धन जमा नहीं करवाया गया। कोर्ट की स्टे कॉपी देख ट्रांसपोर्ट नगर थाना विक्रम सिंह सांदू अपनी टीम के साथ वापस लौट गए, लेकिन बैंक की टीम दो घंटे तक वहीं रही। बैंक के वकील का दावा है कि दो कमरे सीज कर दिए गए हैं। मकान पर बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, लीगल मैनेजर, जोनल मैनजर व बैंक स्टाफ समेत पूरी टीम पुलिस जाब्ता के साथ पहुंची थी।

बैंक की टीम के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचे उदयपुर के एडवोकेट हनुमंत सिंह ने बताया कि बैंक ने सुरक्षा के लिए 2 गार्ड बैठा दिए हैं। उन्होंने बताया कि सीआई ने आंकलन रिपोर्ट फिर से करने का हवाला देकर सीज की कार्रवाई रुकवा दी।

थाना प्रभारी बोले कि इससे पहले 2019 में भी बैंक टीम मकान सीज करने पहुंची थी। उस समय पाली जिला मजिस्ट्रेट ने स्टे दिया था, जिस समय कार्रवाई नहीं की जा सकी थी। इस मामले में सीआई विक्रम सिंह सांदू का कहना है कि जिला मजिस्ट्रेट ने स्टे दे रखा है।

## दुष्कर्मी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मामले में पीड़िता ने 11 जुलाई 2020 को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। और अभियुक्त पर 19 अक्टूबर 2019 से 11 जुलाई 2020 तक दुष्कर्म करने और डरा धमका कर डेढ़ लाख रुपए वसूलने का आरोप लगाया था।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

सुनवाई के दौरान पीड़िता ने जिरह में कहा कि उसने सहमति से संबंध बनाए थे।

लेकिन अदालत ने पीड़िता के नाबालिग होने के चलते सहमति से बने संबंधों को भी दुष्कर्म की श्रेणी में माना और अभियुक्त को सजा सुनाई।

# भारतीय मूल के अमरीकी नागरिकों को उत्साहवर्धक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का भी निर्धारण करेंगे जो फिलहाल वाइट हाउस में सत्तारूढ़ है। डैमोक्रेट सरकार की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की एक सीमा से अधिक वोट बटोरने की क्षमता के कारण डेमोक्रेट्स बहुमत में हैं। हैरिस देश की उपराष्ट्रपति होने के नाते सीनेट की प्रैसिडैन्ट भी हैं। ये चुनाव परिणाम वर्ष 2014 में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनावों की जमीन तैयार करेंगे और डॉनल्ड ट्रम्प के लिए राष्ट्रपति पद का चुनाव दोबारा लड़ने में कठिनाईयां पैदा करेंगे।

अमेरिका में भारतीय मूल के करीब 40 लाख लोग हैं। भारतीय लोग अमेरिका में अन्य देशों के प्रवासियों की तुलना में सबसे अधिक धन कमाने वाले लोग हैं। उनकी औसत आय एक लाख डॉलर है, जो देश की औसत आय से लगभग दोगुनी है।

यद्यपि यहां भारतीय की आबादी अमेरिका की कुल जनसंख्या की तुलना में करीब 1 प्रतिशत ही है, लेकिन इण्डियन -अमेरिकन्स बड़े राजनीतिक डोनर्स माने जाते हैं। इन्होंने ट्रम्प के पुनः चुनाव लड़ने की मुहिम पर 1 मिलियन डॉलर्स का योगदान दिया और डैमोक्रेट्स में पार्टी अध्यक्ष का नामांकन भरने वाले कई लोगों के लिए कुल 2 मिलियन डॉलर दिए।

पी.टी.आई. की एक न्यूज़ के अनुसार इलिनॉय की आठवीं कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में 49 वर्षीय राजा कृष्णमूर्ति जीत के अच्छे अन्तर के साथ लगातार चौथी बार पुनः निर्वाचित हुए। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के अपने विरोधी उम्मीदवार क्रिस डार्गिस को पराजित किया। सिलीकॉन वैली में कैलीफोर्निया की 17वीं कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में 46 वर्षीय इण्डियन-अमेरिकन रो खन्ना से रिपब्लिकन उम्मीदवार रितेश टण्डन को हराया।

चेन्नई में जन्मी एवं हाउस ऑफ रीप्रैजेन्टेटिव्ज़ की एक मात्र महिला सीनेटर प्रमिला जयपाल ने अपने रिपब्लिकन विरोधी क्लिफ मून को वॉशिंगन स्टेट की 7वीं कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट में हराया। सत्तावन वर्षीय बेड़ा कांग्रेस में सबसे लम्बे समय तक रहने वाले इण्डियन-अमेरिकन हैं। वह वर्ष 2013 से ही कैलीफोर्निया की 7वीं कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। बेड़ा ने रिपब्लिकन प्रत्याशी टमिका हैमिल्टन को हराया है। कृष्णमूर्ति, खन्ना, जयपाल और बेड़ा देश की पूर्व संसद में भी सदस्य थे। जो भारतीय अमेरिकन देश की विभिन्न राज्य विधानसभाओं में निर्वाचित हुए हैं, उनमें पैनसिल्वेनिया में अरविन्द वेंकट और तारिक खान, टैक्सास में सलमान भोजानी और सुलेमान लालानी, मिशिगन में सैन सिंह और रंजीव पुरी, इलिथॉय में नबीला सैयद, मेगन श्रीनिवास और केविन ओलिकल, जॉर्जिया में नब्लिया इस्लाम और फ़ारूख मुगल, मैरीलैण्ड में कुमार भर्वे और ओहायो में अनिता समानी। के.पी. जॉर्ज टैक्सास कोर्ट बैंड काउन्टी जज के पद पर, मोनिया सिंह टैक्सस हैरिस काउन्टी जज और अजय रमन ऑकलैण्ड काउन्टी कमिश्नर के रूप में पुनः निर्वाचित हुए हैं।

इण्डियन-अमेरिकन उम्मीदवार कई ऐसे कड़े चुनावी मुकाबलों में फंसे, जिनमें से कईयों की जीत हो सकती है।

इनमें हैं- मिशिगन स्टेट सीनेट के लिए पद्मा कप्पा, न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट के लिए जेरेमी कूनी, पैन्सिल्वेनिया स्टेट हाउस के लिए अन्ना थॉमस, फोर्ट बैंड काउन्टी जज के लिए जूली मैथ्यू, फोर्ट बैंड काउन्टी जज के लिए सुरेन्द्रन पत्तला और इस बार टैक्सस सिटी काउन्सिल के लिए खड़े हुए ज़ोहेब क़ादरी। चुनावी दौड़ में अन्य इण्डियन अमेरिकन्स भी हैं- जैसे एरिज़ोना स्टेट सीनेट के लिए प्रिया सुन्दरेशन, ऑकलैण्ड सिटी काउन्सिल के लिए जनानी रामचन्द्रन, सॉल्ट लेक काउन्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के लिए सिम गिल और वॉशिंगटन स्टेट सीनेट के लिए मानका धींगड़ा।

## क्या राजस्थान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनका सर्वनाश हो रहा है। स्थिति बद से बदतर होती जा रही है तथा वरिष्ठ नेता सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे पर कटाक्ष एवं प्रहार कर रहे हैं।

खाचरियावास और महेश जोशी एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी कर चला रहे हैं। स्थिति के और भी खराब होने की सम्भावना है क्योंकि गहलोत कमजोर होते जा रहे हैं तथा अपनी सरकार को एकजुट बनाये रखने में असमर्थ हो गये हैं तथा वे खासतौर से, अपने अस्तित्व को सुनिश्चित रखने पर फोकस कर रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908